22 अक्टूबर, 2025
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 11, अंक 04

अंतरराष्ट्रीय खेल महाकुंभ की मेजबानी के लिए राजधानी तैयार

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN

Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

लोक आस्था के महापर्व के साथ और धारदार होगा बिहार का चुनावी पर्व

- हर दल आपसी खटास मिटाने में लगे फोकस सिर्फ और सिर्फ जीत पर
- महागठबंधन में खींचतान, इंडिया-एनडीए दोनों में सीएम का चेहरा नहीं
- बिहार चुनाव में दूसरे चरण के लिए नामांकन संपन्न, 11 नवंबर को मतदान



आजाद सिपाही संवाददाता

पटना । बिहार में विधानसभा चुनाव की गहमा-गहमी के बीच लोक आस्था के महापर्व की तैयारियां भी पूरे परवान पर हैं। राज्य के सबसे बड़े लोकपर्व के साथ लोकतंत्र के महापर्व, यानी चुनावी पर्व और धारदार होगा। वैसे चुनावी रणभेरी तो बिहार चुनाव की तारीखों के एलान के बाद ही बज चुकी है। चार दिवसीय छठ पूजा में शामिल होने देश के कोने-कोने से लोग अपने घर आयेंगे और इसी गहमा-गहमी में राजनीतिक दल अपने चुनाव प्रचार को भी धारदार बनायेंगे। इस लिहाज से इस बार का छठ महापर्व धार्मिक आस्था के साथ लोकतांत्रिक आस्था के संगम का सुखद संयोग बन गया है। एक तरफ जहां हर दल आपसी खींचतान को सुलझाने में लगे हुए हैं, उम्मीद जतायी जा रही है कि छठ महापर्व तक सब कुछ ट्रैक पर आ जायेगा और चुनावी शंखनाद होगा। दूसरे चरण का चुनाव 11 नवंबर को होगा। सोमवार को इसके लिए नामांकन पूरा हो गया।

झारखंड तक में महसूस की जा रही है चुनावी तपिश

चुनाव की राजनीतिक तपिश बिहार से लेकर झारखंड तक है। महागठबंधन में खींचतान जारी है। राजद और कांग्रेस ने 12 सीटों पर एक-दूसरे खिलाफ उम्मीदवार दे दिया है। वहीं, ऐसा पहली बार हुआ है कि इंडिया और एनडीए दोनों गठबंधन में से किसी ने भी मुख्यमंत्री के चेहरे को साफ नहीं किया है। यानी चुनाव नतीजे पर बहुत कुछ निर्भर करता है। उधर, झामुमो ने बिहार की राजनीति का असर झारखंड में भी हो रहा। झामुमो को बिहार चुनाव में गठबंधन में एक भी सीट नहीं मिला। जबकि पार्टी ने छह सीटों पर उम्मीदवार देने की घोषणा कर दी थी। राजनीतिक खींचतान के बीच झामुमो एक भी उम्मीदवार नहीं उतार पाया। झारखंड में भी गठबंधन की गांठ ढीली पड़ रही है। इस बीच सासाराम से झारखंड पुलिस ने राजद के एक उम्मीदवार को गिरफ्तार किया है। इसे भी इसके साथ ही जोड़ कर देखा जा रहा है। हालांकि बिहार के सबसे बड़े पर्व छठ होने वाला है। जो सभी राजनीतिक दलों को मतदाताओं को अपने करीब लाने का एक बड़ा मंच होगा। हर दल खटास मिटा कर अपनी जीत सुनिश्चित करने में लगेंगे।

23 अक्टूबर को होगी तस्वीर साफ समझौता हुआ या नहीं

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी फेज के लिए नॉमिनेशन की प्रक्रिया सोमवार को खत्म हो गयी। चुनाव आयोग के मुताबिक, पहले फेज के चुनाव के लिए कुल 1,314 उम्मीदवार मैदान में हैं। 300 से अधिक प्रत्याशियों के पर्चे खारिज हो गये। 61 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिये। 243 सदस्यीय विधानसभा की 121 सीटों पर 6 नवंबर और दूसरे फेज की 122 सीटों के लिए 11 नवंबर को मतदान होना है। दूसरे फेज के प्रत्याशियों की स्थिति 23 अक्टूबर तक साफ होगी। राजद और कांग्रेस जिन सीटों पर आमने-सामने है, वहां किसी के प्रत्याशी नाम वापस लेते या नहीं, या 12 सीटों पर आमने-सामने की लड़ाई होगी, यह सब तब तक साफ हो जायेगा।

एनडीए और महागठबंधन ने एक-एक सीट बिना लड़े ही गंवा दी

पटना (आजाद सिपाही)। बिहार चुनाव से पहले ही एनडीए और महागठबंधन ने एक-एक सीट बिना लड़े ही गंवा दी है। पूर्वी चंपारण की सुगौली सीट से मुकेश सहनी की वीआइपी के प्रत्याशी शशि भूषण का नामांकन रद्द हो गया है। बताया जा रहा है नामांकन पत्रों की जांच के दौरान कुछ तकनीकी खामियां पायी गयीं है। जिसके चलते नामांकन रद्द कैंसिल किया गया है। बताते चलें कि सुगौली से शशि भूषण राजद के निवर्तमान विधायक हैं। इससे पहले एनडीए की प्रत्याशी सीमा सिंह का मढ़ौरा सीट से नामांकन रद्द हुआ था।

जन सुराज के तीन उम्मीदवार को भाजपा ने जबरन बिठा दिया : प्रशांत किशोर

पटना (आजाद सिपाही)। बिहार विधानसभा चुनाव के बीच जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाये हैं। पीके ने कहा कि बिहार चुनाव में सूरत जैसा कांड रिपीट हुआ है। जिस तरह लोकसभा चुनाव के दौरान सूरत में भाजपा ने सभी विरोधी उम्मीदवार को बैठा दिया था, उसी तरह बिहार में तीन सीटों पर जन सुराज के उम्मीदवार पर दबाव बनाकर चुनाव लड़ने से रोका गया। उन्होंने कहा कि दानापुर, गोपालगंज और ब्रह्मपुर सीट पर गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान समेत अन्य भाजपा नेताओं ने दबाव बनाकर जन सुराज के प्रत्याशियों को नामांकन नहीं करने या नॉमिनेशन वापस लेने के लिए मजबूर किया।

सासाराम से राजद प्रत्याशी को झारखंड पुलिस ने किया गिरफ्तार

गढ़वा पुलिस बिहार से लेकर आयी, न्यायिक हिरासत में भेजे गये

सत्येंद्र साह के विरुद्ध गढ़वा थाना में वर्ष 2004 में दर्ज हुआ था डकैती का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा पुलिस ने सोमवार को बिहार के सासाराम से महागठबंधन के प्रत्याशी सत्येंद्र साह को गिरफ्तार किया था। उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बिहार पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार करने के बाद स्थानीय पुलिस उसे गढ़वा ले आयी। बताया जाता है कि यह गिरफ्तारी उस समय हुई, जब सत्येंद्र साह बिहार विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण के नामांकन के अंतिम दिन सासाराम में निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय से राजद के प्रत्याशी के रूप में नामांकन कर बाहर निकले थे। जानकारी के अनुसार सत्येंद्र साह वर्ष 2004 में गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरौंजिया मोड़ पर बैंक की राशि लूटने के एक मामले में आरोपित हैं। उनके विरुद्ध थाना कांड संख्या 320/2004 में आइपीसी की धारा 395, 397 एवं 120 बी के तहत मामला दर्ज है। इस मामले में वे फरार चल रहे थे। इस मामले में गढ़वा व्यवहार न्यायालय से वर्ष 2018 से ही स्थायी वारंट जारी किया गया था। गढ़वा के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने भी इस मामले की पुष्टि की है।

न्यायिक हिरासत में भेजा गया: गढ़वा पुलिस सत्येंद्र साह को ले कर आयी। उन्हें अदालत में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इधर, गढ़वा में भी इस गिरफ्तारी को लेकर राजनीतिक हल्कों में काफी चर्चा हो रही है। माना जा रहा है कि इस घटना से महागठबंधन को झटका लगा है।

सत्येंद्र के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ था

बताया जा रहा है कि सत्येंद्र साह बिहार के रोहतास जिले के करहगर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। उनके विरुद्ध 21 वर्ष पुराने मामले में न्यायालय से निर्गत लाल वारंट के तामिला के लिए गढ़वा पुलिस ने रोहतास जिले के करहगर थाना पुलिस के संपर्क में थी। बताया जाता है कि सूचना मिलने के पश्चात सत्येंद्र साह की गिरफ्तारी की तैयारी में सासाराम में निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय परिसर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थी। सासाराम विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी सत्येंद्र साह को रोहतास जिले के करहगर थाना पुलिस ने उस वक्त दबोच लिया, जब वे नामांकन दाखिल कर बाहर निकल रहे थे। इसके बाद

करहगर थाना पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर सत्येंद्र साह को गढ़वा पुलिस को सौंप दिया।

कांग्रेस-राजद ने गठबंधन धर्म तोड़ाः सुदिव्य सोनू

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड की सियासत में तेज हलचल है। झारखंड सरकार के मंत्री और गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने सोमवार को झामुमो का बिहार विधानसभा चुनाव में हिस्सा नहीं लेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पार्टी किसी भी सीट पर उम्मीदवार नहीं उतारेगी और न ही महागठबंधन के पक्ष में प्रचार अभियान में शामिल होगी। सुदिव्य सोनू ने कांग्रेस और राजद पर गठबंधन धर्म तोड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बिहार में सीट बंटवारे के मुद्दे पर झामुमो को लगातार उलझाये रखा गया और अंतिम समय तक सीटों को लेकर कोई स्पष्ट प्रस्ताव नहीं दिया गया। इससे पार्टी नेतृत्व में नाराजगी है और अब झामुमो ने चुनावी मैदान से अलग रहने का निर्णय लिया है।

कांग्रेस और राजद ने किया राजनीतिक छल : मंत्री ने कहा कि झारखंड में झामुमो ने गठबंधन धर्म निभाते हुए कांग्रेस और राजद दोनों दलों को पूरा सम्मान दिया। उन्होंने याद दिलाया कि झामुमो ने कई सीटें छोड़ीं और साझी सरकार में सहयोगियों को मंत्री पद तक दिया। फिर भी बिहार में झामुमो के साथ राजनीतिक अन्याय किया गया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मित्रता का मान रखना गठबंधन की आत्मा होती है। बिहार में हमारे साथ राजनीतिक छल किया गया। झामुमो ने हमेशा सहयोग की भावना से काम किया, मगर जब हमारी बारी आई तो हमें नजरअंदाज कर दिया गया।

धूर्त कहना आपत्तिजनक और पीड़ादायक : कैलाश यादव

रांची (आजाद सिपाही)। राजद प्रदेश राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री झामुमो नेता शुदिव्य सोनू द्वारा राजद नेताओं के लिए धूर्त शब्द प्रयोग करने पर आपत्ति जतायी है और कहा कि यह बयान काफी पीड़ादायक है। यादव ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में राजद सबसे ताकतवर और बड़ी पार्टी है एवं इंडिया गठबंधन के नेता तेजस्वी यादव हैं। बिहार में मुख्य मुकाबला राजद गठबंधन एवं एनडीए से है। झामुमो प्रमुख झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजद के दिल में हैं और सम्मानित नेता हैं। बिहार में किसी कारण से झामुमो का सीट शेयरिंग में जगह नहीं मिलना अफसोसजनक है, लेकिन इसको लेकर झामुमो नेता मंत्री द्वारा राजद नेताओं को अपशब्द बोलना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि बिहार में परिवर्तन होना सुनिश्चित है। इस बार तेजस्वी के नेतृत्व में राजद गठबंधन की सरकार बनना तय है।

एशिया कप ट्रॉफी विवाद : बीसीसीआइ ने नकवी को इ-मेल भेजा, ट्रॉफी देने की मांग की

एसीसी चीफ नहीं माने तो आइसीसी में शिकायत होगी

आजाद सिपाही संवाददाता



नयी दिल्ली। बीसीसीआइ ने एशिया कप ट्रॉफी जल्द से जल्द भारत को सौंपने के लिए एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के चीफ मोहसिन नकवी को इमेल किया है। अगर नकवी आनाकानी करते हैं, तो फिर मामले को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) में उठाया जायेगा। बीसीसीआइ सचिव देवजीत सैकिया ने एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन भी हैं। सैकिया ने कहा, हम नकवी के जवाब का इंतजार कर रहे हैं। अगर वो जवाब नहीं देते या कोई निगेटिव जवाब देते हैं तो एसीसी में शिकायत की जायेगी।

बताते चलें कि भारतीय टीम ने 28 सितंबर को एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। जीत के बाद टीम ने नकवी के हाथों एशिया कप ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। भारत ने यह स्टैंड पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में लिया था। इसके बाद मोहसिन नकवी ट्रॉफी लेकर दुबई के होटल चले आये थे। फिर पाकिस्तान जाने से पहले उन्होंने ये ट्रॉफी दुबई स्थित एसीसी ऑफिस में छोड़ दी थी। बाद में नकवी ने कहा था कि उनकी मर्जी के बिना कोई भी ट्रॉफी को हाथ नहीं लगा सकता। अगर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव चाहें तो एसीसी दफ्तर आकर ट्रॉफी ले जा सकते हैं।

चौपाटी रेस्टोरेंट मालिक हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई

निलंबित पुलिसकर्मी समेत तीन गिरफ्तार

हथियार, दो लाख रुपये नगद और वाहन बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची पुलिस को धनतेरस की रात चौपाटी रेस्टोरेंट हत्याकांड में बड़ी सफलता मिली है। मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह की मुठभेड़ में गिरफ्तारी के बाद, पुलिस ने अब तीन अन्य संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया है। जिनमें निलंबित कांस्टेबल हरेंद्र सिंह भी शामिल है। जिसे अपराध में इस्तेमाल हथियार मुहैया कराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इस अभियान में हथियारों और पैसों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। दो पिस्तौल, एक देसी बंदूक, दो दर्जन से ज्यादा ज़िंदा कारतूस, दो लाख रुपये नकद और हत्या की कार। हरेंद्र सिंह के घर से एक अवैध राइफल भी बरामद की गयी है। पुलिस ने बताया कि हत्या तीन हमलावरों ने की थी और कांके पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी में चार लोगों का नाम दर्ज है। हिरासत में हरेंद्र सिंह, प्रशांत, अभिषेक सिंह का सहयोगी और हरेंद्र का ड्राइवर को लिया गया है। पुलिस ने कहा कि जांच में पता चला कि हरेंद्र सिंह, जो पुलिस सेवा से निलंबित है और कथित तौर पर जमीन के लेन-देन में फंसा है, का पीड़िता के साथ पैसों को लेकर झगड़ा हो सकता है। उसके खिलाफ पहले से ही तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। अमित नाम का एक और संदिग्ध फरार है। उसकी तलाश जारी है।

लोकपाल ने बीएमडब्ल्यू कार खरीदने के लिए टेंडर निकाला

एक कार की कीमत 70 लाख रुपये से ज्यादा, सात गाड़ियां खरीदेगा

अजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। भारत के लोकपाल कार्यालय ने सात हाइ-एंड बीएमडब्ल्यू 330 एलआइ लांग व्हील बेस लग्जरी कार खरीदने के लिए एक सार्वजनिक टेंडर जारी किया है। प्राप्त जानकारी के अुसार यह कदम भ्रष्टाचार विरोधी संस्था की अपनी प्रशासनिक और लाजिस्टिक व्यवस्था को मजबूत करने का हिस्सा है। टेंडर के अनुसार, हर कार की कीमत 70 लाख रुपये से अधिक है। कुल सात कारों की लागत पांच करोड़ रुपये से ज्यादा होने की उम्मीद है। यह टेंडर 16 अक्टूबर को जारी हुई थी। टेंडर प्रक्रिया सबके लिए खुली है। लोकपाल ऑफिस ने इच्छुक पक्षों से 7 नवंबर से पहले अपनी बोली जमा करने को कहा गया है। बोली 7 नवंबर से शुरू होगी। कार डिलीवर होने के बाद बीएमडब्लू लोकपाल के ड्राइवरों और स्टाफ को सात दिन की ट्रेनिंग देगी, जिसमें गाड़ियों के सिस्टम और उनके सही इस्तेमाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी जायेगी। यह खरीद लोकपाल की परिचालन और प्रशासनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए की जा रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

बिहार चुनाव में झारखंड की सबसे बड़ी पार्टी झामुमो को राजद और कांग्रेस ने धोखा दिया

- जेएमएम ने हर चुनाव में बड़े भाई की भूमिका और गठबंधन धर्म शिद्दत से निभाया
- जब जेएमएम को जरूरत पड़ी, तो बिहार का बड़ा भाई राजद 'स्वार्थी चाचा' निकल गया
- कांग्रेस को हेमंत ने अपने मजबूत कंधों का सहारा दिया, लेकिन जब कर्ज चुकाने का वक्त आया, तो पीठ दिखा दी
- यह कैसा गठबंधन धर्म है, जहां हर बार जेएमएम को ही त्याग करना पड़ता है
- आज के दौर में जहां राजनीति, निजी हितों को साधने के लिए की जा रही हो वहां सीएम हेमंत सोरेन ने गठबंधन धर्म का पालन पूरी इमानदारी से किया है

आजाद सिपाही विशेष

बिहार विधानसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने का समय खत्म हो गया है। झारखंड के पड़ोसी राज्य बिहार का यह चुनाव यदि किसी बात के लिए याद रखा जायेगा, तो वह विपक्षी महागठबंधन में जारी उठापटक और विरोधाभासों के लिए। इसके अलावा बिहार के इस चुनाव में राजनीतिक धोखाधड़ी भी खूब हुई है। खास कर झारखंड की सबसे ताकतवर और सबसे बड़ी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ। जेएमएम ने अपने दो सहयोगियों, कांग्रेस और राजद की धोखाधड़ी से आहत होकर बिहार चुनाव से अलग रहने का फैसला किया है, लेकिन उसका यह फैसला दूरगामी राजनीतिक समीकरणों का संकेत भी देता है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जेएमएम ने हमेशा गठबंधन धर्म का इमानदारी से पालन किया और हर मोर्चे पर अपने सहयोगी दलों का साथ दिया, लेकिन इसके बदले में बिहार में इस पार्टी के साथ जो सलूक किया गया है, उससे पूरा झारखंड आहत ही नहीं, गुस्से में है। जेएमएम ने बिहार चुनाव से खुद को अलग कर राजद और कांग्रेस को साफ तौर पर संदेश दे दिया है कि अब उसके धैर्य का बांध टूट सा गया है और गठबंधन धर्म का पालन अकेले उसकी जिम्मेदारी नहीं है। जेएमएम की ताकत आंकनी हो, या यूं कहें हेमंत सोरेन की ताकत आंकनी हो, तो उनकी यह मात्र ऐसी पार्टी है, जो अपने सहयोगियों को अपने मजबूत कंधे पर बिठा 2019 और 2024 के विधानसभा चुनाव की नैया पार करा पायी। हेमंत सोरेन की भूमिका सिर्फ चुनाव जिताने में अहम नहीं रही, बल्कि अपने सहयोगी दलों को मलाइदार मंत्री पद भी दिये। आज के दौर में जहां राजनीति, निजी हितों को साधने के लिए किया जा रहा हो, वहां हेमंत सोरेन ने गठबंधन धर्म का पालन पूरी ईमानदारी से किया है। ऐसा कहां देखने को मिलता है। हेमंत सोरेन राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं। वह तुरंत रियेक्ट नहीं करते। लेकिन बात अब स्वाभिमान की है। ऐसा झामुमो का भी मानना है। जाहिर है, जेएमएम के इस फैसले का असर झारखंड की राजनीति पर भी पड़ेगा। बिहार चुनाव से अलग होने के जेएमएम के फैसले का क्या है सियासी कारण और क्या हो सकता है इसका परिणाम, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**

राकेश सिंह
संपादक

अंतिम वक्त तक महागठबंधन ने जेएमएम को उलझाये रखा

बिहार चुनाव में झारखंड की सबसे बड़ी पार्टी झामुमो को राजद और कांग्रेस ने धोखा दिया है। यह कहना है झामुमो के कद्दावर नेता, झारखंड सरकार के मंत्री सह गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू का। वैसे उनका यह कहना कहीं से भी गलत नहीं लगता है। जिस तरह से अंतिम वक्त तक महागठबंधन ने जेएमएम को उलझाये रखा, उससे तो यही लगता है कि महागठबंधन की मंशा ही नहीं थी कि जेएमएम बिहार महागठबंधन का हिस्सा हो। यह जेएमएम के साथ छलावा नहीं तो और क्या है। नामांकन की अंतिम तिथि और अंतिम समय तक महज दो सीटों के लिए महागठबंधन, जो अब महज दिखावे के लिए गठबंधन रह गया है, जेएमएम को आश्वासन देने के बावजूद समझौता नहीं किया। समय निकल गया और जेएमएम चुनाव में भाग नहीं ले पाया। जानकारों की मानें तो आखिरी वक्त तक जेएमएम की ओर से यहां तक कहा गया कि इन दोनों सीटों पर राजद अपना प्रत्याशी दे दे ओर सिंबल जेएमएम का इस्तेमाल कर ले, फिर भी महागठबंधन इस पर राजी नहीं हुआ।

हेमंत सोरेन ने हर मौके पर बड़ा दिल दिखाया

जबसे हेमंत सोरेन ने जेएमएम की कमान संभाली है, हर बार उन्होंने बड़ा दिल दिखाया। गठबंधन धर्म का पालन पूरी शिद्दत से किया। पूरी शालीनता से अपने सहयोगी दलों का सम्मान किया। झारखंड में राजद और कांग्रेस को अपने मजबूत कंधों का सहारा देने के साथ मंत्रिपद की मलाई भी दी। लेकिन जब बिहार में गठबंधन धर्म का पालन करने का वक्त आया, तो राजद वह 'लालची चाचा' निकला, जो पिता के जाने या कमजोर होने के बाद संपत्ति हड़प लेता है। राजद ने बिहार में जेएमएम के साथ ऐसा ही छलावा किया। कांग्रेस ने भी वक्त आने पर जेएमएम का साथ नहीं दिया और पीठ दिखा मुंह फेर लिया। यह कैसा गठबंधन धर्म है, जहां हर बार जेएमएम को ही त्याग करना पड़ता है।



क्या हर मौके पर बड़ा भाई ही कुर्बानी देगा

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 2019 और 2024 के झारखंड विधानसभा चुनावों में राजद और कांग्रेस को सम्मानजनक सीटें दी थी। 2019 के विधानसभा चुनाव में राजद को सीट बंटवारे में जेएमएम ने सात सीटें दी थी। इसमें राजद मात्र एक सीट पर चुनाव जीत सका था। बड़ा दिल दिखाते हुए जेएमएम प्रमुख मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने मंत्रिमंडल में राजद को मंत्री पद दिया था। वहीं कांग्रेस को उस चुनाव में 31 सीटें दी गयी थी, जिसमे उसने 16 सीटों पर जीत दर्ज की थी। हेमंत सोरेन कैबिनेट में उसके चार मंत्री बनाये गये थे। फिर 2024 के विधानसभा चुनाव में राजद को सीट बंटवारे के तहत छह सीटें मिली थी। राजद ने चार सीटों पर जीत दर्ज की और हेमंत कैबिनेट में उसे फिर से एक मंत्रिपद हासिल हुआ। वहीं इस चुनाव में कांग्रेस को 30 सीटें दी गयी थी, जिसमें उसने 16 सीटों पर जीत दर्ज की थी और इस बार भी कांग्रेस के चार मंत्री बनाये गये। यहां समझने वाली बात यह है कि झारखंड में जिन इलाकों में राजद ने जीत दर्ज की, वहां कहा जा सकता है कि राजद का प्रभाव तो है, लेकिन उसकी जीत अकेले की नहीं थी। झारखंड में जो हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन बना था, उसका असर ज्यादा था। यानी यहां भी जेएमएम के प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता। कांग्रेस की बात करें, तो 2019 और खासकर 2024 का चुनाव उसने हेमंत सोरेन के मजबूत कंधे के सहारे ही लड़ा। दोनों चुनावों में उसने 16-16 सीटों पर जीत दर्ज की। इक्का-दुक्का सीटों को छोड़ दिया जाये, तो ज्यादातर सीटों पर जेएमएम, या यूं कहें हेमंत सोरेन का प्रभाव अधिक था। इन परिस्थितियों का विश्लेषण किया जाये, तो जेएमएम ने हर बार कुर्बानी तो दी है। हर बार उसने बड़ा दिल भी दिखाया है। सम्मान दिया। मौका दिया। लेकिन जब बारी जेएमएम को सपोर्ट करने की आयी, तो इन दोनों पार्टियों राजद और कांग्रेस ने ठेंगा दिखा दिया। साफ शब्दों में कहा जाये, तो छल किया। नैतिकता को तिलांजलि दे दी गयी।

झारखंड में राजद-कांग्रेस के प्रति रोष

इन दोनों पार्टियों की करतूत से झारखंड के लोगों में रोष है, क्योंकि जेएमएम झारखंड की सबसे बड़ी पार्टी है। क्षेत्रीय पार्टी होने के नाते जेएमएम को जिस प्रकार से बिहार चुनाव में महागठबंधन ने किनारे किया, झारखंड में भी इसका असर देखने को मिलेगा। जिस प्रकार से हेमंत सोरेन बड़े भाई की भूमिका निभाते हुए झारखंड के चुनावों में गठबंधन धर्म निभाते आये हैं, वह एक मिसाल है। उन्होंने बड़े भाई होने का अपना कर्तव्य निभाया। लेकिन कहते हैं न कि आदिवासी सीधे होते हैं। उन्हें छलावा नहीं आता। ना ही वह उल्टा-पुल्टा समझते हैं। वे सीधा बोलने में विश्वास करते हैं। हेमंत सोरेन को क्या पता था कि बड़े भाई को हमेशा की तरह कुर्बानी ही देनी पड़ेगी। बिहार में तो बड़े भाई की भूमिका में राजद था, लेकिन राजद वह 'चाचा' निकला, जो पिता के जाने या कमजोर होने के बाद संपत्ति हड़प लेता है। राजद ने बिहार में जेएमएम के साथ ऐसा ही छलावा किया। ठीक राजद के छोटे भाई कांग्रेस ने भी वही काम किया।

क्या कहा था सुप्रियो भट्टाचार्य ने

इससे पहले जेएमएम ने महागठबंधन के सामने कुछ सीटों का प्रस्ताव रखा था। उसके बाद जानकारी मिली कि तेजस्वी जेएमएम को मात्र दो सीटें चकाई और कटोरिया दे रहे थे। फिर जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस की। कहा गया कि जेएमएम बिहार में छह सीटों पर चुनाव लड़ेगा। उसके बाद महागठबंधन द्वारा राजनीतिक प्रपंच की बातें उठनी शुरू हुई। सुप्रियो ने कहा कि जिन सीटों पर एनडीए के खिलाफ हमारे कार्यकर्ता लंबे समय से संघर्ष करते आ रहे हैं, वो सीटें हमें मिलनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि, झारखंड में हमने 2019 में भी राजद, कांग्रेस को अपना समर्थन दिया था। उनको अपनी सीटें दी थी। राजद को तो केवल सीटें ही नहीं दी, बल्कि विजयी उम्मीदवार को पांच सालों तक मंत्री बनाया। यही नहीं, सम्मानजनक तरीके से उनको मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी तमाम यात्राओं, कार्यक्रमों में प्रमुखता से स्थान दिया। 2024 के चुनाव में हम लोगों ने राजद को छह सीटें दी और उनके विजयी एक प्रतिनिधि को अभी के वर्तमान कैबिनेट में महत्वपूर्ण स्थान दिया है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हम लोगों ने फैसला किया है कि चकाई, धमधाहा, कटोरिया, मनिहारी, जमुई और पीरपैंती विधानसभा में प्रत्याशी उतारेंगे। इसमें कटोरिया और मनिहारी अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट है और पीरपैंती अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। लेकिन जेएमएम को महागठबंधन ने आखिरी समय तक उलझाए रखा और समय भी पार हो गया। नतीजा जेएमएम बिहार चुनाव का हिस्सा नहीं रहा।

दोनों दलों ने राजनीतिक धूर्तता की मिसाल पेश की है: सुदिव्य सोनू

झारखंड सरकार के मंत्री सह गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने सोमवार को कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा अब बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेगा। पार्टी किसी भी सीट पर उम्मीदवार नहीं उतारेगी और न ही महागठबंधन के किसी दल के पक्ष में प्रचार करने जायेगी। उन्होंने कहा कि झामुमो राजद और कांग्रेस के धोखे का शिकार हुआ है। इन दोनों दलों ने राजनीतिक धूर्तता की मिसाल पेश की है। इसका जेएमएम प्रतिकार करेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में सीट बंटवारे को लेकर झामुमो को लगातार उलझाये रखा गया और अंतिम समय तक स्पष्ट प्रस्ताव नहीं दिया गया। इससे आहत होकर पार्टी ने चुनावी मैदान से अलग होने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि चाहे वह 2014, 2019 या फिर 2024 का झारखंड विधानसभा चुनाव हो, जेएमएम ने राजद को हरसंभव मदद करने की कोशिश की थी। कांग्रेस को भी हरसंभव मदद की गयी थी। झारखंड में झामुमो ने बड़े भाई की भूमिका निभाते हुए राजद और कांग्रेस को सम्मान दिया, कई सीटें छोड़ीं। राजद ने 2019 में एक सीट जीती थी, फिर भी उसे एक मंत्री पद दिया गया था। 2024 में चार सीट जीती, दुबारा एक मंत्री पद दिया गया। वहीं कांग्रेस को 2019 और 2024 में चार-चार मंत्री पद दिये गये। सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि गठबंधन धर्म का पालन करना किसी भी राजनीतिक संगठन के लिए बड़ा महत्वपूर्ण होता है। गठबंधन धर्म में दो भाई एक-दूसरे के हितों का ख्याल रखते हैं। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में और राजद और कांग्रेस ने तीन सीटें देने का आश्वासन दिया था, लेकिन आखिरी वक्त पर इन तीनों सीटों को राजद, कांग्रेस और जदयू ने एक-एक कर बांट लिया और जेएमएम को धोखा मिला। बिहार चुनाव में जो धोखा हमें मिला है, वह निश्चित रूप से झारखंडी भावनाओं को आहत करने वाला है। झारखंडी चेतना को दिया हुआ धोखा झारखंड के लोग नहीं भूलते हैं। हम प्रतिकार करेंगे। जेएमएम इस देश के आदिवासियों की मजबूत आवाज है। आदिवासियों की आवाज को दबाने की कोशिश की गयी है। इसका खामियाजा राजद और कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा। बिहार में झामुमो के साथ राजनीतिक छल किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस निर्णय का असर झारखंड की राजनीति पर भी देखने को मिलेगा और बहुत जल्द पार्टी इस मामले में आगे की रणनीति तय करेगी। मंत्री ने कांग्रेस पर यह भी आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन की महत्वपूर्ण पार्टी होने के बावजूद उसने न तो मध्यस्थता की और न ही स्पष्ट रुख अपनाया। मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि राजद और कांग्रेस दोनों ही समान रूप से दोषी हैं। जाहिर है झामुमो के इस फैसले ने न केवल बिहार चुनाव में महागठबंधन के समीकरणों को प्रभावित किया है, बल्कि झारखंड की राजनीति में भी नये सियासी तनाव के संकेत दे दिये हैं।

घाटशिला उपचुनाव में नामांकन की प्रक्रिया समाप्त : 17 प्रत्याशी चुनावी मैदान में, अंतिम दिन 6 लोगों ने भरा पर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

घाटशिला । जमशेदपुर के घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर तैयारी तेज है। मंगलवार को नामांकन की प्रक्रिया समाप्त हो गयी। मंगलवार को कुल 6 लोगों ने नामांकन दाखिल किया। इसमें निर्दलीय प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह, विक्रम किस्कु, रामकृष्ण कांति महाली, बसंत कुमार टोपनो, रामदास मुर्मू ने

नामांकन किया। इसके अलावा जेएलकेएम प्रत्याशी के रूप में निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। मंगल मुर्मू ने राष्ट्रीय सनातन पार्टी प्रत्याशी के रूप में निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। इस तरह कुल 17 लोग चुनावी मैदान में अब डट गये है। 22 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 24 अक्टूबर तक नाम वापसी की अंतिम तिथि है।

नामांकन करने वालों की सूची

- परमेश्वर टुडू, निर्दलीय
- श्रीलाल किस्कू, निर्दलीय
- बाबूलाल सोरेन, भाजपा
- सोमेश चंद्र सोरेन, झामुमो
- पार्वती हांसदा, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया(डेमोक्रेटिक)
- मनसा राम हांसदा, निर्दलीय प्रत्याशी
- नारायण सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी
- विकास हेंब्रम, निर्दलीय
- पंचानन सोरेन, भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी)
- मालती टुडू, निर्दलीय
- दुखीराम मार्डी, आपकी विकास पार्टी
- बसंत कुमार तोपनो, निर्दलीय
- रामदास मुर्मू, जेएलकेएम
- मंगल मुर्मू, राष्ट्रीय सनातन पार्टी
- मनोज कुमार सिंह, निर्दलीय
- विक्रम किस्कु, निर्दलीय
- रामकृष्ण कांति माहली, निर्दलीय

पहले लोग शाम को घर से बाहर निकलने में डरते थे, आज पूरे बिहार में कोई भय में नहीं : नीतीश

आजाद सिपाही संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सीएम नीतीश कुमार ने बिहार चुनाव को लेकर मंगलवार को मुजफ्फरपुर में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने यहां अपने 20 साल के कार्यकाल के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि पहले लोग शाम को घर से बाहर निकलने में डरते थे। आज पूरे बिहार में कोई भय में नहीं रहता है। नीतीश कुमार ने कहा, हमारी

सरकार लगातार 20 वर्षों से विकास के कामों में लगी हुई है, लेकिन हम लोगों के पहले जो सरकार थी, उसकी क्या स्थिति थी, वो याद कीजिए। शाम के समय के बाद लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे। समाज में कितना विवाद था। शिक्षा की भी यही स्थिति थी। सड़कें बहुत कम थीं और बिजली भी बहुत कम घरों में थी। लेकिन जब हमें मौका मिला, तो हमने सभी लोगों के लिए काम किया। अब किसी प्रकार के डर या भय का वातावरण नहीं है। राज्य में प्रेम, भाइचारे और शांति का माहौल है।

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	31.8 °c	20.4 °c
सूर्यास्त (आज) :	17.18 बजे	
सूर्योदय (कल) :	05.48 बजे	

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 22 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in

सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप की जर्सी का हुआ विमोचन, 24 अक्टूबर से शुरू होगी प्रतियोगिता

अंतरराष्ट्रीय खेल महाकुंभ की मेजबानी के लिए राजधानी तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी रांची अब अंतरराष्ट्रीय खेल महाकुंभ की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में आगामी 24 से 26 अक्टूबर तक चौथी साउथ एशियन (सैफ) एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन होगा। इस भव्य आयोजन की तैयारियों की जानकारी साझा करने के लिए मंगलवार को खेल निदेशालय रांची में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गयी। इस मौके पर खेल निदेशक शेखर जमुआर और झारखंड एथलेटिक्स संघ के महासचिव सह सैफ 2025 के आयोजन समिति के संयोजक मधुकांत पाठक ने मीडिया को संबोधित किया। इसी दौरान सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 की आधिकारिक जर्सी का विमोचन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह जर्सी इस आयोजन की एकता, प्रतिस्पर्धा और खेल भावना का प्रतीक है। खेल निदेशक ने बताया कि चैंपियनशिप की सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।

दक्षिण एशियाई देशों के खिलाड़ियों का रांची पहुंचना शुरू हो गया है। भारत के खिलाड़ियों के साथ-साथ बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, भूटान और मालदीव की टीमें 22 अक्टूबर तक रांची पहुंच जायेगी। खिलाड़ियों के ठहरने, अभ्यास और परिवहन की सभी व्यवस्थाएं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार की गयी है। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप का भव्य उद्घाटन 24 अक्टूबर की शाम 6 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किया जायेगा। इस समारोह में कई विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन और समापन दोनों अवसरों पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी की जा रही है। इसके लिए लगभग 500 कलाकारों की टीम, जिसमें कोरियोग्राफर। नर्तक और लोक कलाकार शामिल हैं, जो अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे। खिलाड़ियों, स्वयंसेवकों और मीडिया प्रतिनिधियों के लिए एक्रेडिटेशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया जारी है। जिला स्तर पर भी सभी तैयारियों को लेकर समन्वय किया जा रहा है ताकि युवाओं और विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के खिलाड़ियों को भी इस आयोजन में आमंत्रित किया गया है और उनके ठहरने की व्यवस्था खेलगांव में की गयी है। खेल निदेशक ने कहा कि यह आयोजन झारखंड की प्रतिष्ठा और पहचान से जुड़ा हुआ है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं अंतरराष्ट्रीय मानकों और एसओपीएस के अनुरूप की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एथलीटों की पूरी बिब लिस्ट आयोजकों और मीडिया के साथ साझा की जा चुकी है, जिसमें कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के एथलीट शामिल हैं। पूरे आयोजन का लाइव प्रसारण दूरदर्शन पर किया जायेगा, साथ ही यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीमिंग की भी व्यवस्था होगी, ताकि दुनिया भर के दर्शक रांची से इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता को देख सकें। इस प्रतियोगिता के दौरान रियल टाइम रिजल्ट और स्कोर अपडेट भी साझा किये जायेंगे। इस अवसर पर खेल निदेशक शेखर जमुआर ने कहा कि झारखंड को अंतरराष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी का अवसर मिलना गर्व की बात है। हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि हर खिलाड़ी और अधिकारी को विश्वस्तरीय अनुभव मिले। वहीं सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के आयोजन समिति के संयोजक मधुकांत पाठक ने कहा कि सभी टीमें उत्साह के साथ रांची पहुंच रही हैं। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। हमारा लक्ष्य है कि यह प्रतियोगिता न सिर्फ सफल हो बल्कि झारखंड की खेल उपलब्धियों में नया अध्याय जोड़ें।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना। उच्चस्तरीय लोगों से सम्पर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी।
- **वृष** — रोजी-रोजगार के क्षेत्र में सफलता, यशस्वी कार्य करने का अवसर, राजनीतिक लाभ।
- **मिथुन** — प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, सुख-सौहार्द की वृद्धि।
- **कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ,शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएं सफल होंगी।
- **सिंह** — सक्रियता बनाये रखें,सभी काम देरसबेर पूरा होगा, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में झामुमो का जनसंपर्क अभियान तेज

बाबा के सपनों का घाटशिला बनाना मेरा संकल्प : सोमेश सोरेन

मंगल कालिंदी और कुणाल षाड़ंगी ने जनसंपर्क अभियान चलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

घाटशिला। घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन ने मंगलवार को धालभूमगढ़ प्रखंड के जूनबोनी मौदाशोली क्षेत्र में तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उनके साथ छोटे भाई विक्टर सोरेन भी मौजूद रहे। जनसंपर्क अभियान के क्रम में सोरेन ने हरिंदुखड़ी, रघुनाथडीह, तेंतुलडांगा, बानागाजाड़, सार्जोमडीह, भादूआ, मौदाशोली, मोहनपुर सहित कई गांवों का दौरा किया। उन्होंने घर-घर जाकर ग्रामीणों से संवाद किया और स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी कई समस्याएं

रखीं, जिनके समाधान का भरोसा प्रत्याशी ने दिलाया।

इधर, झामुमो के समर्थन में मोर्चा संभाले जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी और केंद्रीय प्रवक्ता सह बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने मुसाबनी प्रखंड में ताबड़तोड़ जनसंपर्क किया। दोनों नेताओं ने झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में माहौल को और सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने जनता के बीच दिवंगत विधायक स्व. रामदास सोरेन के विकास कार्यों और उनकी जनसेवा की सोच को साझा किया।

मंगल कालिंदी ने कहा कि मुसाबनी प्रखंड में डिग्री कॉलेज, कृषि विश्वविद्यालय, टेक्निकल कॉलेज जैसी योजनाएं स्व. रामदास दादा की दूरदृष्टि का परिणाम हैं। असमय मृत्यु के कारण कई योजनाएं निलंबित हुईं, लेकिन उनका सपना अधूरा नहीं रहेगा।

वहीं कुणाल षाडंगी ने कहा कि स्व. रामदास सोरेन एक सरल व्यक्तित्व के धनी थे। उनका जाना घाटशिला विधानसभा के लिए अपूरणीय क्षति है। पंडित रघुनाथ मुर्मू जनजातीय विश्वविद्यालय आज पूरे भारत का दूसरा जनजातीय विश्वविद्यालय है और इसका श्रेय स्व. रामदास सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जाता है। उनके अधूरे सपनों को अब सोमेश सोरेन पूरा करेंगे। जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। जगह-जगह सोमेश चंद्र सोरेन का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि झामुमो ही वह पार्टी है जिसने हमेशा जनभावनाओं और क्षेत्रीय अस्मिता की रक्षा की है। अभियान के समापन पर सोमेश चंद्र सोरेन ने कहा कि जनता का यह स्नेह और विश्वास मेरे लिए सबसे बड़ा प्रेरणा स्रोत है। आने वाले समय में हर समस्या का समाधान और विकास की नयी दिशा यही जनता तय करेगी। मेरे बाबा के सपनों का घाटशिला बनाना मेरा कर्तव्य ही नहीं, मेरा संकल्प है। इस जनसंपर्क अभियान ने घाटशिला विधानसभा में झामुमो खेमे में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार कर दिया है।

छठ में रांची से बिहार जाने वाली ट्रेनें फुल, फ्लाइट का किराया डबल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। छठ पूजा के मद्देनजर रांची से बिहार जाने वाली सभी प्रमुख ट्रेनों में टिकट मिलना बेहद मुश्किल हो गया है। हटिया-पटना, वंदे भारत, जनशताब्दी समेत कई ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल रहे हैं और लंबी वेटिंग लिस्ट बनी हुई है। रेलवे की तरफ से छठ के लिए स्पेशल ट्रेनें चलायी जा रही हैं, लेकिन यात्रियों की मांग को पूरा करने में ये पर्याप्त नहीं साबित हो रही हैं। 26 अक्टूबर को रांची रेल डिविजन से पटना के लिए करीब आधा दर्जन ट्रेनें चलेंगी, लेकिन सभी में टिकट की किल्लत है। हटिया-पटना ट्रेन के स्लीपर क्लास में 99 वेटिंग, थर्ड एसी में 63 और टूएसी में 26 वेटिंग टिकट हैं। रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन के चेयरकार में 58 और एग्जीक्यूटिव क्लास में 13 वेटिंग है। जनशताब्दी में टूएस क्लास में

200 और चेयरकार में 37 वेटिंग टिकट हैं।

रांची-पाटलीपुत्रा एक्सप्रेस के स्लीपर में 71 वेटिंग, थर्ड एसी में 30 और टूएसी में 15 वेटिंग टिकट हैं। रांची-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस के स्लीपर में 57, थर्ड एसी में 43 और टूएसी में 10 वेटिंग हैं। रांची-आरा ट्रेन में स्लीपर क्लास में 118 वेटिंग है, जबकि थर्ड एसी और टूएसी में वेटिंग टिकट भी नहीं मिल रहे। राउरकेला-जयनगर ट्रेन में स्लीपर क्लास की वेटिंग 142 और थर्ड एसी की 87 है। 25 अक्टूबर को चलने वाली स्पेशल ट्रेन में भी स्लीपर क्लास में 47 और थर्ड एसी में 11 वेटिंग टिकट हैं। टिकट न मिलने की वजह से यात्री अब बस और निजी वाहन से यात्रा करने के विकल्प तलाश रहे हैं। वहीं, रांची-पटना फ्लाइट के किराये में भी भारी वृद्धि हुई है, जो सामान्य दिनों की तुलना में दोगुना हो गया है, जिससे यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ गयी हैं।

जेएलकेएम प्रत्याशी रामदास मुर्मू ने भरा पर्चा, की सभा

राजनीति में पढ़े-लिखे नौजवानों को आना होगा : जयराम महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

घाटशिला। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की ओर से दाहिगोड़ा के सर्कस मैदान में चुनावी सभा का आयोजन मंगलवार की शाम हुआ। जेएलकेएम के अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम महतो ने घाटशिला उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी रामदास मुर्मू को जिताने का आह्वान करते हुए कहा कि राजनीति में नये पढ़े-लिखे युवा को बदलाव के लिए लाना होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस ये सभी पढ़े लिखे थे जिन्होंने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। जयराम महतो ने कहा कि घाटशिला सीट से यदि झामुमो-भाजपा नहीं जीतेगी तो भले ही सरकार के सेहत पर फर्क नहीं पड़े लेकिन यह तय है की जेएलकेएम की जीत से जनता के मुद्दे सदन में दुगनी शक्ति से रखी जायेगी। साथ ही राजनीतिक दल भी अपनी मर्जी के प्रत्याशी थोपना बंद करेगी। उन्होंने कहा कि कोल्हान बलिदानियों की धरती है। निर्मल और सुनील महतो की धरती है। घाटशिला जनता तय करेगी कि राजा का बेटा राजा

घाटशिला के युवा बेरोजगार हैं : रामदास मुर्मू

जेएलकेएम प्रत्याशी रामदास मुर्मू ने जनता से उन्हें जिताने की अपील करते हुए कहा कि इस बार बदलाव के लिए वोट करें। रामदास ने कहा कि झारखंड अलग राज्य निर्माण के 25 वर्ष हो गये। जरूरी है कि जनता समीक्षा करे कि इतने वर्षों में उन्हें क्या हासिल हुआ। घाटशिला के चारों ओर पन्ना, यूरेनियम और कॉपर जैसी बहुमूल्य धातु होने के बावजूद यहां के युवा बेरोजगार हैं। शिक्षा-स्वास्थ्य की स्थिति बदतर है। उन्होंने लोगों से योग्यता के आधार पर वोट करने की अपील की।

बनेगा या गरीब का बेटा। कहा की चंपाई सोरेन सीएम रहे, फिर भी बेटे को विधायक बनाना चाहते हैं। उन्होंने मंत्री रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि देते हुए सवालिया लहजे में कहा कि आखिर रामदास सोरेन के परिवार से ही प्रत्याशी क्यों बनाया गया। घाटशिला में कोई शिक्षित युवा इस योग्य नहीं था क्या जिसे प्रत्याशी बनाते। रामदास सोरेन के परिवार के प्रति उनकी भी सहानुभूति है लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि उनके बेटे को विधायक बना दें। जयराम ने कहा की जब किसी डॉक्टर, एसपी और शिक्षक के असमय निधन पर उनके परिवार के सदस्य को यूं ही डॉक्टर, एसपी, शिक्षक नहीं बना सकते तो फिर विधायक के निधन पर विधायक का बेटा विधायक क्यों बनेगा। उन्होंने जनता से पार्टी नहीं बल्कि उम्मीदवार की योग्यता को देखकर वोट करने की अपील की। साथ ही, कहा कि रामदास सोरेन को सच्ची श्रद्धांजलि रामदास मुर्मू को जीताकर दी जा सकती है। रामदास के बदले रामदास को जीताने का उन्होंने आह्वान किया। मौके पर प्रत्याशी रामदास मुर्मू, देवेंद्र नाथ महतो, बेबी महतो, पूजा महतो, शंकर भगत, फनी भूषण महतो, शैलेंद्र समेत कई उपस्थित थे।

अब जेएमएम बन गयी जेएमएम (यू): प्रतुल शाहदेव

झारखंड की जनता जेएमएम की कार्यवाही की प्रतीक्षा में

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बिहार चुनाव में इतनी बार 'यू' टर्न मारा है कि अब उसे जेएमएम (यू) कहना चाहिए। शुरूआत में यह 16 सीट पर चुनाव लड़ना चाहते थे। फिर यू टर्न मारा और सीटों की संख्या 12 कर दी। इसके बाद महागठबंधन के नेताओं से मिले। कहा सीटों पर फैसला हो गया। फिर यू टर्न मारा और सीटों की संख्या तीन तक घटा दी। प्रतुल

ने कहा कि महागठबंधन ने जब ठेंगा दिखाया तो रांची में प्रेस कांफ्रेंस करके 6 सीटों पर लड़ने की घोषणा की। 24 घंटे में फिर से यू टर्न मारा और एक भी सीट पर नामांकन नहीं किया। प्रतुल ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में झारखंडी अस्मिता बिहार के चौराहे पर तार-तार हो गयी। लंबे समय तक झारखंड मुक्ति मोर्चा याचना करती रही, लेकिन गठबंधन में उनकी दाल नहीं गली। झामुमो के वरिष्ठ नेताओं ने कहा है कि राजद और कांग्रेस ने उनके पीठ में खंजर भोंका है। इस पूरे प्रकरण को राजनीतिक धूर्तता करार दिया। प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के मंत्री और महासचिव ने घोषणा की कि झारखंड में वह कांग्रेस और राजद के साथ गठबंधन की समीक्षा करेंगे। झारखंड की जनता को बेसब्री से इंतजार रहेगा। वोट गठबंधन को झारखंड की जनता ने दिया था। फिर समीक्षा से क्या निर्णय निकलेगा? क्या मुख्यमंत्री राजद को मंत्रिमंडल से बाहर निकलेंगे या कांग्रेस के मंत्रियों को भी? या फिर समीक्षा की घोषणा सिर्फ एक ढकोसला निकलेगा? प्रतुल ने कहा कि अब आने वाला समय बतायेगा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता शिबू सोरेन के पद चिह्नों पर चलते हुए झारखंडी अस्मिता की रक्षा कर पायेंगे? या एक बार फिर से सत्ता में बने रहने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा घुटने टेक कर इन दोनों दलों के सामने नतमस्तक रहेगा।

बिहार में सीट नहीं मिलने पर आजसू का झामुमो पर तंज

राजद और कांग्रेस को सरकार से बाहर करे झामुमो : प्रवीण प्रभाकर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस-राजद ने झामुमो को औकात बता दी है। तेजस्वी यादव ने झारखंड के मंत्री संजय यादव के पुत्र को बिहार में टिकट दे दिया, लेकिन झामुमो को एक भी सीट के लायक नहीं समझा। झामुमो में जरा भी स्वाभिमान है तो उसे अविलंब झारखंड विरोधी ताकतों राजद-कांग्रेस से नाता तोड़ लेना चाहिए।

श्री प्रभाकर ने कहा कि राजद-कांग्रेस के साथ झामुमो का गठजोड़ स्वाभाविक नहीं बल्कि अवसरवादी गठबंधन है। दोनों दल झारखंड विरोधी भूमिका में रहे हैं और जब भी मौका मिला झारखंड आंदोलन की सौदेबाजी की। लालू प्रसाद ने तो यहां तक बयान दे दिया था कि झारखंड मेरी लाश पर बनेगा। इसके बाद भी उनके एकमात्र विधायक को हेमंत सोरेन ने मंत्री बनाकर रखा था।

श्री प्रभाकर ने कहा कि कई दिनों से झामुमो इस आस में था कि उसे भी बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की सीटों के बंटवारे में हिस्सा मिलेगा। झामुमो नेता लगातार दावा कर रहे थे और झामुमो के मंत्री और महासचिव तेजस्वी के दरबार में हाजिरी भी लगा आये थे। लेकिन तेजस्वी यादव ने झामुमो को जरा भी तवज्जो नहीं दी। अब मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू आरोप लगा रहे हैं कि राजद-कांग्रेस ने राजनीतिक धूर्तता की है। अगर झामुमो ऐसा मानता है तो वह राजद-कांग्रेस को सबक सिखाए, ना कि सिर्फ बयानबाजी कर जनता की आंख में धूल झोंके।

मां काली की धूमधाम से हुई पूजा अर्चना

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जयनगर पश्चिमी पंचायत अंतर्गत ग्राम सांथ में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय शिवा धोबी के पौत्र के द्वारा मां काली की धूमधाम से पूजा अर्चना की जा रही है। आज से लगभग 70 - 75 वर्ष पूर्व स्वर्गीय शिवा धोबी के द्वारा मां काली का पूजा प्रारंभ किया गया था। मां काली का विधिवत पूजा-अर्चना अशोक पांडेय और रामनरेश पांडेय के द्वारा संपन्न कराया जा रहा है। बता दें कि शिवा धोबी के देहांत के पश्चात पुत्र किसुन धोबी पूजा अर्चना संपन्न करा रहे थे उनके देहांत के पश्चात उनके पुत्र गणेश राम, विशेश्वर राम, राम खेलावन राम, हरिश्चंद्र राम के द्वारा भव्य पंडाल, लाइट, मूर्ति बनाकर विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न किया जा रहा है। मां काली का पूजा अर्चना जयनगर, मोदी मोहल्ला, पेठीयाबागी, पहरीडीह, गोपालडीह, तरवन, डुमरी, ककरचोली, शमार्टांड, ईरगोबाद सहित दर्जनों गांवों के श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने और मेला देखने के लिए आते हैं।

हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी दीपावली

लोगों ने जलाये दीप और की आतिशबाजी

आजाद सिपाही संवाददाता

केरेडारी। दीपोत्सव का महापर्व दीपावली सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर प्रखंडवासियों ने अपने-अपने घरों को दिये और चाइनीज झालरों से आकर्षक तरीके से सजाया और माता लक्ष्मी और भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना की। पर्व को लेकर चौक-चौराहों में भी भीड़ भाड़ देखी गयी।

देर शाम लोगों ने दिये जलाये और पटाखे फोड़कर कर आतिशबाजी भी की। प्रखंड के पेटो पंचायत के चट्टी पेटो में लक्ष्मी पूजा के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने रात भर मनमोहक झांकियों का लुत्फ उठाया। वहीं बेंगवरी गांव में भी लक्ष्मी पूजा अवसर पर भव्य पंडाल बनाकर आकर्षक साज सज्जया के साथ पूजा आयोजित की गयी जबकि कराली गांव में भी मां काली पूजा आयोजित की गयी जहां भक्तों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

मंगलवार को मेले का आयोजन किया गया जहां वहां के लोगों ने जमकर मेले का लुत्फ उठाया। पर्व के दौरान पुलिस प्रशासन भी सजग रहा और समाचार लिखे जाने तक कहीं से कोई भी अप्रिय घटना की सुचना नहीं है।

विष्णुगढ़ प्रखंड में दीपों से सजा हर घर

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड में दीपों का पर्व दीपावली हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर लोगों ने घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में लक्ष्मी पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को साफ-सफाई कर आकर्षक तरीके से सजाया गया। लाइट और फुलझड़ी लगायी गयी। लोकल फॉर वोकल को लेकर मिट्टी के दिये जलाये गये। प्रखंड मुख्यालय के बाजारटांड़ स्थित काली मंदिर में प्रत्येक वर्ष की तरह दीपावली की रात काली पूजा की गयी। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मध्य रात्रि पूजा अर्चना में जुटे रहे। आतिशबाजी भी जमकर की गयी। प्रखंड के विष्णुगढ़, चेडरा, रमुवा, नवादा, बनासो, कोनार डैम, नरकि, चानो, बन्दखारो, गाल्होबार, करगालो, सीरय, अचलजामो, गैड़ा समेत विभिन्न क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ दीपावली संपन्न हुआ।

बरकट्ठा में भव्य तरीके से हुई मां काली की पूजा



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। बाजार रोड बरकट्ठा स्थित प्राचीन काली मंदिर परिसर में भव्य तरीके से मां काली की पूजा अर्चना की गयी। पूरे मंदिर परिसर को भव्य तरीके से साज सज्जा और लाइटिंग से सजाया गया। वहीं पूरे बाजार व मोड में लाउडस्पीकर से काली मां की भजनों का दौर चल रहा है जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया। वहीं मुख्य पुजारी आनंद पांडेय द्वारा मां काली की पूजा-अर्चना करायी गयी। इस दौरान मंदिर परिसर में 1100 दीप प्रज्वलित कर लोगों ने सुख समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात दीपावली की मध्य रात्रि में बकरा बलि कर मंगलवार को महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस बार पूजा समिति के वीरेंद्र सोनी, महेंद्र प्रसाद, अध्यक्ष मोनू मंडल, सचिव बिट्टू मोदी, उपाध्यक्ष धीरज गुप्ता, उप सचिव बजरंग साव, कोषाध्यक्ष मुकेश मंडल, उप कोषाध्यक्ष अजय राणा, मंदिर व्यवस्था प्रमुख सचिन यादव समेत 21 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्य व 21 सदस्यीय संरक्षक टीम समेत महेंद्र प्रसाद, रामचन्द्र चौधरी, मथुरा सोनी, उमेश सोनी, अशोक गुप्ता, विजय यादव, सूरज मोदी, नरेश मंडल, निरंजन सोनी, सुनील मोदी, महेश प्रसाद, संजय गुप्ता, राहुल गुप्ता, सुरेश राम, विमलेश गुप्ता, प्रदीप सिंह, पप्पू सोनी, पुजारी आनंद पांडे, सुजीत विश्वकर्मा, प्रकाश ठाकुर, उमेश ठाकुर, बिक्की मंडल, अखिलेश कुमार, कृष्णा प्रसाद, उपेंद्र सिंह, बिट्टू ने पूजा को सफल बनाने में सहयोग किया।

पुलिस संस्मरण दिवस पर शहीद जवानों को दी गयी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर हजारीबाग पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने शहीद जवानों को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस बल के शहीद जवानों का त्याग और बलिदान समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में उपस्थित एसडीपीओ, डीएसपी, मेजर, सार्जेंट मेजर सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवानों ने भी शहीदों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। मौके पर पुलिस अधिकारियों ने शहीदों के परिजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। सभी ने शहीद जवानों की कर्तव्यनिष्ठा, अदम्य साहस और राष्ट्रसेवा की भावना को नमन करते हुए संकल्प लिया कि उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए सदैव समर्पित रहेंगे।

उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

कोडरमा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त ऋतुराज ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न पंचायत, गांवों से आमजन अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जनता दरबार में लोगों ने भूमि विवाद, पेंशन, राशन, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत अन्य विभागीय शिकायतों को सुना गया। उपायुक्त ने प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से निस्तारण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि आम नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके।

दीपों से जगमगया बड़कागांव, देर रात तक होती रही आतिशबाजी

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक दीपोत्सव दिवाली पर पूरा प्रखंड रौशन हो गया। सभी सनातन धर्मावलंबियों ने। अपने अपने घर, दुकान और प्रतिष्ठानों में माता लक्ष्मी और भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना किया और ईश्वर से सुख समृद्धि की कामना की। इससे पूर्व शाम होते ही सभी घर दुकान और प्रतिष्ठान दीपक की रौशनी और विभिन्न प्रकार के आकर्षक विद्युत लाइट से जगमग हो गया। बच्चे भी आतिशबाजी कर मस्ती करने लगे। देर रात तक बच्चे पटाखे फोड़कर दिवाली का आनंद लेते रहे। सनातन प्रेमी दुर्गा पूजा के बाद से ही दीपोत्सव की तैयारी में जुट जाते हैं। अपने घरों और प्रतिष्ठानों की साफ सफाई और रंग रोगन कर देते हैं। ताकि भगवान गणेश और माता लक्ष्मी का पदार्पण हो। मान्यता है कि स्वक्ष और सुंदर स्थान में ही माता लक्ष्मी का पदार्पण होता है। घर में समृद्धि और खुशहाली आती है। दीपावली में दीपावली और छठ पूजा को लेकर इन दिनों बाजार भी गुलजार हो गया है। पटाखे कपड़े, गिफ्ट आइटम और मिठाई की दुकानों पर काफी भीड़ देखी गयी। वहीं छठ पूजा को लेकर भी व्रती सूप दौरा, मिट्टी के बर्तन इत्यादि खरीदने में जुट हैं।

हर्षोल्लास के साथ की गयी लक्ष्मी पूजा

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में हर्षौल्लास के साथ दीपो का महा पर्व दीपावली संपन्न दीपावली के दिन सोमवार को हर घर और दुकानों को सजाया गया और माता लक्ष्मी गणेश और कुबेर की पूजा की गयी। सभी ने मां लक्ष्मी से धन यश कृति की कामना की। वही प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झरपो, अमनारी सहित अन्य गांव में मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना किया गया। बच्चों ने खूब पटाखे और फुलझड़ी का आनंद उठाया मंगलवार को धन की देवी लक्ष्मी की पूजा अर्चना हवन आरती प्रसाद वितरण कर माता को श्रद्धापूर्वक तालाब में विसर्जन किया गया।

मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की हुई पूजा

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। धन की देवी मां लक्ष्मी की आराधना का पर्व दीपावली सोमवार को घरों से लेकर मंदिरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में भक्ति भाव के साथ मनाया गया। शाम होते ही धन की देवी माता लक्ष्मी व भगवान गणेश की पूजा अर्चना मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में हर्षोल्लास के साथ हुई। हालांकि सोमवार दिन से ही दुकानों और प्रतिष्ठानों में पूजा अर्चना शुरू हो गयी थी। दीपावली पर्व पर इस बार अधिकतर घरों और प्रतिष्ठानों में लोगों ने मिट्टी के दीपक जलाये साथ ही झालर से भी घरों को सजाया। भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर अंधियारा को दूर भगाया। सोमवार सुबह से ही दीपावली की धूम शुरू हो गई थी जो देर रात तक चलता रहा। लोगों ने देर रात तक भी माता लक्ष्मी व भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर सुख शांति व समृद्धि की कामना की।मरकच्चो में दीपावली की छटा देखने लायक थी। प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के ग्रामीण इलाकों के घरों व प्रतिष्ठानों को लाइट व दीपों से सजाया गया था।

कार्तिक अमावस्या के दिन खुलता है भूमिगत गर्भगृह

तांत्रिकों का होता है जमावड़ा, महिलाओं का प्रवेश है वर्जित

पंचामुंडी आसन का दर्शन करते हैं भक्त, तंत्र के लिए है यह मंदिर है खास

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। कार्तिक अमावस्या की रात सिद्धि की रात होती है। जहां तंत्रिका तंत्र विद्या की सिद्धि प्राप्त करते हैं। श्मशान में अघोरियों का जमावड़ा लगता है। हजारीबाग के खिरगांव स्थित श्मशान घाट तंत्र विद्या के लिए पूरे देश भर में जाना जाता है। जहां दीपावली की रात लोग मां काली से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आते हैं। तो दूसरी ओर तंत्र साधना करने वाले शमशान की ओर रुख करते हैं। तभी तो हजारीबाग की शमशान काली को तंत्र विद्या की देवी कहा जाता है। पूरे देश भर में दीपावली की धूम आज है। मां लक्ष्मी गणेश की पूजा दीपावली के अवसर पर हिंदू धर्मावलंबी करते हैं। दीपावली की रात शमशान की देवी की भी पूजा होती है। जिसे श्मशान काली कहा जाता है। हजारीबाग में भी श्मशान काली की पूजा बड़े ही धूमधाम और नियम के साथ प्रत्येक साल किया जाता है। हजारीबाग श्मशान काली सिद्धि देने वाली काली है। कार्तिक आमावस्या कि रात सिद्धि की रात्रि होती है। शमशान होने के बावजूद लाखों लोग यहां पूजा करने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में विशेष इंतजाम भूतनाथ मंडली के द्वारा किया जाता है।मंदिर का पिछला हिस्सा शमशान है। जहां दूरदराज से भी तांत्रिक सिद्धि करने के लिए पहुंचते हैं। महान तांत्रिक और मां काली के उपासक इलाइचिया बाबा ने हजारीबाग के शमशान काली मंदिर में पंचामुंडी आसन का निर्माण किया था। कहा जाता है कि इस आशन में तंत्र के उपासक ही उपासना कर सकते हैं। पंचामुंडी आसन मंदिर के गर्भगृह में है, जो भूमिगत है। दीपावली के दिन यहां विशेष पूजा की जाती है। इस भूमिगत मंदिर के अंदर सामान्य लोगों को जाना वर्जित है। अमावस्या की रात इस मंदिर का पट खोला जाता है और इस दिन तंत्र मंत्र के साधक यहां पूजा करते हैं। इस कार्यक्रम को सम्पन्न करने में महाकाली मंदिर मुक्तिधाम, बाबा भूतनाथ मंडली के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सचिव राजेश यादव, कोषाध्यक्ष मनोज भगत, अनिल गोप, रमेश सिंह, सुनील केशरी, सुनील श्रीवास्तव, चंद्रिका सॉ, बिट्टू बाबा, नवीन सिन्हा, निशांत अग्रवाल, राकेश गुप्ता, सुमित वर्मा, अभिषेक कुमार, राहुल विश्वकर्मा, उज्वल कसेरा, राजकुमार साहू, राजा बाबा, कामेश्वर बाबा, छोटन राम, सुरेंद्र सिंघानियां, राम प्रसाद राम, मुंगेस्वर चौधरी आदि सैकड़ों सदस्य लगे हुए थें।

हरली में चाकूबाजी की घटना से सनसनी दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के हरली पंचायत में सोमवार देर रात हुई चाकूबाजी की वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। घटना में दो सगे भाई सुरेंद्र कुमार और देवकी कुमार, पिता स्व. बैजनाथ महतो गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार, दोनों को इलाज के लिए पहले स्थानीय अस्पताल लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें रांची रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमले के दौरान सुरेंद्र कुमार के पेट में चाकू से वार किया गया, जबकि उनके भाई देवकी कुमार के सिर पर गंभीर चोटें आयी हैं, जिससे उनका माथा फट गया है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गये। सूत्रों के अनुसार, हरली गांव निवासी चेतलाल कुमार के पुत्र अरुण कुमार ने मंदिर चौक पर दोनों भाइयों को बुलाकर उन पर जानलेवा हमला किया। हमले के पीछे के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन आपसी रंजिश की आशंका जतायी जा रही है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पीड़ित परिवार ने न्याय की मांग की है और आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की

शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी

कोडरमा (आजाद सिपाही)। पुलिस लाईन चंदवार में मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन श्रद्धा, सम्मान और गरिमा के साथ किया गया। इस दौरान एसपी अनुदीप सिंह, एसडीपीओ, डीएसपी मुख्यालय, पुलिस निरीक्षक माईका अंचल, थाना प्रभारी कोडरमा समेत पुलिस पदाधिकारी, कर्मी और शहीद पुलिसकर्मियों के परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में पुलिस बैंड की मधुर ध्वनि के बीच शहीद स्मारक पर एसपी ने पुष्पचक अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सभी अधिकारियों, जवानों ने दो मिनट का मौन रखकर देश की आंतरिक सुरक्षा, विधि-व्यवस्था और जनता की सेवा के दौरान बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को नमन किया गया। एसपी ने अपने संबोधन में कहा कि 21 अक्टूबर 1959 का दिन भारतीय पुलिस इतिहास में हमेंशा स्वर्णाक्षरों में लिखा जायेगा। अंत में राष्ट्रगान गाकर समारोह का समापन किया गया। शहीद जवान के परिजन सम्मानित कार्यक्रम में कोडरमा जिलान्तर्गत निवासी शहीद पुलिसकर्मियों एसआइ उमाचरण पासवान सीआरपीएफ और आरक्षी संतोष कुमार पासवान आईटीबीपी दोनों ग्राम भखरा, थाना सतगावां के परिजनों को बुलाकर सम्मानित किया गया। एसपी ने उन्हें अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया। साथ ही विभाग की ओर यह आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन सदैव उनके साथ खडा रहेगा।

विधायक ने छठ महापर्व की तैयारी का किया निरीक्षण

विधायक ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि आने वाले दिनों में कार्य की गति तेज की जाये ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। विधायक प्रदीप प्रसाद ने मंगलवार को हजारीबाग झील परिसर, हुरहुरू तालाब सहित कई क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख जलाशयों का औचक निरीक्षण किया और आस्था के महापर्व छठ की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री प्रसाद ने संबंधित पदाधिकारियों और नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तालाबों और घाटों की नियमित सफाई, समुचित मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन और स्वच्छता कार्यों को प्राथमिकता दी जाये। उन्होंने यह भी स्पष्ट रूप से कहा कि तालाबों को पूरी तरह स्वच्छ और छठ व्रतियों के अनुकूल वातावरण में बनाये रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। विधायक ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि आने वाले दिनों में कार्य की गति तेज की जाये ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने विशेष रूप से कचरा निष्पादन, यातायात नियंत्रण, सुरक्षा बलों की तैनाती और श्रद्धालुओं की सुविधा संबंधी सभी तैयारियों को समय पर पूरा करने पर बल दिया। इस अवसर पर विधायक श्री प्रसाद ने कहा की हमारा संकल्प है कि हजारीबाग के सभी घाटों पर स्वच्छ, सुरक्षित और श्रद्धापूर्ण वातावरण में छठ व्रतियों और आम श्रद्धालुओं के लिए उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। छठ महापर्व हमारी आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है, इसकी गरिमा बनाये रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

पिछले तीन माह से सुभाष चौक जाने वाली सड़क पर जलजमाव

आवाजाही में लोगों को हो रही है परेशानी

नगर परिषद, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि उदासीन

छठ वर्ती श्रद्धालुओं को दिक्कतों का का करना पड़ेगा सामना

सतीश कुमार

कोडरमा। नगर परिषद झुमरी तिलैया, वार्ड 24 अंतर्गत टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे रामनगर में पिछले तीन माह से जलजमाव है। इससे आसपास की बड़ी आबादी को आवाजाही में भारी परेशानी हो रही है। खासकर छात्र - छात्राओं ज्यादा परेशानी होती है। पास के रामफल राणा समेत लोगों को पानी में घुटने तक डूबकर जाना पड़ता है। यह रोड सुभाष चौक को जोड़ती है। कई घरों के सैकड़ों लोग वैकल्पिक रास्ते के जरिये बाजार के लिए लंबी दूरी तय कर निकलते हैं। हालांकि जल निकासी के लिए न तो नगर परिषद, समाजसेवी और न ही किसी जनप्रतिनिधि को इसकी चिंता है। ये सभी उदासीन बने हुए हैं। दीपावली आज है और इसके बाद लोक आस्था का महापर्व छठ समेत कई महत्वपूर्ण त्योहार है। इसमें साफ-सफाई का विशेष महत्व है। अब ऐसे में लोग कैसे पर्व मनाये, यह बड़ी चिंता लोगों को सता रहा है। दरअसल घर और रोड तो बना दिये गये हैं, लेकिन जल निकासी के लिए कोई नाली की व्यवस्था नहीं की गयी है। नाली निर्माण के लिए कई दफा नगर परिषद से फरियाद लगाये गये, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है।

क्या कहते हैं स्थानीय लोग ?

स्थानीय सह भाजपा नेता अजीत चंद्रवंशी बताते हैं कि नगर परिषद बिल्कुल निष्क्रिय है। प्रशासक काम के प्रति सक्रिय होना होगा। वार्ड नंबर 24 को हमेशा अनदेखा किया गया है। यह वार्ड काफी बड़ा भी है। यहां की समस्या का कभी भी समाधान नहीं किया जाता है। सिर्फ खाना पूर्ति किया जाता है। न ही जल जमाव की समस्या दूर होता है। तीन माह से जल जमा है, जिसके लिए कई बार फोन पर और आवेदन दिये हैं। लेकिन अभी तक सही से ना कोई जवाब, ना कोई कार्य हुआ है। नगर परिषद से स्ट्रीट लाइट के लिए मुख्य मार्ग पर एक लाइट के हिसाब से पूरे वार्ड का 10 से 15 लाइट की मांग किया, जिसमें कभी दो, कभी तीन लाइट मिला। अगर नगर परिषद छठ पूजा के पूर्व अगर जल जमाव की समस्या दूर नहीं करते हैं तो नगर पालिका में धरना देने का कार्य करेंगे। जबकि राकेश मिश्रा, किशोर रवानी बताते हैं कि रोड पर जलजमाव से सुभाष चौक की ओर निकलना पिछले तीन माह से बंद पड़ा है। इसके कारण लंबी दूरी तय कर बाजार निकलना पड़ रहा है। नगर परिषद जनहित में जल्द से जल्द जलजमाव की समस्या दूर करे। जबकि सिद्धू राणा कहते हैं कि कई महीना से पानी जमा होने से घर से निकलना मुश्किल हो गया है। बच्चे को स्कूल जाने में काफी दिक्कत होता है। एक तरह से हम लोग घर में कैद हो गये हैं। नगर परिषद इस पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा है। हम लोगों को ऐसा प्रतीत होता है जैसे हम लोग कोई शहरी वार्ड में न होकर कहीं जंगल में रह रहे हैं।

कोडरमा के फुलवरिया गांव में पहली बार मनी बिजली वाली दिवाली

पूरे गांव में था उत्साह का माहौल

संजीव

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा से सटे फुलवरिया के लिए यह दिवाली कुछ खास थी। पहली बार यहां के लोगों ने बिजली वाली दिवाली मनायी। पटाखे छूटे पर पहली बार बिजली के बल्ब भी जले। दरअसल कोडरमा के वार्ड नंबर 1 स्थित फुलवरिया गांव में अभी तक बिजली नहीं पहुंची थी। कुछ दिनों पहले ही पोल गाड़े गये और बिजली के तार पहुंचे। बिजली विभाग की ओर से एलइडी बल्ब बांटे गये और कई घर में बिजली के कनेक्शन भी दिये गये। यहां 102 घर हैं जिनमें अभी तक 92 घरों में बिजली पहुंच गयी है। गांव में बिरहोर जनजाति मुख्य रूप से निवास करती है। दिवाली को फुलवरिया का माहौल बिल्कुल अलग था और निवासियों में उत्साह दिखायी दे रहा था। गांव को बल्बों से जगमगाता देखकर बुजुर्ग और बच्चे, सभी खुश थे। यहां की 70 वर्षीया सोबरी बिरहोरनी ने कहा, मरने के पहले घर में बिजली देख ली। मीना बिरहोरनी ने इसे बहुत लंबे इंतजार को खत्म होना बताया और कहा कि इस दिवाली से अंधेरा हमेशा के लिए छंट गया। फुलवरिया के युवा निवासी भी उतने ही रोमांचित थे, छोटी बच्चियां अपने बनाये दीये और मिट्टी के खिलौने दिखा रही थीं।

बिजली पहुंचाना चुनौतीपूर्ण रहा

फुलवरिया के दुर्गम भौगोलिक क्षेत्र को देखते हुए, वहां बिजली पहुंचाना काफी चुनौतीपूर्ण रहा। कोडरमा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से लगे इस गांव में बिजली कनेक्शन की अनुमति लेने में काफी कठिनाई हुई। गांव तक जाने वाले रास्ते अभयारण्य के अधिकार क्षेत्र में आते थे, और अनापत्ति प्रमाण पत्र हासिल करना एक लंबी और कठिन प्रक्रिया थी। स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव और सांसद अन्नपूर्णा देवी की मदद से जिला प्रशासन के लगातार प्रयासों का नतीजा मिला। कई सालों के बाद वन विभाग ने बिजली के खंभे लगाने की अनुमति दी, जो महत्वपूर्ण सफलता थी। विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता रणधीर कुमार ने बताया कि अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त होने के बाद उज्ज्वला योजना के तहत लगभग 100 घरों का विद्युतीकरण हो चुका है। उन्होंने सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि ग्रामीणों को सभी एहतियाती उपाय समझा दिये गये हैं। डीसी ऋतुराज ने इस उपलब्धि पर कहा कि ग्रामीणों के सपने आखिरकार पूरे हो गये हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि बिजली उन्हें बेहतर जीवन जीने में महत्वपूर्ण रूप से मदद करेगी। इस इलाके के निवर्तमान वार्ड पार्षद सचिन कुमार बताते हैं कि फुलवरिया में बिजली का पहुंचना किसी चमत्कार से कम नहीं है। सचिन ने बताया कि गांव में फुलवरिया के लोग न केवल अंधकार के अंत का जश्न मना रहे हैं, बल्कि उनके लिए यह एक नये युग की शुरुआत भी है।

उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

चतरा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त कीर्तिश्री ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित और निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ज्ञात हो कि प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक समाहरणालय में नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। इस दौरान आमजन अपनी समस्याएं सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं।

23 अक्टूबर को मनाया जायेगा शहीद चिंतामणि यादव का शहादत दिवस

हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रसिद्ध समाजसेवी व शहीद चिंतामणि यादव की 22 वीं पुण्यतिथि 23 अक्टूबर को मनाया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी पूरे जोर-शोर से किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन शहीद चिंतामणि यादव के पैतृक गांव स्थित सेलवार प्राथमिक विद्यालय में किया जायेगा। जिसकी तैयारी स्वर्गीय चिंतामणि यादव शोक सभा आयोजन समिति के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में बिहार झारखंड के कई विभिन्न बड़े राजनीतिक दलों के नेता और प्रशासनिक विभाग के पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका जीतू यादव और तिलहेत पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राम जी यादव उर्फ रामबाबू निभा रहे हैं। रामबाबू ने कहा कि इस बार का आयोजन विशेष होगा, उन्होंने बताया कि पिछले 21 वर्षों से स्वर्गीय चिंतामणि यादव का शहादत दिवस मनाया जा रहा है।

फुटबॉल प्रतियोगिता में ठाकुरगोड़ा बना विजेता

कुजू (आजाद सिपाही)। ओरला पंचायत अंतर्गत ग्राम ठाकुरगोड़ा में तीन दिवसीय रमेश गंझु मेमोरियल फुटबॉल कप प्रतियोगिता का सोमवार को भव्य समापन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि मांडू प्रखंड भाग संख्या तीन के जिला परिषद सदस्य का प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू और विशिष्ट अतिथि बुमरी पंचायत मुखिया करण बेदिया शामिल रहे। फाइनल मैच एफसी हेंब्रोम, ठाकुरगोड़ा बनाम जेएमसी हरकापत्थर के बीच खेला गया। जिसमें एफसी हेंब्रोम, ठाकुरगोड़ा की टीम ने रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल कर विजेता बना। मौके पर कमिटी के अध्यक्ष संजय गंझु, सचिव गौतम गंझु, कोषाध्यक्ष संदीप बास्के, उपसचिव ओमप्रकाश करमाली, संरक्षक पुरन गंझु, रोहन गंझु, मनोज सोरेन, सुखदेव गंझु, अनिल टुडू, प्रदीप सोरेन, संतोष गंझु, अजय गंझु, चंदन हेंब्रोम, नरेश गंझु, अनिल हेंब्रोम, महेंद्र गंझु, बिरजू सोरेन, अनिल हेंब्रोम समेत कई खेल प्रेमी शामिल रहे।

रैयत विस्थापित मोर्चा ने प्रो. रामदेव पासवान के निधन पर किया शोक प्रकट

टंडवा (आजाद सिपाही)। थाना चौक निवासी रामदेव पासवान कुछ समय से उनका तबीयत खराब चल रहा था, बीते 14 अक्टूबर मंगलवार की रात्रि संजीवनी हॉस्पिटल ले जाने के दौरान अचानक उनकी निधन हो गया। निधन की खबर सुनकर टंडवा के लोगों ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उनकी असामयिक निधन से मृदुल स्वभाव, व्यवहारिक व्याख्याता सह समाजसेवी की गुजर जाने से टंडवा का गहरी क्षति हुई है। उन्होंने हमेशा गरीबों की मुखर आवाज बन जन समस्याओं का मुद्दा उठाते रहते थें। वे मिलनसार और मुखर स्वर के व्यक्ति थे। रैयत विस्थापित मोर्चा परिवार गहरा शोक व्यक्त करता है। आरवीएम मगध संघमित्रा एरिया कमेटी ने टंडवा होटल रुक्मणी में उनकी आत्मा की शांति के लिए शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखा, आरवीएम टीम प्रार्थना करती हैं और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। ईश्वर उन्हें शक्ति और धैर्य प्रदान करें। शोक सभा मे मोर्चा केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, बिनोद गंझु, तस्दीक आलम, सुभाष दास, जिला परिषद सुरेंद्र उरांव, अफजल अंसारी, मो नाजिर, पप्पू कुमार दास, समाज सेवी मो. शैफुललाह, डबलु गंझु, व अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया है।

देवी मंडप रोड काली पूजा धूमधाम से संपन्न

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। सार्वजनिक देवी मंडप रोड काली पूजा समिति के तत्वावधान में सोमवार की रात मां काली की पूजा विधि विधान के साथ संपन्न हुई। देर रात तक चली पूजा अनुष्ठान को वर्धमान (पश्चिम बंगाल) के पुरोहित नीलकंठ चक्रवर्ती ने विधि विधान से परिचालन किया। इस अवसर पर भक्तों में महिलाओं की भारी भीड़ देखी गयी। 48वें वर्ष पूरा कर चुके देवी मंडप रोड काली पूजा समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार भगत ने कहा कि वर्षों से चली आ रही काली पूजा की पद्धति को अब नयी पीढ़ी के युवाओं के द्वारा बखूबी निर्वहन की जा रही है। यहां की काली पूजा का एक विशेष महत्व है, जो पूरे शहर के श्रद्धालुओं को यहां खींच लाती है। देर रात तक मंत्रोच्चारण, आरती, बली, होम आदि के बाद महाभोग का वितरण किया गया। बांग्ला साहित्य से जुड़े काली पूजा समिति के सदस्य संदीप मुखर्जी कहते हैं कि मां काली की आराधना भय, अंधकार और अज्ञान के अंत की साधना मानी जाती है। रात के गहन अंधकार में दीयों की झिलमिल रोशनी और मां काली के रौद्र सौंदर्य के बीच, यह पर्व हमें याद दिलाता है कि प्रकाश तभी पूर्ण होता है जब हम अपने भीतर के अंधकार को पहचानकर उसे मिटाने का साहस जुटाते हैं। पूजा कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव संजय सेठ, धर्मेंद्र कौशिक, शैलेंद्र सिंह, संदीप दत्ता, रजनीश कुमार चंचल, राजीव सेन, मोनु, दीपक अवस्थी, रींटच राम प्रसाद शर्मा, सुब्रत राय, मधुसूदन लहरी, अंशु राज, अश्विनी कुमार, पिंटू सिंह, सुबोध सिंह, मनोज सिंह, टेनु, अनिल कुमार, सपन कुमार, राजेश जायसवाल, सौरभ प्रभात, विक्रम सिन्हा आदि सदस्यों की भूमिका रही।

दीपों की रोशनी और आतिशबाजी से रोशन रहा रामगढ़ का आसमान

दीपावली को लेकर थे सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम : अजय कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। दीपावली पर्व धूमधाम और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। सोमवार की शाम से ही पूरा शहर दीपों की रोशनी से नहा उठा। घरों, दुकानों और मंदिरों को दीपमालाओं और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया। हर ओर उत्साह और खुशियों का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही लोगों ने अपने घरों की सफाई कर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की तैयारियां शुरू कर दी थीं। जैसे ही सूरज ढला, घर-घर में दीपक जल उठे और आरती के बाद पूरे इलाके में पटाखों की गूंज सुनाई दी। बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। दीपावली हमारे लिए सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद ने कहा कि दीपावली हमारे लिए सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। हर साल हम इसी तरह पूरे परिवार के साथ इसे मनाते हैं।

लोगों में गजब का दिखा उत्साह, बाजारों में दिखी रौनक :रामगढ़ जिले वासियों के अनुसार लोगों की उत्साह देखने से लग रहा था कि बाजारों में फिर से रौनक लौटी है। शहर के मंदिरों और सरकारी भवनों को भी दीपों और झालरों से सजाया गया था। डीसी कार्यालय परिसर, कोर्ट परिसर, हनुमान मंदिर क्षेत्र में विशेष रोशनी की गई। नगर परिषद की टीमों ने सफाई और रोशनी की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया।

जिले में थे सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम : एसपी अजय कुमार ने कहा कि दीपावली पर सुरक्षा हमारी प्राथमिकता रही। हर प्रमुख चौक पर पुलिस बल तैनात था ताकि लोग शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मना सकें।

सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी समूहों ने भी इस अवसर पर गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बीच मिठाई, कपड़े और दीये वितरित किये। इससे त्योहार की खुशियां समाज के हर वर्ग तक पहुंचीं। दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा और भाई दूज मनाने की तैयारियां भी जिलेभर में जोरों पर हैं।

रामगढ़ के प्रमुखता इलाको में दिखी रौनक

दीपावली को लेकर गोला रोड, थाना चौक, झंडा चौक, सुभाष चौक में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। व्यापारियों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए खास दीपावली ऑफर और सजावट की थी। इससे बाजारों में खरीदारी करने वालों की भारी भीड़ उमड़ी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू में एएनएम स्नेहलता पर गंभीर आरोप, कार्रवाई की मांग

मांडू (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू की एएनएम स्नेहलता द्वारा मरीजों और प्रसूताओं के साथ दुर्व्यवहार, रिश्वतखोरी और अनुशासनहीनता के गंभीर आरोप लगाये गये हैं। इस संबंध में संपूर्णा संकट मोचन फाउंडेशन के निदेशक अमीषा प्रसाद ने महिलाओं के साथ सामूहिक रूप से उपायुक्त रामगढ़ को एक पांच सूत्री मांग पत्र देकर मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। महिलाओं ने आवेदन में कहा है कि वर्ष 2023 में स्नेहलता द्वारा एक प्रसूता महिला का गलत उपचार किया गया, जिससे महिला की मौत हो गयी थी। वर्तमान में एक प्रसूता महिला की गलत सिजेरियन ऑपरेशन में मल व मूत्र नली बंद कर दी गयी, जिससे मरीज की हालत अत्यंत गंभीर हो गयी और अब उसे निजी अस्पताल में भर्ती करना पड़ा, एएनएम के द्वारा रिश्वत मांगना और एसटी/ एससी केस में फसाने की धमकी देने और प्राइवेट अस्पताल में मरीजों को जाने के लिए मजबुर करने समेत इनके विरुद्ध कार्रवाई करने पर धनबल और राजनीतिक प्रभाव के जरिये कारवाई रोकवाने आदि मांग शामिल हैं। महिलाओं ने उपायुक्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन पर मुखिया बैजनाथ राम, सुनीता देवी, विद्या देवी, पूनम देवी, प्रभा देवी, समेत कई महिलाओं के हस्ताक्षर हैं।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

गोला (आजाद सिपाही)। गोला थाना क्षेत्र के संग्रामपुर गांव निवासी एक युवक की मौत घाटों क्षेत्र में सोमवार को सड़क दुर्घटना में हो गयी। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी भोला प्रजापति उम्र 40 वर्ष पिता गोवर्धन प्रजापति वर्षों पूर्व से घाटों में रहकर एक कंपनी में जेसीबी मशीन चलाता था। दीपावली मनाने को लेकर अमावस्या के दिन अहले सुबह अपनी बाइक पर सवार होकर अपने घर संग्रामपुर लौट रहा था। इस दौरान घाटो कांटा घर के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे अपने चपेट में ले लिया। जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। शव को पोस्टमार्टम के बाद घर ले आये। जानकारी के अनुसार मृतक युवक के माता, पिता, पत्नी, दो बेटे के अलावा भरा पूरा परिवार है।

जिंदल स्टील पतरातू में मनाया गया शालू जिंदल का जन्मदिन

कटी केक, जरूरतमंदों के बीच कंबल और बच्चों और महिलाओं के बीच पोषक आहार का हुआ वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। जिंदल स्टील लिमिटेड के सीएसआर विभाग जिंदल फाउंडेशन के तत्वावधान में फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल जी का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास और सामाजिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर जिंदल आशा केंद्र के बच्चों ने केक काटकर शालू जिंदल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। साथ ही गर्ल्स फुटबॉल टीम, महिला स्वयं सहायता समूह की कई सदस्य और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी उत्साहपूर्वक समारोह में शामिल हुए। पूरे परिसर में खुशी और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। साथ ही बच्चों एवं महिलाओं के बीच पोषक आहार का वितरण किया गया। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि शालू जिंदल समाजसेवा, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक उत्थान के क्षेत्र में निरंतर योगदान दे रही हैं। जिंदल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने भी बताया कि शालू जिंदल के नेतृत्व में संस्था ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नये मानक स्थापित किए हैं। जन्मदिन समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कामना की कि शालू जिंदल का जीवन सदा मंगलमय रहे और वे यूं ही समाज के कमजोर तबकों के उत्थान के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी रहें।

रामगढ़ भाजपा कार्यालय में चोरी का प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। भाजपा जिला कार्यालय, रामगढ़ में बीती रात चोरों ने बीती रात चोरी का असफल प्रयास किया। जानकारी के अनुसार, चोरो ने पीछे का दरवाजा की सिटकनी खोलकर अंदर प्रवेश किया। साथ ही, दो अलमीरा को सबल से तोड़ दिया। वहीं, पास स्थित हाते में प्रवेश किया। लेकिन किसी भी प्रकार की कीमती साम्रगी हाथ नहीं लगा। वहीं, चोरों की हरकत निमार्णाधीन भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। सुबह कार्यालय के खोले जाने के बाद चोरी होने की जानकारी मिली। साथ ही, कुजू पुलिस को सूचना दी गयी। इधर, पुलिस कैमरे में कैद चोर की तलाश और मामले की छानबीन में जुटी है।

पुलिस संस्मरण दिवस के मौके पर शहीद पुलिस जवानों को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

चतरा (आजाद सिपाही)। पुलिस संस्मरण दिवस के मौके पर शहीद विनय भारती पार्क और पुलिस केन्द्र में शहीद जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दिया गया। शहीदों के परिजनों को सम्मान और पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष अब तक पूरे देश में 191 पुलिस बल के जवान और पदाधिकारी ने अपनी मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त की । उन शहीद जवानों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और बलिदान की स्मृति में पूरे देश की पुलिस संस्था 21 अक्टूबर को श्रद्धांजलि दिवस के रूप में मनाती हैं। इस मौके पर शहीद पुलिसकर्मियों की वीरता को याद करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गयी। उन्होंने कहा कि वर्तमान पुलिस बल को देश की सुरक्षा, जनता की सेवा और कानून-व्यवस्था की रक्षा में सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा दी जाती है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शहीद पुलिसकर्मी हमारे प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राण को न्योछावर कर जान की आहुति दी है। उस लकीर को कभी धूमिल नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमें यह स्मरण कराता है कि इस देश की मिट्टी पर कुर्बान होने के जज्बा हम सभी पुलिसकर्मियों को पौरुष को परिभाषित करता है। पूरे कर्तव्य काल में हम सभी पुलिसकर्मी पालन करने का भरपूर कोशिश करते हैं। पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि देशभक्ति का प्रतीक है। कर्तव्य पालन के दौरान पुलिस जवानों को कर्तव्य की बलि बेदी पर अपने जान न्योछावर करने का अवसर मिलता है, तो हम सब पुलिसकर्मी कभी पीछे नही हटते हैं। पुलिस कप्तान ने आए हुए शहीद के परिजनों को आश्वस्त करते कहा कि जब भी हमारे लायक कोई सेवा हो तो निसंकोच हमें बताइए, हम सभी आप सबों का भरपूर सहयोग करने की कोशिश करेंगे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल, सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल, चतरा एसडीपीओ संदीप सुमन, प्रशिक्षु डीएसपी वसीम रजा, सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे।

सोहाद में प्रज्ञा केंद्र का हुआ उद्घाटन

हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सोहाद गांव में प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि नावाडीह पंचायत समिति सदस्य ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यहां पर प्रज्ञा केंद्र के खुलने से विद्यार्थियों सहित ग्रामीण लोगों को सुविधा मिलेगी। प्रज्ञा केंद्र के संचालक सहेंद्र कुमार दास ने बताया कि सभी तरह के कार्य निष्पादन किये जायेंगे। जाति, स्थानीय, आय प्रमाण पत्र तथा पैन कार्ड, ड्राइव्वग लाइसेंस, स्कालरशिप, जमीन रसीद, इ-मेल तथा सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्य किये जायेंगे। कार्यक्रम में कंप्यूटर शिक्षक अनिल सिंह, गेरुआ पंचायत पूर्व पंचायत समिति मोहम्मद बबलू मियां, विलेश दास, विश्वनाथ सिंह, शेखर सिंह, विंदु पासवान, गौतम सिंह, वकील सिंह, अरविंद सिंह, रौशन लाल, गुलाम मुर्तजा, डोमन यादव, सूबेदार यादव आदि कई लोग उपस्थित थे।

शपथ पत्र

शपथ पत्र संख्या 05 दिनांक 11.10.2025 के अनुसार मैं, अर्चना कुमारी पति अनिल पाण्डेय, उम्र लगभग 40 वर्ष, धर्म-हिन्दु, राष्ट्रीयता- भारतीय, पेशा- गृहिणी, निवासी ग्राम- कॉटी, पोस्ट- तिलैया डैम, थाना- जयनगर, ओ०पी० तिलैया डैम, जिला- कोडरमा, शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान करती हूँ, कि:- 1. यह कि मेरा आधार नं0-5911 0550 0589 है। 2. यह कि मेरा नाम मेरे आधार कार्ड तथा सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में अर्चना कुमारी अंकित है परन्तु मेरा पुत्र अंसुमान कुमार के ग्रिजली विद्यालय के नामांकन रजिस्टर में मेरा नाम गलती से अर्चना देवी अंकित हो गया है। 3. यह कि अर्चना कुमारी एवं अर्चना देवी दोनों मेरा ही नाम है तथा मैं उपरोक्त दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ। 4. यह कि यह शपथ पत्र में अपना नाम अर्चना देवी के स्थान पर अर्चना कुमारी सुधार करवाने हेतु बनायी।

पुलिस संस्मरण दिवस पर पुलिस लाइन में परेड का आयोजन, शहीदों दी गयी श्रद्धांजलि

कर्तव्य पथ पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों को मेरा नमनः एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। पुलिस संस्मरण दिवस पर मंगलवार को पुलिस लाइन में झारखंड के एक जवान सहित देश भर के 191 वीर शहीदों को शस्त्र झुकाकर और मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान एसपी ने देश भर के शहीद जवानों का नाम पढ़कर उन्हें नमन करते हुए साथी उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना एवं सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शहीद जवानों का सर्वोच्च बलिदान हमेशा हम सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को प्रेरित करता रहेगा। मौके पर एसपी अजय कुमार ने कहा कि पुलिस संस्मरण दिवस का उद्देश्य है कि कर्तव्य पथ पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिस कर्मियों की चिरस्थाई स्मृति को सम्मान देने के लिए पूरे भारत में पुलिस बल हर साल 21 अक्टूबर को स्मृति दिवस के रूप में मनाते हैं। 21 अक्टूबर का महत्व इस तथ्य में निहित है कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में भारतीय क्षेत्र में एक आसमान टकराव में चीनी सेना द्वारा घात लगाकर 10 बहादुर पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी गयी। इन 10 वीर पुलिस कर्मियों की स्मृति को सम्मान देने के लिए 1962 में आयोजित पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर महानिरीक्षकों के सम्मेलन में हर साल 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि वीर सपूतों को मेरा नमन है जिन्होंने देश की सुरक्षा में अपना सर्वोच्च निछावर किया। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्य निर्वहन के दौरान कोई पुलिसकर्मी पीछे नहीं हटता है, बल्कि इस खाकी वर्दी की लाज रखते हुए दुश्मनों का आमना सामना करता है और अपनी जान की बाजी लगाकर इस देश की सुरक्षा को सर्वोच्च स्थान देता है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए बहुत ही गौरव का क्षण है।

ये थे उपस्थित

एसडीपीओ रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद, पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, मुख्यालय डीएसपी चंदन वत्स, प्रशिक्षु डीएसपी फौजन अहमद, सार्जेंट मेजर मंटू यादव, रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडे, रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, गोला सर्किल इंस्पेक्टर पंकज कुमार, मांडू सर्किल इंस्पेक्टर रजत कुमार, पतरातू सर्किल इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष सिंह, बेस्ट बोकारो अभी प्रभारी दीपक कुमार, मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार, गोला थाना अभिषेक कुमार, बासल थाना प्रभारी अख्तर अली, पतरातू थाना प्रभारी शिवकुमार गुप्ता, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार, सार्जेंट सन्नी कच्छप आदि उपस्थित थे।

इन राज्यों में इतने हुए शहीद

एसपी ने बताया कि आंध्र प्रदेश में शहीद पुलिस कर्मी 5, अरुणाचल प्रदेश में 1, असम में 2, बिहार में 8, छत्तीसगढ़ में 16, गुजरात में 3, कर्नाटक में 8, केरल में 1, मध्य प्रदेश में 11, महाराष्ट्र में 1, मणिपुर में 3, नागालैंड में 1, उड़ीसा में 2, पंजाब में 3 राजस्थान में 7, तमिलनाडु में 6, तेलंगाना में 5, त्रिपुरा में 2, उत्तर प्रदेश में 3 उत्तराखंड में 4, पश्चिम बंगाल में 12, चंडीगढ़ में 2, दिल्ली में 8 जम्मू कश्मीर में 14, लद्दाख में 1, असम राइफल में 2, बीएसएफ में 23, सीआईएसएफ में 6, सीआरपीएफ में 9, आइटीबीपी में 5, एसएसबी में 6, एनडीआरएफ में 1, आरपीएफ में 9 पुलिस कमीर्यो ने जान अपने कर्तव्य को निर्वहन करने के दौरान गवाई है। साथ ही झारखंड पुलिसकर्मी कांस्टेबल सुनील धान जिनकी कर्तव्य पथ पर अपनी इन्होंने अपनी जान गवाही है।

दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

ई–निविदा क्रमांक: ई–निविदा/जीएसयू/2025/06, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर–721301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई–निविदा आमंत्रित की जाती है और 15.30 बजे खोली जाएगी। **क्रम सं., निविदा सं. एवं कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैं: **(1) ई/केजीपी/जीएस/ 9/2025,** खड़गपुर मंडल में अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत आंदुल और उलुबेड़िया स्टेशनों पर 6 मीटर चौड़े एफओबी (फुट ओवर ब्रिज) का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 17,74,13,373.75, **बयाना राशि:** रु. 10,37,100/–, **(2) ई/केजीपी/ जीएस/11/2025,** खड़गपुर मंडल में अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत बगनान और पांशकुड़ा स्टेशनों पर 6 मीटर चौड़े एफओबी (फुट ओवर ब्रिज) का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु.17,82,57,617.76, **बयाना राशि:** रु.10,41,300/–, **(3) ई/केजीपी/ जीएस/12/2025,** खड़गपुर मंडल में अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत मेचेदा स्टेशन पर 2 अदद 6 मीटर चौड़े एफओबी (फुट ओवर ब्रिज) और तमलुक स्टेशन पर 1 अदद 6 मीटर चौड़े एफओबी (फुट ओवर ब्रिज) का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु.42,76,34,279.31, **बयाना राशि:** रु.22,88,200/–, **निविदा कागजात की लागत:** रु.0.00 (प्रत्येक हेतु)। **खुलने की तिथि:** 07.11.2025 (प्रत्येक हेतु)। **कार्य की समाप्ति अवधि:** 12 माह (प्रत्येक हेतु)। **बोली लगाने की प्रारंभ तिथि:** 24.10.2025 से 07.11.2025 को 15.00 बजे तक। इच्छुक निविदाकार निविदाओं के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देशों के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **द्रष्टव्य:** संभावित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से "www.ireps.gov.in" देख सकते हैं। (PR-747)

खात्मे की ओर नक्सली आंदोलन

छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में दो दिनों के भीतर 258 नक्सलियों का सरेंडर बड़ी कामयाबी है। कभी जो लाल गलियारा करीब 200 जिलों तक फैला हुआ था, अब सिमटकर 11 में रह गया है। लगता है कि नक्सलवाद अब अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है।

नक्सली की जड़ को उखाड़ा : सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अभी तक सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 312 नक्सली मारे जा चुके हैं, जबकि 836 को गिरफ्तार किया गया है। इस साल मई में जब सुरक्षाबलों ने उढक(माओवादी) के जनरल सेक्रेटरी नरसिम्हा उर्फ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू को मार गिराया, तो नक्सल आंदोलन के केंद्र पर वह सबसे बड़ा वार था।

नेतृत्व विहीन हुआ : नक्सलियों में कई पोलित ब्यूरो के सदस्य भी थे, जिनके बाद आंदोलन नेतृत्वविहीन हो गया। चौतरफा पड़ रहे दबाव का नतीजा है कि बड़ी संख्या में नक्सली हथियार डाल रहे हैं। केवल इस साल ही अभी तक 16 सौ से ज्यादा नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। इन लोगों का मुख्यधारा से जुड़ने का फैसला बताता है कि सशस्त्र आंदोलन की जिस वैचारिकी पर इन्हें यकीन था, वह टूट चुका है।

हालांकि चुनौती यहीं खत्म नहीं होती। सरकार ने 2015 में एक नैशनल पॉलिसी और एक्शन प्लान को मंजूरी दी थी, जिसमें विकास कार्य और स्थानीय समुदायों के अधिकारों व हकों को सुनिश्चित करना भी शामिल था।

लोगों में भरोसा : नक्सल विरोधी आंदोलन इस पैमाने पर शायद सफल न हो पाता, अगर स्थानीय लोगों का समर्थन न मिलता। नक्सलियों ने दशकों तक आदिवासी इलाकों में डर के दम पर शासन किया। उन्होंने अपने मतलब के लिए स्थानीय लोगों को बाकी देश और विकास योजनाओं से दूर रखा। लेकिन, जैसे-जैसे इन क्षेत्रों में सरकारी योजनाएं पहुंचीं, नक्सलियों की पकड़ भी ढीली होती गई।

अगली चुनौती : हालांकि चुनौती यहीं खत्म नहीं होती। सरकार ने 2015 में एक नैशनल पॉलिसी और एक्शन प्लान को मंजूरी दी थी, जिसमें विकास कार्य और स्थानीय समुदायों के अधिकारों व हकों को सुनिश्चित करना भी शामिल था। इसके बाद नक्सल प्रभावित इलाकों के लिए कई प्रोग्राम और स्कीम्स लाए गए।

आदिवासियों का हक : हिंसा से उबरने के बाद अगला बड़ा काम होगा इन परियोजनाओं में तेजी लाना। हर निर्णय और नीति के केंद्र में स्थानीय समुदाय, खासकर आदिवासी होने चाहिए। सरकार सुनिश्चित करे कि बदलाव की हवा समाज के उस तबके तक पहुंचे, जो दशकों से इससे वंचित रहा है।

अभिमत
आजाद सिपाही

भाजपा और संघ के कार्यकर्ता इन दिनों इस स्वदेशी अभियान को मजबूती से आगे बढ़ाने में जुटे हैं। अगले तीन महीने में वे लोगों को भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करेंगे। जिससे आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी द्वारा शुरू किये गये स्वदेशी एवं स्वावलंबन के ऐतिहासिक अभियान को फिर से स्थापित किया जा सके। इसी क्रम में पिछले दिनों एक दीवाली मेले के दौरान दक्षिण दिल्ली के महरौली और वसंत कुंज क्षेत्र के भाजपा विधायक गजेंद्र यादव ने उपस्थित जन समुदाय से स्वदेशी को अपनाने की अपील की।

जनता की भागीदारी के बिना 'स्वदेशी' का नारा सिर्फ नारा ही रहेगा

विनीत नारायण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधनों में वोकल फॉर लोकल और हर घर स्वदेशी की अपील के जरिए आम जनता से भारतीय वस्तुओं को अपनाने का आग्रह किया है। इसका उद्देश्य आर्थिक आत्मनिर्भरता, देशी उद्योगों व रोजगार बढ़ाना और भारत के आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक मजबूत कदम उठाना है। इस अभियान के जरिए देशभर में युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों सहित सभी वर्गों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें 20,000 से अधिक आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान, 1,000 से ज्यादा मेले और 500 संकल्प रथ यात्राएं आयोजित करने का भाजपा का कार्यक्रम है।

भारत के किसी भी छोटे बड़े शहर, गांव या कस्बे में चले जाइए तो आपको गंदगी के अंबार पड़े दिखायी देंगे। इसलिए इस अभियान का निकट भविष्य में भी सफल होना संभव नहीं लगता। क्योंकि जमीनी चुनौतियां ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। स्वदेशी अभियान की सफलता भी जन-जागरण, सतत निगरानी और व्यवहार परिवर्तन पर निर्भर करती है।

भाजपा और संघ के कार्यकर्ता इन दिनों इस स्वदेशी अभियान को मजबूती से आगे बढ़ाने में जुटे हैं। अगले तीन महीने में वे लोगों को भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करेंगे। जिससे आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी द्वारा शुरू किये गये स्वदेशी एवं स्वावलंबन के ऐतिहासिक अभियान को फिर से स्थापित किया जा सके। इसी क्रम में पिछले दिनों एक दीवाली मेले के दौरान दक्षिण दिल्ली के महरौली और वसंत कुंज क्षेत्र के भाजपा विधायक गजेंद्र यादव ने उपस्थित जन समुदाय से स्वदेशी को अपनाने की अपील की। विडंबना देखिए कि जिस मंच से यादव पूरी गंभीरता से ये अपील कर रहे थे, उसी मंच के सामने, मेले के आयोजकों ने, चीन के बने खिलौनों की दुकानें सजा रखी थीं और विदेशी कारों के दो मॉडलों को इस मेले में बिक्री के लिए रखवाया हुआ था।

दीवाली पर लक्ष्मी पूजन के लिए गणेश-लक्ष्मी जी के विग्रह अब चीन से ही बन कर आते हैं।

आम जीवन में ऐसा विरोधाभास हर जगह देखने को मिलेगा। क्योंकि पिछले चार दशकों में शहरी भारतवासी अपने दैनिक जीवन में ढेरों विदेशी उत्पाद प्रयोग करने का आदी हो चुका है। फिर भी भाजपा का हर सांसद, विधायक और कार्यकर्ता इस अभियान को उत्साह से चला रहा है। उनका ये प्रयास सही भी है, क्योंकि दीपावली पर देश भर के हिंदुओं द्वारा भारी मात्रा में खरीदारी की जाती है। पिछले दो दशकों से क्रमशः चीनी माल ने भारत के बाजारों को अपने उत्पादनों से पाट दिया है।

दीवाली पर लक्ष्मी पूजन के लिए गणेश-लक्ष्मी जी के विग्रह अब चीन से ही बन कर आते हैं। पटाखे और बिजली की लड़ियां भी अब चीन से ही आती हैं। इसी तरह राखियां, होली के रंग, पिचकारी, जन्माष्टमी के लड्डू गोपाल एवं अन्य देवताओं के विग्रह भी वामपंथी चीन बना कर भेज रहा है, जो भगवान के अस्तित्व को ही नकारता हैं। ये कितनी शर्म और दुर्भाग्य की बात है। इससे हमारे कारीगरों और दुकानदारों के पेट पर गहरी लात पड़ती है।

उधर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लागू की गयीं बेहूदा आयात शुल्क दरों को देखकर भी हमें जागना होगा। हमें अपने उपभोग की तरीकों को बदलना होगा। इसलिए जहां तक संभव हो हम भारत में निर्मित वस्तुओं का ही प्रयोग करें। किसी भी अभियान को प्रचारित करना आसान होता है, जोकि अखबारों और टीवी विज्ञापनों के जरिए किया जा सकता है। पर उस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि देश की जनता ने उसे किस सीमा तक आत्मसात किया। अब मोदीजी के स्वच्छ भारत अभियान को ही ले लीजिए। जितना इस अभियान का शोर मचा और प्रचार हुआ उसका 5 फीसदी भी धरातल पर नहीं उतरा।

भारत के किसी भी छोटे बड़े शहर, गांव या कस्बे में चले जाइए तो आपको गंदगी के अंबार पड़े दिखायी देंगे। इसलिए इस अभियान का निकट भविष्य में भी सफल होना संभव नहीं लगता। क्योंकि जमीनी चुनौतियां ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। स्वदेशी अभियान की सफलता भी जन-जागरण, सतत निगरानी और व्यवहार परिवर्तन पर निर्भर करती है। अगर आम नागरिक इसमें सक्रिय भूमिका निभाएं, तभी यह आंदोलन सफल होगा। निःसंदेह स्वच्छ भारत अभियान मोदीजी की एक प्रशंसनीय पहल थी। पहली बार किसी प्रधान मंत्री ने हमारे चारों ओर दिनों-दिन जमा होते जा रहे कूड़े के ढेरों की बढ़ती समस्या के निस्तारण का एक देश व्यापी अभियान छेड़ा था। उस समय बहुत से नेताओं, फिल्मी सितारों, मशहूर खिलाड़ियों एवं उद्योगपतियों तक ने हाथ में झाड़ू पकड़ कर फोटो खिंचवा कर इस अभियान का श्रीगणेश किया था। पर सोचें आज हम कहां खड़े हैं?

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी सफाई व्यवस्था बनाना अब भी एक बड़ी चुनौती है। कचरा पृथक्करण, पुनः उपयोग और रीसाइक्लिंग की जागरूकता में अपेक्षाकृत कमी दिखती है। कुछ जगहों पर शौचालयों के रख-रखाव, जलापूर्ति और व्यवहार परिवर्तन को लेकर समस्याएं बनी हुई हैं। इसलिए अभियान के उद्देश्य और जमीनी सच्चाई में अंतर बना हुआ है और अनेक स्थानों पर पुराने तरीकों का पालन अब भी हो रहा है। दिल्ली हो या देश का कोई अन्य शहर यदि कहीं भी एक औचक निरीक्षण किया जाये, तो स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का पता चल जायेगा। यदि इतने बड़े स्तर पर शुरू किये गये अभियान की सफलता अगर काफी कम पाई जाती है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? निःसंदेह स्थानीय निकाय जिम्मेदार हैं। किंतु हम सब नागरिक भी कम जिम्मेदार नहीं हैं।

उल्लेखनीय है कि यदि हम नागरिक किसी साफ-सुथरे मॉल या अन्य स्थान पर जाते हैं, तो सभी नियमों का पालन करते हैं। कचरे को केवल कूड़ेदान में ही डालते हैं। इस तरह हम एक साफ-सुथरी जगह को साफ रखने में सहयोग अवश्य देते हैं। लेकिन ऐसा क्या कारण है कि जहां किसी नियम को सख्ती से लागू किया जाता है, तो हम पूरा सहयोग देते हैं, परंतु जहां कहीं भी किसी नियम को लागू करने में एजेंसियां ढिलाई बरतती हैं या हमारे विवेक पर छोड़ देती हैं तो आम नागरिक भी उसे हल्के में ले लेता है।

आश्चर्य की बात तो यह है कि हम सब जानते हैं कि लगातार कचरे के ढेरों का, हमारे परिवेश में चारों तरफ बढ़ते जाना, हमारे व हमारी आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य के लिए कितना खतरनाक है? फिर भी हम सब निष्क्रिय बैठे हैं। हमें जागना होगा और इस समस्या से निपटने के लिए सक्रिय होना होगा। इसलिए नारे चाहे स्वच्छता के लगें या स्वदेशी के, जनता की भागीदारी के बिना, नारे-नारे ही रहेंगे।

कोल्हान की खबरें

श्री श्री दक्षिणेश्वरी मां काली का भव्य श्रृंगार और विशेष पूजा संपन्न

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। कार्तिक मास की अमावस्या के पावन अवसर पर श्री श्री दक्षिणेश्वरी काली मंदिर, इस्ट प्लांट बस्ती में सोमवार को मां काली का भव्य श्रृंगार और विशेष पूजा विधिवत रूप से संपन्न हुई। इस शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर मां काली के दर्शन किए और पूजा-अर्चना में भाग लिया। पूजा के उपरांत मंदिर कमिटी की ओर से श्रद्धालुओं के बीच भोग का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर कमिटी के अध्यक्ष गलविंदर सिंह ग्वाले ने की। उन्होंने बताया प्रत्येक माह की अमावस्या को मंदिर में मां काली का विशेष श्रृंगार और पूजा का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि कार्तिक अमावस्या का धार्मिक दृष्टिकोण से विशेष महत्व है, क्योंकि इस दिन दीपावली का पर्व भी मनाया जाता है और इसके छठे दिन लोक आस्था का महापर्व छठ आरंभ होता है।इस अवसर पर मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतिया दी।विशेष पूजा का अनुष्ठान बांकुड़ा निवासी पूरोहित शिव शंकर चौधरी द्वारा संपन्न कराया गया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में उमाशंकर बेरा, सुजीत राउत, हरिशचंद्र प्रसाद, अरुण प्रसाद, दुगार्नंद दुबे, राजीव कुमार झा, कमलेश राय, राजेश पाठक, संतोष सिंह, रंजीत, अजीत सहित समिति के अन्य सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।

हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स ट्राइबल वेलफेयर एसोसिएशन की नयी प्रदेश कार्यकारिणी का गठन

गम्हरिया (आजाद सिपाही)। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स ट्राइबल वेलफेयर एसोसिएशन की नयी प्रदेश कार्यकारिणी का गठन कलिंगा बुद्ध मंडप, भुवनेश्वर के अधिवेशन में किया गया। अधिवेशन की अध्यक्षता राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. करुणाकर प्रधान ने की। ध्वजारोहण और दीप प्रज्वलन के पश्चात महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। घोषित पदाधिकारियों में नव चरण मांझी को प्रदेश अध्यक्ष, जबकि ओडिशा के खेल मंत्री सूर्यवंशी सूरज (मंत्री, शासन ओडिशा) को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। जाजपुर के सांसद डॉ. रवींद्र नारायण बेहरा (सांसद, लोकसभा जाजपुर) पहले से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर आसीन हैं। राष्ट्रीय स्तर पर अमित मोदक को राष्ट्रीय संगठन आयुक्त, दुर्गा चरन तांती को राष्ट्रीय संयुक्त सचिव, सुश्री राजलक्ष्मी को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष तथा डॉ. सरमिला बेहरा को राष्ट्रीय आयुक्त (गाइड) पद पर पुष्टि की गई।प्रदेश इकाई में लम्बोदर प्रधान (उपाध्यक्ष), अशिष कुमार जेना (प्रदेश सचिव), सामोन बिड़िका (संयुक्त सचिव), चौधुरी बेहरा (प्रदेश कोषाध्यक्ष), सुधर्शन लेंका (प्रदेश आयुक्त स्काउट), गितांजलि राउत (प्रदेश आयुक्त गाइड), कुरूक्षेत्र धानगढ़ (प्रदेश आयोजन आयुक्त), सुवेश कुमार साहू (प्रदेश मुख्य आयुक्त), त्रिनाथ गौड़ा (प्रदेश प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट), सागरिका देहुरी (प्रदेश मुख्यालय आयुक्त गाइड), दिलीप मालिक (सहायक प्रदेश आयुक्त) एवं उमाकांत जेना (प्रदेश परिषद सदस्य) शामिल हैं।अधिवेशन में पारित प्रस्ताव के अनुसार आगामी कार्यकाल में जनजातीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में संगठन की नई इकाइयों की स्थापना, छात्र-नेतृत्व निर्माण, राष्ट्रसेवा आधारित कार्यक्रम और बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जायेगी। राष्ट्रीय संगठन आयुक्त अमित मोदक ने अधिवेशन के पश्चात कहा संगठन वर्तमान समय में तेजी से जमीनी विस्तार कर रहा है।

सरायकेला में मना पुलिस संस्मरण दिवस, शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

शहीदों का त्याग और समर्पण समाज के लिए प्रेरणास्रोत : मुकेश कुमार लुणायत

आजाद सिपाही संवाददाता

सरायकेला। पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर सरायकेला पुलिस केंद्र स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मंगलवार को एसपी मुकेश कुमार लुणायत सहित पुलिस पदाधिकारियों व जवानों ने

कर्तव्य पालन करते हुए शहीद हुए वीर पुलिसकर्मियों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके साहस व बलिदान को याद किया। एसपी ने कहा शहीदों का त्याग व समर्पण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और हमें उनके पदचिन्हों पर चलते हुए कर्तव्यनिष्ठा के साथ सेवा करनी चाहिए।इस अवसर पर कार्यक्रम की गरिमा और भावनात्मकता ने सभी उपस्थितजनों को भाव-विभोर कर दिया।

दुबई की एस्टर डीएम हेल्थकेयर और एक्सएलआरआइ के बीच हुआ एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट जमशेदपुर और दुबई की एस्टर डीएम हेल्थकेयर के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ। इस एमओयू पर एक्सएलआरआइ की ओर से संस्थान के डायरेक्टर डॉ. (फादर) सेबेस्टियन जॉर्ज, एस.जे. जबकि एस्टर डीएम हेल्थकेयर की ओर से ग्रुप चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर जैकब ने हस्ताक्षर किये। इस मौके पर प्रो. सुनील सरंगी, प्रो. गिरिधर रामचंद्रन, रजनी रंजन और आशीष पाल उपस्थित थे। इस अवसर पर एक लीडरशिप टॉक का भी आयोजन किया गया। कैटलिस्ट ऑफ बिजनेस ग्रोथ : द न्यू डायमेंशंस ऑफ टेक्नोलॉजी एंड पिपुल विषयक इस लीडरशिप टॉक में मुख्य वक्ता के रूप में एस्टर डीएम हेल्थकेयर, दुबई के ग्रुप

चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर जैकब ने कहा कि आज के समय में तकनीक और लोगों की भागीदारी मिलकर व्यवसायिक सफलता की सबसे बड़ी ताकत बन गयी है। इस अवसर पर एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर डॉ. (फा.) सेबेस्टियन जॉर्ज, एस.जे. ने कहा कि यह साझेदारी शिक्षा और उद्योग के बीच ज्ञान, अनुभव और इनोवेशन का सशक्त पुल बनेगी। कॉरपोरेट रिलेशंस और प्लेसमेंट के संयोजक प्रो. कनकराज अय्यालुस्वामी ने कहा कि इस सहयोग से छात्रों को उद्योग के साथ प्रत्यक्ष जुड़ाव और नेतृत्व विकास के अवसर मिलेंगे। एस्टर डीएम हेल्थकेयर की टीम से शाहेद अब्दुल रहमान, मनीष सिंह और फेबिना अब्दुल रहमान भी शामिल हुए। एस्टर की ओर से कहा गया कि कंपनी भावी मैनेजरों को उद्योग की वास्तविक चुनौतियों और अवसरों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में एस्टर की नेतृत्व टीम और एक्सएलआरआइ के पीजीडीएम छात्रों के बीच संवाद हुआ।

छठ महापर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर

आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। छठ महापर्व को लेकर आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 28, रोड नंबर 32 स्थित खरकाई नदी छठ घाट पर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। जन कल्याण मोर्चा, झारखंड लीगल एडवाइजरी एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन और भगवती संघ आदित्यपुर के संयुक्त तत्वावधान में घाट को सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित बनाने की दिशा में व्यापक कार्य किया जा रहा है। छठ घाट पर साफ-सफाई, पथ प्रकाश, साउंड सिस्टम, तोरणद्वार निर्माण, नदी किनारे की सजावट और अस्थाई चेंजिंग रूम की व्यवस्था की जा रही है। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर छठ पूजा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए एक आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसकी निगरानी अधिवक्ता डी. एन. ओझा और अभियंता अमरेश कुमार कर रहे हैं। समिति में कई स्थानीय समाजसेवी व नागरिक सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जन कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष अधिवक्ता ओम प्रकाश ने बताया छठ पर्व श्रद्धा और आस्था का पर्व है। इसे शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराना हम सबकी कतब्य है।

जमशेदपुर में नव युवक काली पूजा समिति का भव्य मेला 29 अक्टूबर तक

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। काली पूजा के पावन अवसर पर गोविंदपुर सामुदायिक विकास मैदान में नव युवक काली पूजा समिति द्वारा भव्य मेला मुख्य अतिथि टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महासचिव आर. के. सिंह, अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद द्वारा किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य डॉ. परितोष सिंह, पूर्व अध्यक्ष गुरमीत सिंह टोटे, समाजसेवी सुनील सिंह, गोपाल सिंह एवं संतोष तिवारी शामिल रहे। मेले में विभिन्न प्रकार के झूले, विशेष रूप से तोरा-तौरा झूला बच्चों और युवाओं के बीच खासा आकर्षण का केंद्र बनी रही। वहीं खाने-पीने की वस्तुएं, खिलौने, परिधान, हस्तशिल्प और मनोरंजन की अन्य सामग्रियों की रंग-बिरंगी दुकानें भी मेले की शोभा बढ़ा रही हैं।कार्यक्रम का संचालन रमेश अग्निहोत्री, स्वागत भाषण सतवीर सिंह बग्गा और धन्यवाद ज्ञापन शंभु सिंह ने की। मेले का आयोजन आगामी 29 अक्टूबर तक जारी रहेगा। आयोजकों ने लोगों से मेले में पहुंचकर मनोरंजन और सांस्कृतिक एकता का आनंद उठाने की अपील की।

मनोहरपुर में गोवर्धन पूजा पर कुड़मी समाज का सांस्कृतिक कार्यक्रम



मनोहरपुर (आजाद सिपाही)। दीपावली की पूर्व संध्या पर कुड़मी समाज द्वारा गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम और रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। ढोल-मादल की थाप पर पारंपरिक कुड़माली गीतों और नृत्यों की प्रस्तुति ने लोक संस्कृति का सुंदर दृश्य प्रस्तुत किया। तीन दिवसीय महोत्सव की शुरुआत इसी कार्यक्रम से हुई। अगले दो दिनों में गोहाल पूजन व बेल खूंटा कार्यक्रम संपन्न होंगे। आयोजन में समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

दुकान से चार लाख के जेवर की चोरी

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। परसुडीह थाना क्षेत्र के छोटा गोविंदपुर स्थित एसके ज्वैलर्स में बीते रात चोरों ने दीवार काटकर संेधमारी की और करीब चार लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर व नकद चुरा लिए। सोमवार सुबह दीवार टूटा देख घटना की जानकारी मिली। दुकान का सीसीटीवी कैमरा खराब होने के कारण चोरों की पहचान में मुश्किल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटना के बाद स्थानीय व्यवसायियों में दहशत का माहौल है।

करके गांव में कुआं से नवविवाहिता का शव बरामद, हत्या का आरोप

डंडई (गढ़वा) (आजाद सिपाही)। डंडई थाना क्षेत्र के करके गांव में मंगलवार को एक नवविवाहिता का शव कुएं से बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी। मृतका की पहचान अजय राम (पिता स्व. विनोद राम) की पत्नी कविता कुमारी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। मृतका के पिता उमेश राम ने डंडई थाना में दामाद सहित ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि मई 2024 में बेटी की शादी धूमधाम से अजय राम से की थी। शादी के बाद से ही कविता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। दहेज की मांग पूरी न होने पर पति अजय राम, सतीश राम, दशमी देवी और रीना देवी ने मिलकर उनकी बेटी की हत्या कर दी और शव को कुएं में फेंक दिया। थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने बताया कि शव सड़ा-गला मिला है और उसकी मौत दो-तीन दिन पहले हुई प्रतीत होती है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

जमीनी विवाद में महिला ने पुलिस वाहन रोक कर किया प्रदर्शन

आनंद की पत्नी मधु देवी ने बताया कि सोमवार को सुमन गुप्ता की पत्नी ने उनके दरवाजे पर सफाई करते हुए गंदा पानी फेंक दिया, जिससे विवाद शुरू हो गया

आजाद सिपाही संवाददाता

कांडी। थाना क्षेत्र के खरौंधा गांव में सोमवार को एक जमीनी विवाद को लेकर हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। गांव निवासी आनंद कुमार गुप्ता की पत्नी मधु देवी ने पुलिस की गाड़ी के बोनट पर बैठकर न्याय की मांग की।

जानकारी के अनुसार, खरौंधा निवासी आनंद कुमार गुप्ता ने अपने ही भाई सुमन कुमार गुप्ता पर जमीन विवाद से जुड़ा गंभीर आरोप लगाया है। आनंद का कहना है कि उसके पिता बद्री प्रसाद गुप्ता द्वारा कुछ जमीन सुमन कुमार गुप्ता के नाम लिखी गयी थी, जिसकी पहचान जयनगरा गांव निवासी रामपुकार साह के पुत्र सोनू गुप्ता ने कराई थी। आनंद का आरोप है कि इसी विवाद को लेकर सोनू उसे लगातार जान से मारने की धमकी देता है और गाली-गलौज करता है।

पुलिस की गाड़ी को रोकी महिला।

आनंद की पत्नी मधु देवी ने बताया कि सोमवार को सुमन गुप्ता की पत्नी ने उनके दरवाजे पर सफाई करते हुए गंदा पानी फेंक दिया, जिससे विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान सोनू गुप्ता मौके पर पहुंचा और आनंद व उसकी पत्नी को गोली मारने की धमकी देने लगा। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए सोनू को पकड़ लिया, जिसके बाद सोनू ने खुद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो ग्रामीणों ने पुलिस वाहन का घेराव कर लिया। इसी बीच मधु देवी पुलिस की गाड़ी के बोनट पर बैठ गईं और कहा कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, वह गाड़ी नहीं उतरेंगी। यह नाटकीय दृश्य करीब दो घंटे तक चलता रहा। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अशफाक आलम दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और समझा-बुझाकर भीड़ को तितर-बितर किया। बाद में पुलिस ने आनंद, सुमन और सोनू तीनों को थाना लाकर पूछताछ की। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में थाना कांड संख्या 116/25 और 117/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वहीं सोनू गुप्ता के विरुद्ध धारा 107 के अंतर्गत कार्रवाई की गयी है।

प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम में पहुंचे लिटिल स्टार सिंगर आर्यन बाबू : माथा टेक कर लिया आशीर्वाद

संचालन समिति के पदाधिकारियों से कहा, दूर तलक है मां की प्रसिद्धि

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल । लिटिल स्टार आर्यन बाबू ने मंगलवार को प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम में अपने पिताजी एवं टीम के साथ पहुंचकर दर्शन पूजन कर देवी देवताओं का आशीर्वाद लिया। इसके बाद देवी धाम संचालन समिति के पदाधिकारियों, समाजसेवियों तथा संगीत प्रेमियों से मिलकर खूब स्नेह प्यार लुटाया। इस मौके पर लिटिल स्टार ने कहा कि मां शायर देवी धाम की प्रसिद्धि दूर तलक है। बता दें कि मां शायर देवी धाम के पांचवां वार्षिकोत्सव सह चैत्र नवरात्र महोत्सव के अवसर पर

लिटिल स्टार आर्यन बाबू का भव्य भक्ति जागरण का आयोजन हुआ था। तभी से आर्यन बाबू मां का भक्त बन गये हैं। मंगलवार को मेराल के पड़ोसी गांव हरादाग कला के कुनराही टोला में दीपावली के अवसर पर आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम में अपनी टीम के साथ कला का प्रदर्शन करने जाने के क्रम में वे मां शायर देवी के दरबार में पहुंचे। बैगा महावीर सिंह ने सभी को तिलक लगाकर मां का आशीर्वाद दिया। उस मौके पर देवी धाम संचालन समिति के मुख्य संरक्षक संजय भगत, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, मुखिया रामसागर महतो, पश्चिमी मुखिया पति मुन्ना राम, मनोज जायसवाल, रुपु महतो, धनंजय चौधरी, अशोक राम, कृष्णा प्रसाद, विनोद चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

भवनाथपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपावली, भक्तों की उमड़ी भीड़

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में दीपों का पर्व दीपावली शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीगणेश और मां लक्ष्मी की वैदिक रीति-रिवाजों से पूजा-अर्चना की। खरौंधी मोड़ पर माता लक्ष्मी एवं श्रीगणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित की गयी, जहां पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। पूजा के पश्चात महाप्रसाद का वितरण सुरेश गुप्ता और सोनू गुप्ता के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि कुमार, सचिव रमाकांत कुमार, कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार, संचालक सिद्धार्थ गुप्ता और सदस्य गोलू गुप्ता, ओम कुमार, कमलेश कुमार, श्रीकांत कुमार एवं पीयूष कुमार सहित अन्य युवाओं की अहम भूमिका रही। दीपों की रोशनी से पूरा क्षेत्र जगमगा उठा।

मेराल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपोत्सव

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दीपोत्सव का त्यौहार उत्साह, उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीयों की रोशनी, रंग-बिरंगी झालरें और आतिशबाजी की गूंज से सोमवार की रात रौनक भरी बनी रही। प्रखंड मुख्यालय सहित कई सार्वजनिक स्थानों पर मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गयी। गेरुआ के करीयईजरही में लक्ष्मी पूजा के अवसर पर आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी तथा मुखिया अनिल चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया, वहीं प्रखंड मुख्यालय के पूवार्रटोला बड़का खलिहान में स्थानीय बजरंग ड्रामा पार्टी के नाट्य मंचन कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, मुखिया रामसागर महतो ने फीता काट कर किया। कुछ जगहों को छोड़कर मंगलवार को गाजे बाजे के साथ जुलूस निकालकर मां लक्ष्मी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

समाजसेवी रामलखन राम का निधन, श्रद्धांजलि

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल अंतर्गत सदर प्रखंड के ग्राम पिंडरा निवासी जाने-माने समाजसेवी रामलखन राम का 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। समाजसेवी रामलखन राम का निधन का खबर सुनकर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए गणमान्य व्यक्तियों की तांता लगा रहा। इस अवसर पर तमगेकला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राधेश्याम सिंह ने कहा कि रामलखन राम एक जुझारू और संघर्षशील व्यक्ति थे जिन्होंने जीवन भर अपने गांव समाज के लिए उनके सुख-दुख में शामिल रहे और सहयोग किया। पंचायत सचिव संघ गढ़वा जिला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रभूलयाल जी ने कहा कि समाजसेवी रामलखन राम के निधन से समाज को भारी क्षति हुई है। उनके नहीं रहने से उनकी कमी सदैव खलेगी। स्व० रामलखन राम को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में डीलर बालकेश्वर राम, वार्ड सदस्य जवाहर प्रसाद, पंचायत सचिव परमानंद राम, संजय कुमार रवि, रामयाद राम, जेठू सिंह, बिगन सिंह, नारद सिंह, गिरिनाथ सिंह, बिरेंद्र यादव, इन्ददेव प्रसाद आदि का नाम शामिल है। इनका दाह संस्कार में सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

ग्राम बलियारी में होगा श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ अन्नु बाबु बने यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। दीपावली के दिन ग्राम बलियारी के ग्रामीणों के द्वारा बलियारी के ठाकुबाड़ी के प्रांगण में बैठक आहूत की गयी। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आयोजन को लेकर अपने-अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। इसके बाद बैठक में सर्वसम्मति से यज्ञ आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें ग्राम के वरिष्ठजन श्री शिशु गोविन्द मिश्रा, जयराम दूबे, रामनाथ दुबे, जामुन साव, गुप्तेश्वर दुबे, कामेश्वर दूबे, श्याम बिहारी दुबे, अवधेश दुबे, शंभू दुबे सहित 51 लोगों को संरक्षक बनाया गया। गांव के प्रमुख समाजसेवी रहे स्व0 उदय दुबे के पुत्र आनंद प्रकाश दुबे उर्फ अन्नु बाबू को यज्ञ समिति का अध्यक्ष बनाया गया, जबकि रामलाला दुबे को कार्यकारी अध्यक्ष बनाय गया। इसके अतिरिक्त गिरिवर दुबे, धर्मेंद्र दुबे,

लखन चंद्रवंशी, सुजीत दुबे, शैलेश दुबे, सत्येंद्र साह, शशीरंजन दुबे, अनुग्रह नारायण दुबे, गोपाल यादव सहित अन्य लोग को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार शशि कांत दुबे उर्फ डब्लू को प्रधान सचिव और विनोद कुमार दुबे एवं शिवनारायण दुबे को सचिव बनाया गया। संयुक्त सचिव में प्रदीप दुबे सहित अन्य लोग को बनाया गया। जबकि कोषाध्यक्ष के रूप में राजेश कुमार दुबे अधिवक्ता, शशि कांत द्विवेदी उर्फ सोनू, शंभूनाथ दुबे, नवनीत दुबे, सुनील चंद्रवंशी, योगेंद्र दुबे को बनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी के रूप में सुनील कुमार दुबे को बनाया गया, व्यवस्था प्रभारी योगेंद्र दुबे, बीरेंद्र दुबे इयार, ओमप्रकाश, बच्चू चंद्रवंशी को बनाया गया। यज्ञ समिति के मीडिया प्रभारी के रूप में लव कुमार दुबे, धीरज दुबे नेता, शशि कांत द्विवेदी उर्फ सोनू के नाम पर सहमति प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त ग्राम के युवा प्रकाश दुबे, पुजारी, झुरी, संतोष कुमार, अनिल विश्वकर्मा, राजन दुबे, शिवम, सोनल, बबलू, राजू साह, बिगन, राजा बाबू, अंकित दुबे, प्रवीण दुबे सहित अन्य सभी युवाओं को कार्यकारिणी में रखा गया है।

समिति के गठन के बाद निर्णय लिया गया कि ग्राम बलियारी के ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में यज्ञ का अयोजन किया जायेगा। 03.11.2025 रविवार को अगली बैठक ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में होगा, जिसमें यज्ञ समिति के पदाधिकारी के साथ-साथ बलियारी ग्राम के सभी निवासी उपस्थित होंगे। जिसमें आयोजन की अंतिम रूप-रेखा एवं आयोजन हेत विभिन्न समितियां जैसे स्वागत समिति, आमंत्रण समिति, यज्ञशाला और पूजा समिति, मंच संचालन समिति, पार्किंग प्रभारी, भंडारा प्रभारी, व्यवस्था प्रभारी का जिम्मेवारी दिया जायेगा। अंत में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ के जयकारा के साथ सभी को दीवावली की शुभकामना देते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम का एसडीएम ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। दीपावली शुभ अवसर पर कान्हा इंटरप्राइजेज, शाहपुर रोड, टंडवा में इलेक्ट्रिक स्कूटर के शो रूम का गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर एसडीएम संजय पांडेय ने कहा कि आने वाला समय इलेक्ट्रिक वाहनों का ही है। इससे पर्यावरण के हित के साथ लोगों के खर्चे में भी काफी बचत होगी। उन्होंने कहा कि गाड़ी के रेंज के हिसाब से यह काफी सस्ती गाड़ी है। उन्होंने कान्हा इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर चंदन पांडेय की काफी सहारना की। एसडीएम ने कहा कि यह दीपावली पर उन्होंने जिलावासियों को एक उपहार स्वरूप यह प्रतिष्ठान दिया है। संचालक चंदन पांडेय ने बताया कि हमारे यहां सभी तरह के लो रेंज में लंबी दूरी चलने के लिए इलेक्ट्रिक स्कूटर है। जिससे कि ग्राहक को आर्थिक बचत होगी। उद्घाटन कार्यक्रम में कार्यक्रम में शहर के सम्मानित लोग उपस्थित हुए जिसमें कि अलख नाथ पांडेय, अशोक पांडेय, अशोक तिवारी, अजय कुमार तिवारी, अभिमनु चौबे, गोपाल दुबे, गौरव पांडे, नरेंद्र पांडे सतीश तिवारी आदि मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या 06/2025-26/EE/RWD/LATEHAR जिसका PR No. – 363309 REO (25-26)D के क्रम सं0 – 01 (आईडेंटीफिकेशन सं0 RWD/LATEHAR/12/2025-26),क्रम सं0–02 (आईडेंटीफिकेशन सं0 RWD/LATEHAR/13/2025-26) एवं क्रम सं0 – 03 (आईडेंटीफिकेशन सं0 RWD/LATEHAR/ 14/ 2025-26) का निविदा को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार

PR 364569 REO(25-26).D

अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन ने सिराज अहमद पर लगाया गांव में धार्मिक विभाजन फैलाने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

डंडई। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन कमेटी ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गांव के सिराज अहमद अंसारी पर धार्मिक विभाजन फैलाने का गंभीर आरोप लगाया। कमेटी ने कहा कि सिराज अहमद ने लंबे समय से गांव में सामाजिक माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया है। आरोप है कि उन्होंने मदरसा में रिश्तेदारों की नियुक्ति करवाई और वक्फ की जमीन हड़पने की साजिश रची। साथ ही अलग मस्जिद की नींव रखकर आपसी सौहार्द को कमजोर किया। अध्यक्ष कामिल अंसारी और उपाध्यक्ष सरफराज

अंसारी ने कहा कि सिराज अहमद ने जलसे में मौलाना मुजाहिद हुसैन को बुलाने का विरोध कर धार्मिक मतभेद बढ़ाए। कमेटी ने मुसलमानों से अपील की कि वे उनके बहकावे में न आएं और एकता बनाए रखें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अध्यक्ष कामिल अंसारी, सरफराज अंसारी, महफूज आलम, शाकिर अंसारी समेत कई सदस्य उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि समाज की भलाई आपसी भाईचारे में है, न कि किसी व्यक्ति के स्वार्थ में।

दीपावली की रात कोईंदी ग्राम में आग लाखों का नुकसान

श्री बंशीधर नगर (नगर ऊंटारी)। दीपावली की रात कोईंदी ग्राम में बलराम भुइया के घर में अचानक आग लग गयी। आग लगने से घर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घर में रखे सभी सामान जल जाने से लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने तुरंत दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। प्रशासन मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गया है।

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(A Government of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001
E-Mail - pdt.juidco@gmail.com, juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

Name of Work: Request for Pre-Qualification for Empanelment of Agency for Operation Maintenance of LED Street Lights in Urban Local Bodies of Jharkhand
Ref PR No.: 363006
Tender ID: 2025_UDD_105261_1
NIT No.: JUIDCO/NIT/EMP/OnM/SL/2025-665

CORRIGENDUM 1

Sl. No.	Clause No.	As per RFP	As per Corrigendum
1	Notice Inviting Tender 5. Last Date & Time of Bid Submission	21.10.2025; 1700 Hrs.	29.10.2025; 1700 Hrs.
2	Notice Inviting Tender 6. Date & Time of Bid Opening	24.10.2025; 1700 Hrs	30.10.2025; 1700 Hrs

Website: https://jharkhandtenders.gov.in/

Sd/-
(B K Roy)
Project Director (Technical)

PR 364584 (Urban Development) 25-26 (D)

पिपरीखुर्द में लक्ष्मी पूजा पर देवी जागरण का भव्य आयोजन

भक्ति से आती है एकता की शक्ति: दीपक प्रताप देव

आजाद सिपाही संवाददाता

विशुनपुरा (गढ़वा)। पिपरीखुर्द पोखरा चौक दुर्गा मंडप परिसर में नव शक्ति संघ के तत्वावधान में लक्ष्मी पूजा के शुभ अवसर पर भव्य देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण माता रानी की भक्ति में सराबोर हो गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो नेता दीपक प्रताप देव ने फीता काटकर किया। पूजा समिति ने अतिथियों का माला और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। दीपक प्रताप देव ने माता रानी की आराधना कर क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। वाराणसी से आये प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी शानदार भक्ति

प्रस्तुतियों से लोगों को भावविभोर कर दिया। देर रात तक भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते रहे। दीपक प्रताप देव ने कहा कि देवी जागरण जैसे आयोजन समाज में एकता और संस्कार की भावना को मजबूत करते हैं। समाजसेवी उमाशंकर बैठा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन प्रेम, भाईचारा और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देते हैं।

कार्यक्रम में उप प्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल, मुखिया सुशीला देवी, सुधीर सिंह, मानिक सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नव शक्ति संघ युवा क्लब के अध्यक्ष बबलु चौधरी, उपाध्यक्ष राकेश चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष आनंद कुशवाहा, सचिव राहुल पटेल सहित सभी सदस्य आयोजन में सक्रिय रहे। सुरक्षा और व्यवस्था की उत्कृष्ट तैयारी के बीच श्रद्धालु देर रात तक 'जय माता दी' के जयघोष में डूबे रहे और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।

सगमा में देवी जागरण का आयोजन, धनंजय लाल यादव के भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु

सगमा (आजाद सिपाही)। सगमा प्रखंड मुख्यालय स्थित शिशु मंदिर प्रांगण में श्री राधे-राधे पूजा समिति संघ के तत्वावधान में लक्ष्मी पूजा के अवसर पर भव्य देवी जागरण का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा माहौल देवी भक्ति से सराबोर हो गया। उद्घाटन झामुमो नेता दीपक प्रताप देव, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, समाजसेवी योगेंद्र यादव समेत कई अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। भोजपुरी गायक धनंजय लाल यादव ने अपनी भक्ति प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में जान डाल दी। उनके प्रसिद्ध गीत ह्लका भाव बा तोहार चुनरी के होह्न पर श्रद्धालु झूम उठे। पूर्व मुखिया नारायणदास यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूजा समिति के अध्यक्ष विपुल यादव एवं सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाया। पूरे कार्यक्रम में सुरक्षा और व्यवस्था की उत्कृष्ट तैयारी रही। देर रात तक भक्ति गीतों और देवी आराधना से सगमा गूंजता रहा।

Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office:- Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi–834004.
Phone No.& Fax No. 0651-2400905 E-mail:gm.distnw@jbvnl.co.in
Website: http://www.jbvnl.co.in

CORRIGENDUM
Extension of pre-bid meeting

Corrigendum regarding extension of Pre-Bid Meeting Date against NIT No. 206/PR/JBVNL/2025-26 for *Empanelment of Agencies for Repairing of Power Transformers of various capacities (e.g. 5 MVA, 10 MVA, etc.) on Rate Contract Basis under JBVNL.*
It is hereby informed to all concerned bidders that the **Pre-Bid Meeting Date** for the above-mentioned NIT has been **extended** as follows:

Sl. No.	Particulars	Pre-bid meeting Existing Date	Pre-bid meeting Revised Date
1	Pre-Bid Meeting	21.10.2025 at 03:00PM	**31.10.2025 at 03:00PM**

All other terms and conditions of the NIT shall remain unchanged. This corrigendum shall be a part of NIT.

PR No. 363501

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (DN)
JBVNL

PR 364573 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)25-26*D

अनियंत्रित होकर बाइक कुएं में गिरी, एक की मौत

बारियातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत रहिया ग्राम के उपरकुरहा मोड़ के समीप बारियातू-टंडवा मुख्य सड़क किनारे मंगलवार सुबह बाइक सवार दो चचेरे भाई अनियंत्रित होकर कुएं में गिरे जिस से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने बारियातू थाना को दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी रंजन पासवान दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों की सहायता से शव को कुएं से बाहर निकाला। जबकि घायल युवक स्वयं काफी मशक्कत कर कुएं से बाहर निकल गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। मृतक की पहचान अजय गंझू (19) पिता दिकु गंझू, वहीं घायल युवक राजू कुमार,13 पिता महेन्द्र गंझू, दोनों ग्राम मारी, सलैया, थाना हेरहंज, जिला लातेहार के रुप में किया गया। जो दोनों आपस में चचेरे भाई है।

हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी के निर्देश पर कुडू थाना पुलिस ने सोमवार की रात बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान जसीम पवरिया ग्राम चेटर, थाना कुडू, जिला लोहरदगा के रूप में की गयी है छापेमारी के दौरान आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर से एक लोहे का देशी कट्टा (लकड़ी के बट सहित), दो जीवित कारतूस, एक धूल-मिट्टी लगा खोखा तथा तीन पीस 12 बोर का कारतूस बरामद किया। पुलिस ने इस संबंध में कुडू थाना कांड संख्या 110/25, दिनांक 20.10.25, धारा 25(1-बी)ए/26 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में अवैध हथियार के साथ क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना के सत्यापन के लिए थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित छापेमारी कर आरोपी को पकड़ लिया। छापेमारी दल में शामिल अधिकारी एवं जवान में थाना प्रभारी मनोज कुमार, सहायक उपनिरीक्षक राम कुमार ठाकुर, हवलदार जलेश्वर सहार, आरक्षी वैभव नारायण मिर्धा, चौकीदार घनश्याम यादव एवं अन्य सशस्त्र बल शामिल थे। कुडू पुलिस की यह कार्रवाई जिले में अवैध हथियार रखने वालों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की एक कड़ी है।

पुलिस संस्मरण दिवस पर शहीदों को किया याद

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार मंगलवार को न्यू पुलिस लाइन में पुलिस संस्मरण दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि 21 अक्टूबर को केंद्र सरकार के द्वारा पुलिस संस्मरण दिवस घोषित किया गया है। इस दिन अपने कर्तव्यों के दौरान वीर गति को प्राप्त करने वाले पुलिस जवानों को याद किया जाता है और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की जाती है। कार्यक्रम में अपने कर्तव्यों के दौरान शहीद हुए पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर शहीद जवानों को परिजनों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। एसपी श्री गौरव ने शहीद जवानों के परिवार के प्रति कृतज्ञता की। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अन्य पुलिस अधिकारी और जवानों ने शहीद वेदी पर पुष्प चक्र भेंट और उन्हें पुष्पांजलि कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक, सार्जेंट मेजर, पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी, जिला बल एवं आइआरबी-4 के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

लोहरदगा में एक ही रजिस्ट्रेशन नंबर पर दो बॉक्साइट ट्रक

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले में बाक्साइट परिवहन के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। जिले में एक ही रजिस्ट्रेशन नंबर (जेएच 08 जी 1951) वाले दो ट्रकों के संचालन की बात उजागर होने के बाद खनन माफिया और प्रशासनिक मिलीभगत पर सवाल खड़े हो गये हैं। सूत्रों के अनुसार, उक्त नंबर वाला एक ट्रक सेन्हा थाना में पिछले कई वर्षों से जब्त है, जबकि इसी नंबर का दूसरा बाक्साइट लदा ट्रक अब तक सड़कों पर दौड़ रहा था। हाल ही में सेन्हा थाना पुलिस ने दूसरे ट्रक को भी जब्त कर लिया, जिससे पूरे मामले में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने इस पूरे प्रकरण की जानकारी डीटीओ लोहरदगा को दे दी है और मामले की गहन जांच की अनुशंसा की गयी है। प्राथमिक जांच में यह साफ संकेत मिल रहे हैं कि प्रशासनिक तंत्र की आंखों में धूल झोंककर फर्जी दस्तावेजों के सहारे बाक्साइट ट्रांसपोर्ट का धंधा चल रहा था। जानकारों का कहना है कि एक ही रजिस्ट्रेशन नंबर का उपयोग कर ट्रक चलाना न सिर्फ कानून का उल्लंघन है, बल्कि राज्य सरकार को राजस्व की भारी क्षति पहुंचाने और प्रशासन को खुली चुनौती देने जैसा कृत्य है। उक्त बॉक्साइट ट्रक चिरोडीह बक्साइट खदान से बॉक्साइट लेकर निकली थी।

सीमा सशस्त्र बल ने किया पौधरोपण

गारु (आजाद सिपाही)। गारू प्रखंड के बारेसाढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत दिवाली के मौके पर सीमा सशस्त्र बल (32) वीं वाहिनी के जवानों ने बारेसाढ़, रामसेली, मायापुर, पहाड़कोचा, जामुनटांड समेत अन्य गांव में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसकी अगुवाई द्वितीय कमान अधिकारी विनय कुमार ओझा ने किया। जवानों के द्वारा लालमटिया स्टेडियम एवं थाना परिसर में भी पौधारोपण किया गया। मौके पर विनय कुमार ओझा ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक किया एवं लोगों के बीच पौधों का वितरण किया। साथ ही उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण से निपटने के लिए अधिकाधिक पेड़ लगाना बेहद जरूरी है, पेड़ पौधे न केवल पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वस्थ जीवन का आधार है। वृक्षारोपण के दौरान सीमा सशस्त्र बल के जवानों के अलावा बारेसाढ़ वार्ड सदस्य कोलेश्वर राम, मायापुर वार्ड सदस्य गेंदा लोहरा, ग्रामीण अजय कुमार गुप्ता, दिनेश प्रसाद, चंदन कुजूर, कुशल तिग्गा, सरिता देवी, रीता देवी, सुनीता देवी अर्जुन सिंह समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने भी एक एक पौधा लगाकर उसे संरक्षित करने का संकल्प लिया एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता भी जाहिर की ।

मां काली के जयकारों से गूंजा निगनी

एसपी सादिक अनवर रिजवी हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। सदर क्षेत्र के निंगनी गांव स्थित प्राचीन काली बाड़ी मंदिर परिसर में सोमवार और मंगलवार की मध्यरात्रि लगभग 12 बजे मां काली की भव्य पूजा-अर्चना प्रारंभ हुई, जो मंगलवार की सुबह करीब 4 बजे पूरे वैदिक रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न हुई। कहा जाता है कि मां काली की कृपा से हर मनोकामना पूर्ण होती है इसलिए हर वर्ष हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचकर अपनी अटूट आस्था व्यक्त करते हैं। स्थानीय मान्यता के अनुसार जब भी किसी भक्त की मन्नत पूरी होती है तो वह अपने घर से मंदिर तक दंडवत करते हुए पहुंचता है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालु मनोकामना पूरी होने पर बकरे की बली देने का विधान निभाते हैं और दंडवत भगवती दरबार में हाजिरी देते हैं। यह पूजा की अनूठी परंपरा मानी जाती है। पूजा-अनुष्ठान का संचालन मंदिर के पुरोहितों ने विधिवत किया। पूजा से पूर्व जय मां काली पूजा समिति के आजीवन संरक्षक डॉ टी साहु, एसपी सादिक अनवर रिजवी और अध्यक्ष राजेश कुमार साहु ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर धार्मिक कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान पूरा वातावरण जय मां काली के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां काली के दर्शन हेतु पहुंचे और परिवार व समाज की सुख-शांति की कामना की। संरक्षक डॉ टी साहु ने इस अवसर पर कहा कि मां काली की कृपा से यह स्थल वर्षों से श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक बना हुआ है। 1982 से आरंभ हुई यह पूजा अब पूरे क्षेत्र की आस्था का केंद्र बन चुकी है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक एकता और भाइचारे का संदेश भी देता है। पूरे आयोजन को सफल बनाने में जय मां काली पूजा समिति निंगनी की अहम भूमिका रही। समिति में आजीवन संरक्षक डॉ टी साहु, अध्यक्ष राजेश कुमार साहु, उपाध्यक्ष विजय कुमार साहु, सचिव नीरज कुमार साहु, सह सचिव संदीप साहु, कोषाध्यक्ष नरेश साहु, सह कोषाध्यक्ष बजरंग साहु तथा संरक्षक मंडल के सदस्य मुकेश साहु, कृष्ण प्रसाद साहु, रामसागर साहु, गौतम साहु, नीरज साहु, बजरंग साहु और राजमोहन साहु शामिल रहे।

लोहरदगा से रांची तक एक और मेमू ट्रेन की मांग, सांसद को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

कैरो/ लोहरदगा। कैरो प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेसी राम उरांव और किशोर भगत ने सोमवार को सांसद सुखदेव भगत से उनके आवास में मिलकर कैरो प्रखण्ड क्षेत्र के कैरो, सढ़ाबे, एडादोन आदि गांव के एक सौ से ज्यादा लोगों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपकर लोहरदगा से रांची तक आधा एक घंटा अंतराल में एक और मेमू ट्रेन चलवाने की मांग की गयी। लिखित आवेदन में कहा गया है कि लोहरदगा से रांची जाने के सुबह में 7 बजे एक मात्र मेमू ट्रेन होने से क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है मेमू ट्रेन की सभी सीटे लोहरदगा में फूल हो जाती है। नगजुआ आते आते भीड़ इतनी ज्यादा हो जाती है कि सीट मिलना तो दूर की बात है खड़े होने की भी जगह नहीं होती है। ऐसे में आम लोगों से मजदूर, व्यवसायी, छात्र-छात्राओं, मरीज, बूढ़े बुजुर्ग समेत महिलाओं बच्चों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है कभी कभी तो बहुत सारे लोग छूट भी जाते हैं। इस पर सांसद ने गंभीरता दिखाते हुए जिला प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगु को निर्देश देते हुए कहा कि इस मामले को लेकर भारत सरकार के रेल मंत्री को एक पत्र लिखकर वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए अतिरिक्त ट्रेन चलाने और सासाराम रांची एक्सप्रेस ट्रेन की नगजुआ में ठहराव की मांग की जाय जरूरत पड़ने पर स्वयं रेल मंत्री से मिलकर और संसद सत्र में बात उठाकर भी इस विषय पर चर्चा की जायेगी। लिखित आवेदन में जोरावर खान, तिला उरांव,बुधराम उरांव, बोलवा उरांव, शफीक अंसारी, मुस्लिम अंसारी, देवदत्त प्रजापति, सकील अंसारी, मंगरा उरांव, दीपक यादव, बहादुर गोप समेत क्षेत्र के दर्जनों लोगों का हस्ताक्षर है।

पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत अन्तर्गत मिनी स्टेडियम उगरा में पंचायत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता और फुटबॉल मैच का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। पंचायत जनप्रतिनिधि और नव युवक संघ उगरा द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय खेलकूद और फुटबॉल टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि लोहरदगा के जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष सुखैर भगत और विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि नन्दकिशोर शुक्ला तथा जिला कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी प्रकाश उरांव थे। जिसे आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों का ढोल–नगाड़ों और बच्चियों के पारंपरिक स्वागत गीतों के साथ भव्य स्वागत किया गया। वहीं मुख्य अतिथि सुखैर भगत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के खेलकूद और फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन खेल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर देता है। बल्कि समाज में एकता, भाईचारा और सकारात्मक उर्जा का संचार भी करता है। खेल हमें सामाजिक कार्यों से भी जोड़ता है। यह आयोजन इस बात का प्रतीक है कि मानवता,एकता और प्रेम किसी भी जाति या धर्म से उपर है। वहीं कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, खेलप्रेमी, जनप्रतिनिधि और युवा उपस्थित रहे। फुटबॉल मैच में फाइनल मुकाबला जितने वाले विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और सम्मान देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य संरक्षक मुखिया बसंती उरांव सह संरक्षक पंचायत समिति सदस्य अफसाना खातून आयोजन समिति के अध्यक्ष सगीर अंसारी, सचिव महेश उरांव,कोषाध्यक्ष नेसार अंसारी, सह-कोषाध्यक्ष मुंतज़िर अंसारी, सदस्य प्रदीप उरांव, बिरसा उरांव, सतार अंसारी, वासुदेव उरांव, राजेंद्र उरांव, जीतवाहन उरांव, गेंदरा उरांव सहित अन्य खेल प्रेमी ग्रामीण-महिला पुरुष और बच्चे-बच्चियां मौजूद थे।

बिहार में बनेगी महागठबंधन की सरकार : शकील अख्तर

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। विधानसभा चुनाव बिहार के लिए लोहरदगा से राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व जिला अध्यक्ष शकील अख्तर एवं जिला पूर्व महासचिव खुर्शीद आलम अपने टीम के साथ राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह एवं राज्य के रजत कोटे से मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग संजय प्रसाद यादव के निर्देशानुसार हम लोग लोहरदगा जिला से अपने टीम के साथ विधानसभा चुनाव बिहार के लिए रवाना हुए। विधानसभा पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, विधानसभा क्षेत्र राघोपुर 128 में कैंप करने की काम करेंगे और इस डबल इंजन सरकार भ्रष्टाचारी सरकार के बारे में पोल खोलकर तेजस्वी प्रसाद यादव के पक्ष में प्रचार करने के काम करेंगे। रघुनाथपुर 108 जिला सिवान ओसामा साहब जो पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन के पुत्र हैं एवं बिहार विधानसभा कहलगांव रजनीश यादव जो श्रम नियोजन प्रशिक्षण कौशल विकास विभाग संजय प्रसाद यादव के पुत्र हैं इन सभी विधानसभा क्षेत्र में कैंप करके हर गांव टोला शहर का भ्रमण दौरा किया जायेगा। साथ ही महागठबंधन के सरकार का उपलब्धि किराने की काम किया जायेगा और इस डबल इंजन सरकार को उखाड़ कर फेंकने का परिवर्तन लाने का बदलाव करने का हवन करके लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे।

सरकारी आवासों पर दैनिक वेतन भोगी कर्मियों का कब्जा

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय परिसर और उससे जुड़े सरकारी आवासों में अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, कई सरकारी और गैर-सरकारी कर्मी, यहां तक कि दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी भी सरकारी क्वार्टरों में वर्षों से अवैध रूप से रह रहे हैं। इन कब्जों के चलते राज्य सरकार को हर महीने राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। दूसरी ओर, जिन नियमित सरकारी कर्मियों को इन आवासों की सख्त जरूरत है, उन्हें आवास नहीं मिलने के कारण रोजाना रेल यात्रा कर लोहरदगा पहुंचना पड़ता है। उपायुक्त द्वारा बार-बार निर्देश जारी किये जाने के बाद भी अवैध कब्जेदार बेखौफ सरकारी आवासों पर डटे हुए हैं, जिससे प्रशासनिक सख्ती पर भी सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक, कुछ मामलों में प्रभावशाली कर्मियों की सांठगांठ से यह कब्जा बरकरार है।

लातेहार डीसी और एसपी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार आगामी छठ महापर्व को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा लातेहार नगर क्षेत्र के चटनाही, डुरुआ छठ घाट का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में घाटों पर चल रहे सफाई कार्य, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सुरक्षा प्रबंध तथा यातायात व्यवस्था का अवलोकन किया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी घाटों की साफ-सफाई, चेंजिंग रूम निर्माण, बेरिकेडिंग, डेंजर जोन की पहचान, विद्युत व्यवस्था और पहुंच पथ की मरम्मती समय पर पूरी की जाये। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाये।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को घाटों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, अस्थायी नियंत्रण कक्ष स्थापित करने, तथा आपदा-प्रबंधन टीम को मुस्तैद रखने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती तथा यातायात प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उपायुक्त ने कहा कि 'छठ महापर्व जनआस्था का प्रतीक है, इसे शांति एवं श्रद्धा के साथ संपन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।' पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी घाटों पर सुरक्षा की दृष्टि से विशेष गश्ती दल एवं निगरानी टीम तैनात रहेगी।

मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, नगर प्रशासक, नगर पंचायत लातेहार राजीव रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, अंचल अधिकारी लातेहार, थाना प्रभारी, संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बीडीओ-सीओ ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के तमाम छठ घाट का बीडीओ रेशमा रेखा मिंज अंचलाधिकारी लवकेश सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय छठ पूजा कमेटी के अध्यक्ष,सचिव और अन्य सदस्य भी मौजूद थे। नदी में पानी के गहराई की जांच की गयी और सुरक्षा को देखते हुए निर्देश दिया कि गहरे पानी में कोई प्रवेश नहीं कर सके। साथ ही बताया कि पानी में पहुंचने को लेकर सभी जगहों की साफ –सफाई की व्यवस्था की जाये। इसके अलावे छठ पूजा कमेटी की ओर से व्रतियों को सभी प्रकार की सुविधा देने के लिए आवश्यक सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही पूजा कमेटी को बीडीओ ने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा को लेकर पूरी तरह तैयार रहेंगे, इसके अलावे मैन रोड पुरानी बस्ती घाट, आदर्शनगर घाट देवरी नदी घाट का भी निरीक्षण किया।

अनियंत्रित होकर पलटी कार, कोई हताहत नहीं

महुआडांड (आजाद सिपाही)। लातेहार जिला अंतर्गत पर्यटन स्थल नेतरहाट में घूमने आए कोलकाता के दो सैलानी पति-पत्नी की कार आज नेतरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत आराहंस मे आनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस दुर्घटना में पति-पत्नी दोनों सुरक्षित रहे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि महुआडांड के लोध ग्राम स्थित लोध जलप्रपात देखकर अरिंदम चट उपाध्याय अपनी पत्नी के साथ कार से वापस नेतरहाट लौट रहे थे जिस दौरान यह घटना आराहंस में हो गयी। दोनों पति-पत्नी सैलानी कोलकाता से पर्यटन स्थल नेतरहाट घूमने आए थे। मामले पर नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पति-पत्नी सुरक्षित है।

महालक्ष्मी और महाकाली पूजा की रही धूम, देर रात तक हुई आतिशबाजी

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। दीपावली का त्योहार जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में श्रद्धा, उमंग, उल्लास और परंपरागत तरीके से मनाया गया। घर और बाजार दीए और झालरों से जगमगाते रहे। लोगों ने दीपावली के त्योहार का पूरा आनंद लिया। घरों, मंदिरों, प्रतिष्ठानों और पूजा-पंडालों में धन-वैभव की प्रार्थना को लेकर लक्ष्मी-गणेश की पूजा हुई। प्रकाश पर्व दीपावली पर उल्लास छाया रहा। सतरंगी छटा बिखरी रही। विभिन्न प्रतिष्ठानों और घरों में भगवान गणेश-मां लक्ष्मी की पूजा कर भक्तों ने धन-वैभव की प्रार्थना की। सोमवार शाम से देर रात्रि तक आतिशबाजी होती रही। आसमान आतिशबाजी की रंगों से रंगीन हो रही थी। हर घर में दीपावली को गणेश लक्ष्मी की पूजा सुबह से ही शुरू हो गयी थी। दीपावली के निमित लोगों ने घरों में साफ-सफाई कर भगवान लक्ष्मी-गणेश की अराधना-उपासना की तैयारी में जुट गये थे। चारों तरफ दीयों की रौशनी से जगमगा रही थी। दीपावली के मौके पर लोगों ने जमकर खरीददारी की। सुख-समृद्धि की कामना के साथ जिलेवासियों ने दीपावली का त्योहार मनाया। काली पूजा और लक्ष्मी पूजा स्थानीय स्तर पर दीपावली के दौरान लक्ष्मी पूजा और काली पूजा शहरी क्षेत्र से ग्रामीण इलाकों तक पूरी की गयी। शहर के हटिया गार्डेन काली मंदिर, पावरगंज दुगाबाड़ी काली मंदिर, वीर शिवाजी चौक दुर्गा मंदिर, निंगनी काली मंदिर, नवाडीपारा काली पूजा समिति समेत सदर प्रखंड के निंगनी में विशेष काली पूजा दीपावली का विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

आतिशबाजी से गूंजता रहा वातावरण

दीपावली पर हुई आतिशबाजी से पूरा वातावरण गूंज रहा था। दीपावली की रात छोटे-छोटे बच्चों के साथ युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की। लक्ष्मी-गणेश की वंदना के बाद आतिशबाजी का दौर शुरू हुआ, जो रात 10 बजे के बाद तक पटाखों की गूंज से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। सरकार के आदेश के बावजूद रात 10 बजे के बाद भी शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पटाखों की आवाज सुनाई दी। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में हर ओर दीपावली की खुशियां छाई हुई थी।

सेन्हा में हर्षोल्लास के साथ मनायी दीपावली

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में दीपावली का त्यौहार हर्षोल्लास व उमंग के साथ खुशी खुशी मनाया गया। दीपों का त्यौहार दीपावली में युवा और बच्चों ने जमकर आतिशबाजी की। घरों की साफ सफाई कर माता लक्ष्मी और भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना करने के पश्चात दीप जलाकर अंधकार को मिटाने का प्रयास किया गया। जिसे सभी लोगों द्वारा उमंग और उल्लास के साथ दीपावली पर्व मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र रोशनी से जगमगाया हुआ था.वहीं लोगों ने मिट्टी का दीपक व झालर, सहित अन्य सजावट के सामानों से घरों को दुल्हन की तरह सजाया था। शाम होते ही मां लक्ष्मी व भगवान श्री गणेश का पूजन कर प्रसाद वितरण करने पश्चात खुशी खुशी दीपावली का पर्व मनाया गया। देर रात तक युवाओं ने पर्व पर जमकर आतिशबाजी की। दीपावली के अवसर पर सुबह से ही दुकानों पर मिठाइयों की जमकर खरीदारी हुई।

9 दिन से लापता नाबालिग का शव बिहार से बरामद हत्या की आशंका

हरिहरगंज (पलामू)(आजाद सिपाही)। सलैया पंचायत के पचमो गांव निवासी 12 वर्षीय नीरज कुमार का शव लापता होने के नौ दिन बाद गया जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र से बरामद हुआ। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। नीरज 12 अक्टूबर को मझिगवां बाजार गया था और वापस नहीं लौटा। सोमवार शाम जंगल-पहाड़ी क्षेत्र से उसका शव बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, हाथ-पैर बंधे थे और शव पत्थरों के बीच छिपाया गया था, जिससे हत्या की आशंका है। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। शव को पोस्टमार्टम के लिए गया मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस मामले की गंभीर जांच में जुटी है।

केवल सनातन धर्म ही उगते हुए सूरज को प्रणाम करना सिखाता है : डॉ शशिभूषण

पांकी विधायक सहित अतिथियों ने छठ महापर्व के पूजन सामग्री वितरण का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

पांकी(पलामू)। पांकी विस क्षेत्र के नीलांबर पीतांबरपुर स्थित मौर्या फॉर्म हॉउस मे लोक आस्था छठ महापर्व के पूजन सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वितरण कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता, मेदनीनगर नगर निगम प्रथम मेयर अरुणा शंकर, समाजसेवी रामदास साहू, महिला मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रेम सिंह, और विधायक के पत्नी किरण मेहता ने संयुक्त रूप से सूर्य भाष्कर को विधिवत रूप से पूजा-पाठ कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। वितरण कार्यक्रम के पहले सभी अतिथियों को विधायक ने फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि लोक आस्था छठ महापर्व का पूजन सामग्री छठ व्रतियों के बीच आठ सालों से करता आ रहा हूं। जो की इस वर्ष पुरे विस क्षेत्र मे बातिश हजार छठ व्रतियों के बीच किया जायेगा। उन्होंने कहा कि केवल सनातन धर्म ही उगते हुए सूर्य को प्रणाम करना सिखाता है। ऐसा किसी और धर्म मे नहीं है। जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि लोक आस्था छठ महापर्व में इस तरह का पूजन सामग्री वितरण कोई और विस क्षेत्र में नहीं होता है। यह पुण्य का काम सत्ता और दलगत राजनीती से अलग है।

मौके पर जिला महामंत्री विजय ठाकुर, अविनाश वर्मा, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, प्रमुख सुनील पासवन, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, राजेंद्र यादव, मिंटी वर्मा, उदेश यादव, वशिष्ट सिंह, महेश यादव, अधिवक्ता लाला यादव सहित आदि उपस्थित थे।

कटकोमा में युवक पर जानलेवा हमला मोबाइल और दस हजार की लूट

हमलावरों ने पीड़ित की ट्रैक्टर गाड़ी को नहर में धकेल दिया और मौके से फरार हो गये

आजाद सिपाही संवाददाता

नहर में धंसा ट्रैक्टर और घायल युवक।

हरिहरगंज/पलामू। थाना क्षेत्र के कटकोमा गांव स्थित नहर के नौलखा पुल के पास बीते रविवार की रात एक युवक पर चार अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक बुरी तरह घायल हो गया, जबकि आरोपियों ने उसका मोबाइल और दस हजार नकद लूटकर मौके से फरार हो गये।

घटना रविवार रात लगभग 8 बजे की है। पीड़ित वीरेंद्र यादव (उम्र 30 वर्ष), पिता स्व. रामचंद्र यादव, ग्राम महुअरी टोला ठेकही, थाना नौडीहा बाजार, जिला पलामू निवासी हैं। वह हरिहरगंज क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे से ट्रैक्टर लेकर लौट रहा था, तभी कटकोमा नहर के समीप पहले से घात लगाये चार युवकों ने गाड़ी रोककर उन्हें नीचे उतारा और बेरहमी से पिटाई की।

पीड़ित वीरेंद्र यादव के अनुसार, हमलावरों ने उनका गला दबाने के भी कोशिश की और जेब में रखे दस हजार नकद तथा मोबाइल फोन छीन लिया। इस दौरान पीड़ित ने एक हमलावर का गमछा खींच लिया, जिससे उसकी पहचान अपने ही गांव के युवक अनिल यादव (उम्र 27 वर्ष, पिता सुखदेव यादव) के रूप में हुई। बाकी तीन हमलावरों की पहचान अभी नहीं हो सकी है।

हमलावरों ने पीड़ित की ट्रैक्टर गाड़ी को नहर में धकेल दिया और मौके से फरार हो गये। किसी तरह जान बचाकर वीरेंद्र यादव पथरा ओपी पहुंचे और घटना की लिखित शिकायत पुलिस को सौंपी।

इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस घटना की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सक्रिय है।

युवा समाजसेवी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उद्घाटन

फोटोः-सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन करते युवा समाजसेवी

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। श्री श्री लक्ष्मी पूजा समिति नौजवान एकता क्लब लोहबंधा द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को मुखिया पति सह युवा समाजसेवी शिव शंकर यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर युवा समाजसेवी श्री यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से सामाजिक समरसता बढ़ती है और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि पर्व व उत्सव लोगों में उत्साह का संचार करता है। इसलिए हर पर्व को प्रेम व सौहार्द पूर्वक मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दीपो के इस पावन पर्व पर हर घर मे उजाला बनी रहे यही हमारी कामना है। मौके पर क्लब के अध्यक्ष दशरथ यादव, सचिव रमेश यादव, स्वयं सेवक उपेंद्र यादव, लखन यादव, सतेंद्र यादव, ललन यादव, मिथलेश यादव, जितेंद्र यादव, संजय यादव, मंगर भुईयां, जितेंद्र परहिया,सुरेश यादव, महेंद्र यादव, रामप्यारी भुईयां समेत काफी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित थे।

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना हमारी प्राथमिकताः शशि शेखर

हुसैनाबाद के नये कार्यपालक पदाधिकारी ने दिया योगदान

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद नगर पंचायत के नये कार्यपालक पदाधिकारी शशिशेखर सुमन ने मंगलवार को नपं कार्यालय में अपना योगदान दिया। योगदान के उपरांत नगर कमीयो ने बुके देकर सम्मानित किया। योगदान के बाद उन्होंने कहा कि शहर वासियों व कर्मियों के सहयोग से शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के साथ-साथ सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता रहेगी। शहर की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण पर विशेष बल दिया जायेगा।

योगदान के बाद हुसैनाबाद शहर के छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान जेपी चौक के भगवान विश्वनाथ भाष्कर मंदिर छठ घाट, नहर मोड़ स्थित जमुहारी माई छठ घाट, ब्लॉक रोड स्थित पंच मंदिर छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान छठ व्रतियों के सुविधा के लिए विशेष साफ- सफाई, प्रकाश व्यवस्था की जानकारी ली। नगर कर्मियों और छठ घाट समितियों से आपसी समन्वय स्थापित कर छठ पूजा को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने की बात कही। मौके पर नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, कनीय अभियंता बृजलाल यादव, आशीष सिंह, लेखापाल रविकांत पटेल, सुपरवाइजर रवि यादव,संजीत कुमार विकास कुमार, लिपिक रूपेश कुमार सिंह समेत कई अन्य नपं कर्मी उपस्थित थे।

देवघर : सदर अस्पताल में फैले भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ आजसू नेता आदर्श लक्ष्य ने आरटीआइ दाखिल किया

आजाद सिपाही संवाददाता

देवघर। देवघर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति और सदर अस्पताल में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं, भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के विरोध में आजसू पार्टी के देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 (आरटीआई) के तहत एक आवेदन देवघर के सिविल सर्जन कार्यालय में दायर किया है।

इस आरटीआई आवेदन के माध्यम से आदर्श लक्ष्य ने अस्पताल प्रशासन से दवाइयों की उपलब्धता, चिकित्सा उपकरणों की स्थिति, मानव संसाधन, सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन और भ्रष्टाचार जांच से जुड़ी 10 प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी मांगी है।

आरटीआई में उन्होंने यह पूछा है कि अस्पताल में कौन-कौन सी दवाइयां उपलब्ध हैं, कौन सी दवाएँ मरीजों को बाहर से खरीदनी पड़ती हैं, कितने डॉक्टर, नर्स और तकनीशियन वर्तमान में कार्यरत हैं, तथा कितने पद रिक्त पड़े हैं। इसके अलावा उन्होंने अस्पताल में चल रही सरकारी योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत और जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों की जानकारी भी मांगी है।

साथ ही उन्होंने सफाई व्यवस्था, मशीनों की कार्यशीलता, रखरखाव, मरीजों की संख्या, और पिछले तीन वर्षों में अस्पताल से जुड़ी शिकायतों एवं उन पर की गयी कार्रवाई का विवरण भी सार्वजनिक करने की मांग की है।

आदर्श लक्ष्य ने कहा, 'देवघर सदर अस्पताल में लंबे समय से मरीजों के शोषण, दवाओं की कालाबाजारी, मशीनों के बंद रहने और इलाज में लापरवाही की शिकायतें आ रही हैं। जनता को यह जानने का अधिकार है कि सरकारी धन और संसाधनों का उपयोग कहां और कैसे हो रहा है।'

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर मांगी गई जानकारी अधूरी या असंतोषजनक दी गई, तो वह इसकी शिकायत राज्य सूचना आयोग तक करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर जन आंदोलन के माध्यम से भी आवाज उठायेंगे।

देवरी ओपी पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध देशी शराब किया नष्ट



अवैध शराब विनष्ट करती देवरी ओपी पुलिस।

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद के देवरी ओपी पुलिस ने अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया। इस संबध में देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि देवरिकला, पूर्णाडीह और बलीबीघा में छापेमारी की गयी। जिसमें अवैध देशी शराब बनाने हेतु फुलाए गये जावा महुआ करीब 400 किलो, और 9 लीटर देशी शराब एवं देशी शराब शराब बनाने के उपकरण को उसी जगह पर विनष्ट किया गया। जिसकी अनुमानित मूल्य 22, 225 रुपये है। उन्होंने बताया कि बिहार चुनाव व पर्व त्योहार को देखते हुए कुछ दिनों से लगातार छापेमारी चल रही है। पूर्व में कई शराब कारोबारियों को जेल भेजा गया है और शराब विनष्ट किया गया है। ग्रामीण इलाकों में छिपकर रखी अर्धनिर्मित शराब और भट्ठियों को भी नष्ट किया गया है।

लक्ष्मी पूजा पर दुबरिडीह के मंच से गूंजा नारी सम्मान का संदेश

नारी बिना अधूरा है ब्रह्मांड : राजीव

सांस्कृतिक कार्यक्रम का फीता काट कर उद्घाटन करते समाजसेवी राजीव और अन्य ।

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। प्रखंड क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत जय मां महालक्ष्मी नवजुवक संघ समिति, दुबरिडीह द्वारा लक्ष्मी पूजा के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन, पूर्व मुखिया सुरेश चौधरी, मृत्युंजय सिंह, शंभू यादव, लखन सिंह और शिक्षक कृष्णा साव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मंच की अध्यक्षता भुनेश्वर साव ने की और कार्यक्रम का संचालन डॉ. पंकज कुमार ने किया। मौके पर समाजसेवी राजीव रंजन ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां नारी शक्ति की पूजा की जाती है। यह परंपरा संसार के अन्य देशों में कहीं नहीं पायी जाती। नारी शक्ति का महत्त्व अनमोल है, इसके बिना इस ब्रह्मांड का अस्तित्व अधूरा है। वहीं पूर्व मुखिया सुरेश चौधरी और अन्य वक्ताओं ने भी दीपावली के महत्व को बताया और इसके सांस्कृतिक और धार्मिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष अक्षय कुमार साव, सचिव मनोज कुमार साव, कोषाध्यक्ष लवकुश कुमार, मुख्य सलाहकार कृष्णा कुमार साव, राकेश कुमार, पंकज कुमार, दिलीप साव, मनोज कुमार साव, जितेंद्र प्रजापति सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मायापुर में लक्ष्मी पूजा पर भक्ति जागरण का आयोजन

चैनपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। रामगढ़ प्रखंड के हुटार पंचायत के मायापुर गांव में दीपावली सह लक्ष्मी पूजा के अवसर पर सोमवार देर रात भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। पूरी रात रंगारंग कार्यक्रम में श्रोता झूमते नजर आए। कार्यक्रम मंगलवार सुबह 5 बजे तक चला। बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी सह पंचायत समिति सदस्य पति मनोज प्रसाद ने फीता काटकर कार्यक्रम का उदघाटन किया। मौके पर मनोज प्रसाद ने कहा कि भक्ति जागरण जैसे कार्यक्रमों के आयोजन से मनोरंजन के साथ-साथ लोगों का जुड़ाव होता है। कार्यक्रम में बाहर से आये कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत और नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे देखने और सुनने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम को सफल बनाने में बजरंगी प्रसाद, चंदन सिंह, विनोद सिंह, संजय सिंह, रामू सिंह, मुनारिक सिंह, दशरथ सिंह, पूरनचंद सिंह, सुनिल सिंह के अलावा अन्य पदाधिकारी का योगदार रहा।

देवघर के तीर्थयात्रियों का जत्था पहुंचा बद्रीनाथ, भागवत कथा शुरू

देवघर के पंडित भोला मिश्र कर रहे कथा का वाचन

टोली में देवघर के 75 पुरूष और महिलाएं हैं शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

देवघर। तीर्थाटन पर निकले देवघर के तीर्थयात्रियों का जत्था बद्रीनाथ पहुंच गया है। वहां दीपावली के दिन से सात दिवसीय भागवत हो रहा है। देवघर के पंडित भोला मिश्र भागवत कथा का वाचन कर रहे हैं। तीर्थ यात्रियों की टोली में देवघर के 75 पुरूष और महिलायें शामिल हैं। यह टोली 7 नवंबर को संयोजक मनोज मिश्र के नेतृत्व में निकली है, जो हरिद्वार, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री होते हुए बद्रीनाथ पहुंची है। बद्री विशाल में बेरीवाला अतिथि भवन में बैद्यनाथधाम मातृ मंडली के बैनर तले भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में वेद व्यास और भगवान गणेश प्रसंग का वर्णन पंडित भोला मिश्र ने किया। कथा में पुरोहित के रूप में विकास शांडिल्य और यजमान के रूप में दिलीप मिश्र सपत्नीक बैठे हैं। वहीं कुमुद ठाकुर भागवत सहस्त्रनाम का जाप कर रहे हैं। टोली में शिव शंकर खवाड़े, विजय झा, सुरेश मणि द्वारि, विजय झा उर्फ कारू, साधना कुंजिलवार, भारती पंडित, रंजना श्रृंगारी, पूनम ठाकुर, भगवती देवी, संध्या देवी, मुन्नी देवी, गुड़िया द्वारी, संतोष मिश्रा आदि शामिल हैं।

पुलिस संस्मरण दिवस : पुलिस लाइन ग्राउंड में शहीद जवानों को आइजी और एसपी ने श्रद्धांजलि अर्पित दी

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पुलिस केंद्र ग्राउंड में मंगलवार को पुलिस संस्मरण दिवस परेड का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर पलामू के जोनल आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन और आईआरबी 10 समादेष्टा द्वारा शहीद जवानों को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और शहीदों के परिजनों से मुलाकत कर उनकी समस्यायें सुनी गयी और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर सभी शहीदों के अदम्य साहस, समपर्ण और कर्तव्यनिष्ठा को याद किया गया। इस दौरान सदर एसडीपीओ मणीभूषण प्रसाद, डीएसपी राजीव रंजन, राजेश कुमार समेत आईआरबी-10 से संतोष साह, हरेंद्र सिंह, हवलदार आशीष कुमार, राकेश मंडल, सुनिल सिंह, आरक्षी राहुल कुमार दांगी, अनुज प्रसाद, रजनीश दुबे, रवि रंजन सिंह और अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

संस्मरण दिवस पर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

मधुपुर (आजाद सिपाही)। राजकीय रेल पुलिस मधुपुर ने मंगलवार को शहीद संस्मरण दिवस मनाया। मौके पर रेल थाना प्रभारी कार्तिक महतो समेत थाना के सभी पदाधिकारी व जवानों ने देश के आंतरिक सुरक्षा की सेवा में शहीद हुए सैनिक बल और पुलिस बल को याद किया। इस दौरान देश की सुरक्षा में अपना बलिदान देने वाले सैनिकों को याद किया गया और दो 2 मिनट का मौन रख कर उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गयी। रेल थाना प्रभारी कार्तिक महतो ने कहा कि भारत-चीन सीमा में सुरक्षा के दौरान अपनी जान गंवाने वाले जवानों को भी याद किया बल के 21 मात्र 21 जवानों ने चीनी आक्रमणकारियों का डटकर मुकाबला किया तथा मातृभूमि की रक्षा के लिए लड़ते हुए 10 शुरवीर जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया, इसमें झारखंड के दो वीर जवान ठाकुर हेंब्रम और शंकर नायक थे। मौके पर एसआई प्रेम टोप्पो, एएसआई दिवाकर चौधरी, एएसआई अवधेश राय, हवलदार रामानंद कुमार, पुनेंद्र उरांव, आरक्षी सुरेश मंडल आरक्षी रहबरे इस्लाम बेग, समेत जीआरपी के जवान मौजुद थे।

देवघर में विश्व आयोडीन न्यूनता विकार दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेर्शानुसार विश्व आयोडीन न्यूनता विकार दिवस के अवसर पर देवघर में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य आम जनता के बीच आयोडीन युक्त नमक के उपयोग के महत्व और आयोडीन की कमी से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना था।

रैली की शुरूआत जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ संचयन एवं डीपीसी प्रवीण सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ताओं, सहिया, एएनएम प्रशिक्षुओं तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली में प्रतिभागियों ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर 'आयोडीन युक्त नमक अपनायें – स्वस्थ जीवन पाएं', 'हर घर में आयोडीन नमक - गोइटर से बचाव का एकमात्र उपाय' जैसे नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर डीपीसी प्रवीण सिंह ने बताया कि आयोडीन शरीर के लिए एक आवश्यक तत्व है, जो थायरॉयड ग्रंथि के सुचारू कार्य के लिए जरूरी होता है। आयोडीन की कमी से मानसिक विकास में रुकावट, बहरापन, मंदबुद्धि तथा घेंघा जैसी गंभीर बीमारियां उत्पन्न होती हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों में केवल आयोडीन युक्त नमक का ही प्रयोग करें। रैली के अंत में सभी प्रतिभागियों ने आयोडीन युक्त नमक के नियमित उपयोग की शपथ ली और इस जनजागरूकता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

कोहिपाठ डीपा टोली में महिला ने लगायी फांसी

घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कोहिपाठ डीपा टोली में आशिक विक्षिप्त महिला ने फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त की। कोहिपाठ निवासी लगभग 45 वर्षीय फूलवंती मिंज बीते सोमवार की देर शाम अपने घर में साड़ी को फंदा बनाकर फांसी लगा ली। मृतिका का बेटा निशीथ मिंज ने बताया कि घर पर कोई नहीं था। सभी दीपावली के अवसर पर घर के बाहर घूम रहे थे। जब सभी घर आये तो देखा कि उसकी मां फंदे के सारे झूल रही है। जिसके बाद आनन फानन में गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। निशीथ ने यह भी बताया कि उसकी मां का पिछले 6 महीने से थोड़ा मानसिक संतुलन बिगड़ गया था। जिसके बाद अचानक सोमवार की शाम यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलने पर गुमला पुलिस सदर अस्पताल पहुंच घटना का जायजा लिया।

21.75 ग्राम ब्राउन शुगर और 1.93 लाख नगद के साथ दो गिरफ्तार

बंधक के नौ मोबाइल भी बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव की अगवाई में गुमला थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली के द्वारा ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री को लेकर एक छापामारी टीम का गठन किया गया। सोमवार की शाम छापामारी दल शहर के लक्ष्मण नगर स्थित पुल के पास पहुंची तभी एक लड़का पुलिस को देख कर तेजी से भागने लगा जिसे सशस्त्र बल ने खदेड कर पकड़ लिया। नाम पता पूछने पर युवक ने अपना नाम रोहित सिंह उम्र 22 वर्ष पिता कन्हैया सिंह दुर्गा नगर निवासी बताया। पुलिस द्वारा रोहित की तलाशी लेने पर उसके पेंट के पॉकेट से 13 पुड़िया ब्राउन शुगर मिला। जिसका वजन 2 ग्राम पाया गया। पूछताछ करने पर युवक ने बताया वह लक्ष्मण नगर निवासी अर्पित कुमार एवं उसकी बहन राखी कुमारी पिता स्व पप्पू सिंह से ब्राउन शुगर को खरीद कर लाया है। उनके पास काफी मात्रा में ब्राउन शुगर है। इसके बाद पुलिस ने उनके निशान देही पर लक्ष्मण नगर पहुंचकर घेराबंदी किया। वही दोनों को हिरासत में लिया और विधिवत घर की तलाशी लेने पर एक कमरा से पारदर्शी प्लास्टिक में ब्राउन शुगर का 19 पुड़िया पाया गया। जिसका वजन करने पर 15 ग्राम एवं 19 पुड़िया को वजन करने पर 4.75 ग्राम पाया गया। तलाशी के क्रम में 9 मोबाइल फोन एक सिल्वर रंग का वेट मशीन छत के उपर एक पीला रंग का थैला जिसमें 193290 रुपये मिला। राखी कुमारी से पूछताछ करने पर बताया कि अपने भाई अर्पित कुमार के साथ ब्राउन शुगर को स्कूल एवं कॉलेज के छात्रों को बेचते हैं जो लोग पैसा नहीं दे पाते हैं उनका बंधक के रूप में मोबाइल रख लेते हैं। अर्पित के बारे में पूछने पर बतायी कि वह अभी ब्राउन शुगर बेचने के लिए बाहर गया है। छापामारी दल में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली, पुलिस अवर निरीक्षक विनय कुमार महतो, हवलदार नामजद समद, आरक्षी विकास कुजूर सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। मंगलवार दिन के 1 बजे पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया।

मुरकुंडा में किराना और हार्डवेयर दुकान में लगी आग, सामान जलकर राख, दुकानदार झुलसा

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। दीपों के त्योहार दिवाली की रात जब हर घर में खुशियों की रौशनी जगमगा रही थी। तभी सदर थाना क्षेत्र के मुरकुंडा गांव में एक परिवार की खुशियां राख में तब्दील हो गयी। गांव स्थित शुभम किराना एवं हार्डवेयर दुकान में लगी भीषण आग ने देखते ही देखते सब कुछ स्वाहा कर दिया। लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया, जबकि दुकानदार आग में झुलस गया। दिवाली की पूजा-अर्चना के बाद दुकान बंद करने की तैयारी चल रही थी। दुकान मालिक ने दुकान के बाहर पारंपरिक दीपक जलाया था। लेकिन उसी शुभ दीप ने कुछ ही पलों में विनाश का शंखनाद कर दिया। बताया जाता है कि दीपक हवा के झोंके से गिर गया और वहीं से आग की लपटें उठीं। शुरू में आग धीमी थी लेकिन कुछ ही मिनटों में हार्डवेयर दुकान में रखे ज्वलनशील पदार्थों ने आग को विकराल बना दिया। जैसे ही लोगों ने धुआं उठते देखा गांव में हड़कंप मच गया। दुकानदार ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन तेज लपटों ने उसे भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने तत्काल साहस दिखाते हुए उसे बाहर निकाला। इस बीच आग इतनी भयावह हो चुकी थी कि पूरी दुकान धूं-धूं कर जलने लगी। गांव के सैकड़ों ग्रामीण बाल्टी ड्रम, बालू और मिट्टी लेकर आग बुझाने में जुट गये। लगभग दो घंटे तक ग्रामीणों ने दमकल बनने का काम किया किसी के हाथ में बाल्टी, किसी के हाथ में बालू, तो कोई पाइप से पानी डालता रहा। सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी महेंद्र करमाली पुलिस बल और अग्निशमन दल के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने सूझबूझ से काम लेते हुए करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक हार्डवेयर दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। हालांकि दमकल की त्वरित कार्रवाई से किराना दुकान को पूरी तरह जलने से बचा लिया गया। दुकानदार ने बताया कि इस अगलगी में करीब तीन लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

सड़क हादसों में छह लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिला में तीन अलग-अलग जगहों पर सड़क दुर्घटना में छह लोग घायल हो गये। पहली घटना घाघरा थाना क्षेत्र के खरका बांकी नदी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से डेवीडीह पतरा टोली निवासी दशेंद्र उरांव और जितेंद्र उरांव गंभीर रूप से घायल हो गये स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को रविवार की शाम 6 बजे सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज को बाद गंभीर रूप से घायल जितेंद्र उरांव को डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया। उसका एक पैर टूटकर चूर हो गया जबकि शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट भी लगी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दोनों युवक टोटाम्बी बाजार गये थे जहां से अपने घर लौट रहे थे तभी खरका बांकी नदी के समीप पीछे से एक अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए घटना स्थल से फरार हो गया।

दूसरी घटना गुमला लोहरदगा रोड स्थित टोटो थाना के पास सोमवार की अपराह्न 3 बजे दो बाइक में सीधी भिड़ंत हो गयी



सांकेतिक तस्वीर।

घटना में जोराग निवासी राजकुमार बड़ाइक और उसकी पत्नी पार्वती देवी गंभीर रूप से घायल हो गये पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां गंभीर स्थिति देखते हुए डॉक्टर ने पार्वतीन देवी को रिम्स रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दोनों पति पत्नी सांवरिया गांव मेहमान गये थे जहां से अपने घर लौट रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार दो युवक टक्कर मारते हुए गिर गये। दोनों युवक हल्की चोट लगी बाइक छोड़कर दोनों फरार हो गये। टोटो थाना की पुलिस सूचना पर घटना स्थल पहुंची और ओटो की मदद से दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया घटना में महिला के सिर में गंभीर चोट लगी है।

वहीं तीसरी घटना सिसई रोड स्थित बाल भारती स्कूल के पास दो बाइक में सीधी भिड़ंत हो गयी। घटना मंगलवार की अपराह्न 3 बजे की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक परसा टुकु टोली निवासी 30 वर्षीय बेंजामिन मिंज जौनपुर नदी टोली गांव आपने एक रिश्तेदार के दाह संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जहां उसने शराब का सेवन कर लिया और वापस अपने गांव लौट रहा था। इधर खड़िया पाड़ा निवासी 30 वर्षीय सतीश मिंज अपने एक दोस्त से मिलने संत इग्ना सियुस स्कूल की ओर जा रहा था तभी दोनों बाइक में आमने सामने की भिड़ंत हो गयी। घटना में दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गयी। घटना की सूचना पर गुमला थाना के एसआइ अविनाश तिव घटना स्थल पहुंचे और दोनों घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

समाजसेवियों और पदाधिकारियों ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। छठ घाटों को लेकर जहां एक और समाजसेवी और जनप्रतिनिधि सक्रिय हैं वही प्रशासनिक पदाधिकारी भी लगातार छठ घाटों का निरीक्षण कर रहे हैं। मंगलवार को बसिया में छठ घाटों को लेकर समाजसेवियों और प्रशासनिक पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। बसिया प्रखंड मुख्यालय में स्थित कई छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी जयंती देवगम ने कहा कि छठ आस्था का महापर्व है। जहां भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर उनकी कृपा प्राप्त की जाती है। इसलिए छठ घाटों की साफ सफाई से लेकर रखरखाव तक का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि छठ व्रतियों को अपने इस आराधना में कोई कठिनाई नहीं हो। निरीक्षण करने वालों में अनुमंडल पदाधिकारी के साथ साथ डीसीएलआर शेखर कुमार, अंचलाधिकारी नरेश सिंह मुंडा, थाना प्रभारी युधिष्ठिर प्रजापति, समाजसेवी पंकज सिंह, अनिल सिंह आदि के नाम शामिल हैं।

31 को होगी आदिवासी उलगुलान महारैली

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। मंगलवार 21 अक्टूबर को कार्तिक उरांव कॉलेज मुख्य छात्रावास गुमला में जिला के समस्त 33 आदिवासी जनजाति समाज के समाजीक संगठन के प्रमुख अगुवा गणो की बैठक हुई। जिसमें आगामी 31 अक्टूबर दिन शुक्रवार को कार्तिक उरांव के समीप सरना सम्मेलन मैदान गुमला में कुड़मी/ कुर्मी लोगों के द्वारा अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल होने की मांग के विरोध में आयोजित होने वाले आक्रोश रैली की सफलता पर चर्चा की गयी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिला मुख्यालय कार्तिक उरांव के समीप सरना सम्मेलन मैदान गुमला में एकत्र होंगे। साथ ही जुलूस के शक्ल में सिसई रोड, जशपुर रोड से होते हुए लोहरदगा रोड होकर चंदाली मैदान में जनसभा मैं परिणत हो जायेगी तत्पश्चात राष्ट्रपति के नाम विशेष द्वारा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जायेगा। साथ यह आह्वान किया गया सभी अपनी आदिवासी वेशभूषा एवं पारंपरिक हथियार पारंपरिक वाद्य यंत्र के साथ आये बैठक में मुख्य रूप से रांची से आये आदिवासी बचाओ मोर्चा के संयोजक देवकुमार धान, आदिवासी छात्रसंघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव, राजी पड़हा प्रार्थना सभा के प्रदेश अध्यक्ष रवि तिग्गा समेत गुमला जिले के विभिन्न आदिवासी जनजाति समुदाय के अगवा देवी खेरवार, जिला अध्यक्ष खेरवार समाज, दिलेश्वर लोहरा, केन्द्रीय उपाध्यक्ष लोहरा समाज,शिवम लोहरा, जिला अध्यक्ष लोहरा समाज, समाजसेवी जगरनाथ उरांव, फौदा उरांव, दीवान राजी पड़हा, लोथे उरांव ,जमीन बचाओ संघर्ष के संरक्षक, जितेश मिंज, विनोद मिंज, योगी उरांव, रोबर्ट टोप्पो प्रेम एक्का, सुधीर कुजूर, नेल्सन भगत, हितेश्वरी भगत, शिरोमणि विलूंग, खड़िया समाज, संतोष उरांव, सलीम टोप्पो, महावीर उरांव, अशोक भगत आदि उपस्थित रहे।

गेम खेल रहे बच्चे का मोबाइल छीनकर फरार हुआ युवक

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के टोटो गांव निवासी सीमा देवी पति संतोष चिक बड़ाईक ने सोमवार की अपराह्न 4 बजे गुमला थाना पहुंचकर एक युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। थाना को दिये आवेदन के अनुसार महिला ने बताया उसका 4 वर्षीय बेटा घर के बाहर सीढ़ी में बैठकर मोबाइल में गेम खेल रहा था तभी पड़ोस का रहने वाला एक युवक घर के पास पहुंचा और बच्चा से मोबाइल छीन कर फरार हो गया घटना के बाद बच्चा रोते हुए अपनी मां को सारी घटना बतायी। वही मोबाइल पर फोन करने पर मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है इसके बाद माता-पिता बच्चे को लेकर गुमला थाना पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई है साथ ही मोबाइल बरामदगी की मांग की है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

डीसी के आदेश पर भी नहीं मिला राशन कार्ड, कार्रवाई की मांग

भूषण भगत ने कहा कि प्रशासन संज्ञान मामलों को गंभीरता दिखाते हुए धरातल मे करवाई सुनिश्चित करे

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। मिशन बदलाव टीम नगर अध्यक्ष बिनये गोप के नेतृत्व में वृंदा पंचायत महुआ टोली गांव पहुंची। जहां पर अनाथ बच्चों के लहरु अहिर पालनकर्ता से मुलाकात किया गया, अनाथ बच्चो के पालनकर्ता ने कहा कि इनके माता-पिता दोनों 4 वर्ष पूर्व पहले दोनों बच्चों को छोड़कर कहीं चले गये है। आज दोनों बच्चों के पास में जीवन जीने के लिए बुजर्गों के अलावा कोई सहारा नहीं है, बच्चों के विषय में बताते हुए बुजुर्ग पालनकर्ता रो पड़े और कहा कि पिछले कई सालों से राशन कार्ड बनाने को लेकर हम लोग दौड़-दौड़ के थक चुके हैं। हम लोग दोनों बच्चे जिनको हम लोग पाल रहे हैं उनका भविष्य का क्या होगा यह सभी भगवान भरोसे हैं। मिशन बदलाव की टीम गरीब बच्चों के लिए अनाज सामग्री प्रदान किया और पालनकर्ताओ को विश्वास दिलाया कि जिला प्रशासन के द्वारा मदद दिलवाया जायेगा। दोनों बच्चे अभी बहुत मुश्किल परिस्थितियों में अपनी जीविकापार्जन और पढ़ाई लिखाई तथा अपने सभी कार्यों को करने में विकट परिस्थितियों से गुजर रहे हैं। मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत ने कहा कि प्रशासन के द्वारा इन सब मामलों को जानने के बावजूद भी अभी तक इन्हे मदद नहीं मिल पायी है। बच्चों के मामले को लेकर त्वरित जिला प्रशासन मदद पहुंचाये, लेकिन अभी तक बच्चों का राशन कार्ड नहीं बना है। मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत ने कहा कि प्रशासन को जमीनी सभी मामलों से अवगत कराया जाता है, तो इन सभी मामलों को गंभीरता दिखानी होगी। जिससे कि जो बच्चे अभी विकट परिस्थितियों में गुजर रहे हैं उन बच्चों को सहयोग मिल सके। कहा कि जब कभी ऐसे मामले आते हैं, तो प्रशासन त्वरित कदम उठाए और संज्ञान ले। संज्ञान केवल कागजों पर ना हो, लेकिन धरातल पर भी उतारने का काम किया जाना चाहिए। मौके पर चंदन, बुधराम देवनारायण रविन्द्र सहित समाज सेवी उपस्थित थे।

अनियंत्रित ऑटो पलटते हुए बाइक से टकरायी, तीन घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला जशपुर रोड स्थित करौंदी के पास ओटो की टक्कर से कंडरा डुमर टोली निवासी अशोक उरांव मांडर रांची निवासी अनिल लाकड़ा और खरका निवासी 12 वर्षीय सोहन उरांव घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को सदर अस्पताल लाया गया जहां तीनों का इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी मुताबिक तीनों एक बाइक में सवार होकर सिलम की ओर घूमने गये थे मंगलवार की अपराह्न 4:00 बजे वापस लौट रहे थे तभी करौंदी के पास तेज रफ़्तार ओटो अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया साथ ही पलटते हुए सड़क पर चल रहे एक बाइक को टक्कर मार दिया।

मवेशी चराने गये युवक को सांप ने काटा

गुमला (आजाद सिपाही)। रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोब्जा के राजस्व ग्राम रमजा बेन्दवाकोना गांव निवासी 25 वर्षीय युवक गणेश सिंह को मवेशी चराने के क्रम में एक जहरीले सांप ने पैर में काट लिया। घटना मंगलवार की दोपहर 12 बजे की है। पैर में तेल लहर व जलन होने के बाद परिजन उसके पैर को रबड़ से बांध दिये इसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह लाया गया जहां से गुमला रेफर कर दिया गया।

कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़
Email-ID-eemidramgarh24408@gmail.com

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय का पत्रांक–950 दिनांक 14.10.2025के द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MID/RAMGARH F2 -05/2025-26 को विभिन्न सामाचर पत्र में प्रकाशित हुआ। योजना का नाम– Construction of Check Dam on Bhukbhukwa Boro Nala Block- Bishnugarh, Dist-Hazaribagh जिसका पी०आर० नम्बर–364129 (Minor Irrigation) 25-26*D वर्ष 2025–26 है को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित की जाती है।

ह०/–
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 364620 Minor Irrigation (25-26)_D

झारखण्ड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड – 815301

ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :–**17/R2/2025-26/RWD/EE/GIRIDIH** दिनांक :– 18.10.2025 ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurment पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम :–

क्र0 सं0	आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रुपया में)		कार्य समाप्ति की अवधि	टेंडर कॉल संख्या
			अंक में	अक्षर में		
1	RWD/GIRIDIH/54/2024-25	चपरखो काली मण्डा से श्यामडीह भाया पंचायत भवन तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–2.000 कि0मी0)	1,91,65,900.00	एक करोड़ इकानवें लाख पैसठ हजार नौ सौ रू0 मात्र	12 माह	द्वितीय

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 25.10.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 03.11.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 06.11.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह, तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड – 815301
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06532–225381

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह।

PR 364542 REO(25-26)D

सड़क पर उड़ती धूल से लोग परेशान, बाल्टी से पटा रहे सड़क

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। नवागढ़ पतराटोली और शंखमोड़ मांझाटोली नेशनल हाईवे 43 जर्जर सड़क से उठ रहा डस्ट से परेशान आमजनो ने मंगलवार की अपराह्न 4 बजे नेशनल हाईवे 43 पर पानी का छिड़काव किया। लगातार लम्बे समय से उड़ रहे डस्ट से राहगीर समेत आमजनो को सांस लेना मुश्किल हो गया है। बड़ी छोटी वाहनो के गुजर होने से कुछ नजर नही आ रहा है,स्वास्थ्य और जानमाल की छति की संभावना लगातार बनी हुई है। नेशनल हाइवे 43 रायडीह प्रखंड मुख्यालय नवागढ़ पतराटोली से देवी मंडप तक सड़क की स्तिथि काफी जर्जर है,इसके साथ ही शंखमोड़ मांझाटोली मे डस्ट उड़ रहा है, इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा। इस विकट समस्या का समाधान नही हो पा रहा है। एनएचएआइ सड़क के गड्ढो मे आकर डस्ट डालता है और चला जाता है, इसका ठोस उपाय नही हो रहा है जिससे आमजनो मे काफी आक्रोश है। बता दें कि निजी प्रतिष्ठान किराना कपड़ा फल का दुकान मेडिकल हॉल ठेला आदि मे दिन भर बैठे दुकानदार और ग्राहक इसके साथ दुकान मे रखे खाद्य और अन्य सामग्री मे डस्ट उड़ कर जम जा रहा है इससे हर एक व्यक्ति परेशान है। मुख्य रूप से सांस लेना मुश्किल हो जा रहा है, सर्दी खांसी सिर दर्द से लोग परेशान हो रहे है। स्थानीय लोगों ने कहा कि नेशनल हाइवे 43 का ठोस उपाय नही किया गया तो आमजन सड़क पर उतरने को विवश होंगे।

झारखण्ड सरकार
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग सैनिक कल्याण निदेशालय

डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची के दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रण की सूचना

1. सैनिक कल्याण निदेशालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार, झारखण्ड राज्य के इच्छुक वीर नारी, विधवाओं तथा पूर्व सैनिकों से डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह– सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची के दुकान संख्या E-28 (श्रेत्रफल 65 वर्गफीट) के आवंटन के लिये आवेदन आमंत्रित करता है :–

2. **आवेदन प्रपत्र 14 नवम्बर 2025 2025 पाँच बजे अपराहन् तक टेंडर बॉक्स में जमा करना है** और **लिफाफे के उपरी भाग में "दुकान संख्या .... हेतु आवेदन"** अवश्य लिखा होना चाहिये। प्राप्त आवेदनों को अधिकारियों की एक समिति द्वारा **19 नवम्बर 2025 2025** को 11:00 बजे खोला जायेगा। नियम एवं शर्तें झारखण्ड सरकार के वेबसाईट www.prdjharkhand.gov.in एवं डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन –सह– सैनिक बाजार, मेन रोड राँची के कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

निदेशक के आदेशानुसार

ह0/–
सहायक निदेशक
सैनिक कल्याण निदेशालय
डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह– सैनिक बाजार मेन रोड, राँची

स्थान : राँची दिनांक : 17 अक्टूबर 2025

PR 364587 (Home)25-26*D

तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। जिला में एक दर्दनाक घटना हुई है। तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गयी है। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चों के शवों को तालाब से निकाल लिया गया है।

इस हादसे में मारे गये दोनों बच्चे आपस में चचेरे भाई हैं और दोनों के पिता आपस में सगे भाई हैं। इनमें एक का नाम सिद्धार्थ भारती है, जिसकी उम्र करीब दो साल है। सिद्धार्थ के पिता का नाम रामचरण भारती है। वहीं दूसरे बच्चे का नाम राजवीर है, जिसकी उम्र करीब ढाई साल है। राजवीर के पिता का नाम शंभू शरण भारती है। रामचरण भारती और शंभू शरण भारती सहोदर भाई हैं।

ये घटना टुंडी थाना क्षेत्र के हटिया रोड स्थित राजबाड़ी के नजदीक तालाब की है। मंगलवार को जहां दोनों बच्चे खेलते हुए तालाब में चले गये और पानी में डूब गये। ग्रामीणों और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार राजबाड़ी के रहने वाले दो सगे भाइयों शंभू शरण भारती और रामचरण भारती के बेटे दोपहर में अचानक घर से निकल गये।

परिजन काफी देर तक इधर उधर खोजते रहे लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। घंटों बीत जाने के बाद किसी ने सूचना दी कि तालाब में एक बच्चे का शव पानी के ऊपर नजर आ रहा है। जिसके बाद परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय पुलिस और टुंडी सीओ सुरेश प्रसाद बर्नवाल भी घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच गये।

तालाब में पानी के दिखाई दे रहे एक बच्चे का शव बाहर निकाला गया। तालाब में पानी के अंदर खोजबीन के बाद दूसरे बच्चे का शव भी निकाल लिया गया।

पुलिस द्वारा दोनों बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया है। साथ ही आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं घटना के लेकर टुंडी विधायक सह सचेतक मथुरा महतो के विधायक प्रतिनिधि मदन महतो ने कहा कि तालाब में डूबने से दो मासूमों की मौत हुई है। दोनों बच्चे बॉल से खेल रहे थे और उनकी बॉल तालाब में चली गयी। बॉल को निकालने के लिए वह तालाब के पानी में चले गये और डूब गये जिस कारण दोनों बच्चों की मौत हो गयी है।

विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि विधायक मथुरा महतो के द्वारा रात्रि में ही दोनों बच्चों के पोस्टमार्टम करने का आग्रह जिला प्रशासन से किया गया है।

इस मामले को लेकर टुंडी सीओ सुरेश प्रसाद बर्नवाल ने बताया कि बच्चों का परिवार सड़क के दूसरे साइड में रहते हैं जबकि तालाब सड़क के उस पार है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे बच्चे खेलते हुए, तालाब के समीप गये और पानी में डूब गये। फिलहाल दोनों बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना को लेकर उन्होंने अफसोस जताया है। उन्होंने कहा कि परिवार के साथ मेरी पूरी संवेदना है। इस विकट परिस्थिति में उनके परिजनों को ईश्वर हिम्मत दे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से दो सेल कर्मी घायल

झरिया/ पाथरडीह (आजाद सिपाही)। गौशाला ओपी अंतर्गत झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग पर डीवीसी मोड़ के निकट मंगलवार को बाइक सवार दो सेल कर्मी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये है। जिन्हें गौशाला ओपी पुलिस की मदद से सेल के चासनाला अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बीजीएच बोकारो अस्पताल रेफर कर दिया है। जहां दोनों की हालत गंभीर बतायी जाती है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सेल के टासरा प्रोजेक्ट में एजीएम के पद पर कार्यरत केके राहुल (53) और माइनिंग सरदार राजेश कुमार शर्मा (52) सेल के टासरा प्रोजेक्ट से ड्यूटी समाप्त कर हीरो ग्लैमर बाइक संख्या जेएच 10 बीसी 4821 से चासनाला जा रहे थे। तभी पीछे से अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों सेल कर्मी सड़क पर बेतहाशा गिर पड़े। इस घटना में दोनों बुरी तरह जख्मी हो गये हैं।

जीतपुर में दीपावली पर दो पक्षों में जमकर मारपीट, एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया/ जोड़ापोखर। जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जीतपुर काली मंदिर के समीप दीपावली की रात दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई है घटना में एक युवक द्वारा पिस्टल से हवाई फायरिंग करने का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को हाथ लगी है। जामाडोबा के रहनेवाले प्रीतम कुमार यादव ने आरोप लगाया है कि डुमरी के हर्ष सिंह, यस सिंह, दारा सिंह और विकास सिंह सहित अन्य अज्ञात युवकों के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना में प्रीतम के भाई अनिश कुमार का सिर फट गया और उन्हें जामाडोबा अस्पताल में इलाज कराया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस पहुंची और लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर आधा दर्जन संदिग्ध युवकों को पकड़कर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। घटना के बाद से इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है। घायल के परिवार वालों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना के संबंध में प्रीतम ने बताया कि दीपावली की रात करीब सवा दो बजे जीतपुर काली मंदिर से पूजा अर्चना करने के बाद अपने घर लौट रहा था। तभी पूर्व से घात लगाकर बैठे हर्ष सिंह, यस सिंह, दारा सिंह, विकास सिंह अन्य अज्ञात युवकों ने मेरे ऊपर पिस्टल तान दी और जान से मारने की नीयत से धमकी देने लगे। किसी तरह उन लोगो से बचकर अपने घर की ओर भागने लगे तभी चारो ने पीछाकर जामाडोबा अस्पताल के पास आया और मुझे दबोच लिया चारों ने मिलकर मारपीट करने लगे उसी क्रम में हर्ष सिंह और दारा सिंह दोनों तरफ से पकड़ लिया ,दारा सिंह ने अपने बांया हाथ से मेरा गल्ला दबाने लगा फिर पिस्टल सिर पर सटा दिया। बीच बचाव करने आया मेरा भाई अनीश कुमार को हर्ष ने लोहे का रड से प्रहार किया जिसके बाद सिर फट गया हो हंगामा सुनकर आसपास के लोग पहुंच गये उसके बाद पिस्टल दिखाकर धमकियां देते हुए भाग निकले। घटना के बाद जोड़ापोखर पुलिस पहुंची और आधा दर्जन संदिग्ध युवकों को पकड़कर पूछताछ कर रही है।

धनबाद विधायक राज सिन्हा ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर दीप जलाकर किया नमन

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। दीपावली के पावन अवसर पर झारखंड विधानसभा के सचेतक एवं धनबाद विधायक राज सिन्हा ने धनबाद शहर के जगजीवन नगर अमर शहीद भगत सिंह, पटेल चौक हीरापुर स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल, हीरापुर स्थित शहीद हीरा झा, पार्क मार्केट स्थित स्वामी विवेकानंद जी की, अमर शहीद रंधीर प्रसाद वर्मा, गांधी सेवा सदन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सिटी सेंटर चौक स्थित स्वामी विवेकानंद जी की, सिटी सेंटर चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा, बेकारबांध स्थित अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद, बैंक मोड़ स्थित धरती आबा बिरसा मुंडा की, बैंक मोड़ स्थित लोकनायक जय प्रकाश नारायण, शुभाष चौक नया बाजार स्थित अमर शहीद शुभाष चंद्र बोस, डीआरएम चौक स्थित भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर, धनबाद स्टेशन के सामने स्थित बिनोद बिहारी महतो सहित विभिन्न चौक-चौराहों पर स्थित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन और याद किया। इस दौरान विधायक राज सिन्हा ने कहा कि दीपावली केवल प्रकाश का पर्व नहीं, बल्कि अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। हमारे देश के महापुरुषों ने समाज और राष्ट्र के लिए जो आदर्श स्थापित किए हैं, वे आज भी हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं। ऐसे अवसरों पर उन्हें स्मरण करना हम सभी का कर्तव्य है। विधायक श्री सिन्हा ने लोगों से अपील की कि वे दीपावली को पर्यावरण-सुरक्षित और सामाजिक सद्भाव के साथ मनायें तथा जरूरतमंद लोगों के बीच खुशियाँ बाँटें। कार्यक्रम में मनोज मालाकार, रिंकू सिन्हा, अमित सिंह सहित नागरिक उपस्थित थे। जिन्होंने विधायक जी के साथ दीप प्रज्वलन कर महापुरुषों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

गोविंदपुर में पूर्व जिप सदस्य पर मेला में फायरिंग का आरोप, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। गोविंदपुर थाना अंतर्गत खड़काबाद में दीपावली के शुभ अवसर पर मां काली की पूजा अर्चना के साथ मेला का भी आयोजन होता है। यहां काफी तादात में श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है।

खड़काबाद में काली पूजा के मेला में पूर्व जिप सदस्य अब्दुल मन्नान के द्वारा बंदूक ले जाने को लेकर विवाद हुई, देखते ही देखते विवाद बहस में तब्दील हुई और इसी बीच फायरिंग की घटना हुई। स्थानीय लोगों एवं पूजा कमिटी के सदस्यों का आरोप है कि अब्दुल मन्नान उनके साथ उनका बेटा और साला आम्स लेकर घूम रहे थे जिसका स्थानियों और पूजा कमिटी के सदस्यों ने विरोध किया। उसी बीच हुई झड़प देखते ही देखते पूर्व जिप सदस्य अब्दुल मन्नान के साला मुशर्रफ आलम उर्फ शेरू ने साथ में रखे बंदूक से हवाई फायरिंग कर दी।

फायरिंग की घटना होते ही पूजा पंडाल के समीप अफरातफरी मच गयी। स्थानियों लोगों का कहना है लगातार तीन फायरिंग किया गया जिससे दो घायल ओर एक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीयों ने आननफानन में घायल जख्मी युवकों को धनबाद एसएनएमएमसीएच बेहतर इलाज के भेज दिया गया। जिसके के बाद गोविंदपुर थाना को सूचित किया गया। सूचना मिलते गोविंदपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंचकर अब्दुल मन्नान को गिरफ्तार कर लिया गया और बंदूक को भी जब्ती हो गयी।

घटना के संबंध में धनबाद मुख्यालय 1 के डीएसपी शंकर कामती ने बताया कि घटना स्थल से खोखा बरामद नहीं हुआ है। पूरे मामले की जांच हो रही है अब्दुल मन्नान को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही आर्म्स कि भी जब्ती हो चुकी है। फिलहाल जाँच कर रहे हैं। मिली बंदूक लाइसेंसी है या नहीं जाँच किया जा रहा है।जो युवक घायल हुए हैं वो लोगों को गोली लगी है या भीड़ के शिकार हुए हैं अनुसंधान जारी है।बाकी पुलिस अपनी कार्य कर रही है जो दोषी होंगे उनपर करवाई होगी और वो सजा के पात्र होंगे उन पर कानूनों करवाई होगी। फिलहाल सभी बिंदुओं पर पुलिस जाँच कर रही है।

काली पूजा में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया/ पाथरडीह। पाथरडीह लोको बाजार, मोहन बाजार, नुनुडीह, भाटडीह, सुदामडीह, चासनाला आदि जगहों पर मां काली पूजा धूमधाम से संपन्न हुई। इस अवसर पर पूजा अर्चना करने के लिए भक्त श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने मां काली का पूजा-अर्चना कर सुख शांति संवृद्धि की मन्नते मांगी। पाथरडीह लोको बाजार दुर्गा मंदिर, नुनुडीह न्यू मां काली मंदिर, नुनुडीह बस्ती स्थित बीसीसीएल की मां काली मंदिर, भाटडीह बस्ती मां काली मंदिर, सुदामडीह मेन कॉलोनी नाच घर मां काली मंदिर, सुदामडीह रिवर साइड मां काली मंदिर, चासनाला सेल के दुर्गा मंदिर में मां काली की पूजा अर्चना की गयी। यहां सन्धि पूजा के साथ पाठा बलि दी गयी तथा प्रसाद वितरण किया गया। मां काली पूजा को सफल बनाने में पूजा समिति के नुनुडीह स्थित न्यू मां काली मंदिर पूजा समिति के मोना चटर्जी, अरुण गुप्ता, तरुण चक्रवर्ती, अशोक दत्ता, पुजारी सुमिरन मुखर्जी, नुनुडीह बीसीसीएल काली मंदिर पूजा समिति के सबुर गोराई, रवि घोष, अमर पाली, बप्पा दत्ता, संतु बाउरी, नबीन सिंह, राजा बाउरी,सुभाष बनर्जी, टुन्टुन पासवान, मंटू, पुजारी सौरव चक्रवर्ती, विपतरिणी मुखर्जी, इधर सेल के चासनाला मां काली मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष टीएस रंजन, सचिव आदित्य कुमार सिंह, अखिलेश कुमार, अमल राज शेखर, भोला महतो, राज महतो, संजीत सिंह आदि पूजा समिति के युवकों का सराहनीय योगदान रहा है।

डीपीआरओ-डीएसओ ने राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता की तैयारियों का किया निरीक्षण

सेक्टर 04 स्थित एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में 13वीं झारखंड राज्य सब जुनियर कबड्डी प्रतियोगिता का होगा आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। 22 अक्टूबर से शुरू होने वाले 13 वीं झारखंड राज्य सब जुनियर कबड्डी प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयारियों में जुट गया है। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन सेक्टर-4 स्थित एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में किया जायेगा। उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देशानुसार प्रतियोगिता की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार एवं जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन ने आयोजन स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने पुरूष-महिला खिलाड़ियों के ठहराव, भोजन, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा प्रबंधों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि प्रतियोगिता के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा खिलाड़ियों या दर्शकों को नहीं हो। मौके पर डीपीआरओ ने कहा कि राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं न केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करती हैं, बल्कि जिले की पहचान को भी सशक्त करती हैं। यह आयोजन दिशोम गुरू शिबू सोरेन के समृति में उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देशन में जिला प्रशासन और बोकारो जिला कबड्डी संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजन में राज्य के विभिन्न जिलों से पुरुष एवं महिला वर्ग की टीमें हिस्सा लेंगी।

मां काली की पूजा-अर्चना में शामिल हुए उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। हम सब पूजा समिति, नया मोड़ बीएस सिटी के तत्वावधान में मंगलवार को मां काली की भव्य पूजा-अर्चना श्रद्धा और उत्साह के साथ हुई। इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने पूजा स्थल पर पहुंचकर मां काली की पूजा-अर्चना की और जिले के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। उपायुक्त ने मां काली से जिले में आपसी सद्भाव, विकास और खुशहाली बनाएं रखने का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने समिति द्वारा किये जा रहे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करते हैं। इस दौरान पूजा पंडाल में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी थी। जहां आरती के स्वर से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा।

मौके पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत समिति के अन्य सदस्य* उपस्थित थे।

जनता दरबार में 11 मामलों पर सुनवाई

बोकारो (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 11 से ज्यादा लोगों की शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही, संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में सहकारिता विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, चास नगर निगम, खनन, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

कचरा चुनने वाले युवक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। झरिया थाना क्षेत्र के बनियाहिर निवासी बंगाली लगभग (25) वर्ष की मौत चिकित्सा के दौरान हो गयी। सोमवार को किसी बात को लेकर शमशेर नगर के एक युवक साहिल उम्र 22 वर्ष साथ उसकी मारपीट हुई थी। बताया जाता है कि युवक बंगाली झरिया में अनाथ का जीवन यापन करता था इस दौरान साहिल से उसकी दोस्ती हुई। साहिल एक होटल में काम करता है दोनों रात्रि में एक साथ सड़क के किनारे कभी-कभी सोया करता था साहिल का घर शमशेर नगर झरिया में स्थित है। दोनों में किसी बात को लेकर आपसी झगड़ा हुआ था। इसी दौरान साहिल ने चाकू निकालकर अपने दोस्त बंगाली को मारा था। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल बंगाली को धनबाद एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक कचड़ा चुन कर अपना जीवन यापन करता था।

लोगों ने बताया कि मारपीट करने वाले दोनों ही शराब के नशे में थे। इधर मामले की सूचना मिलते ही झरिया पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। झरिया पुलिस ने बताया कि दोनों अक्सर नशा करता था नशे के दौरान दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की छानबीन चल रही है।

काली पूजनोत्सवः पट खुलते ही उमड़े श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कालीपूजनोत्सव को लेकर बनाये गए पूजा पंडालों में सोमवार मध्य रात्रि से ही भक्ति पूर्ण वातावरण में काली पूजन आरंभ हो गया। प्रतिमा के पट खुलते ही श्रद्धालु भक्तिभाव से माता के दर्शन को उमड़ पड़े। इस दौरान वेदमंत्रों से पूरा वातावरण भक्तिमय में हो गया। शहर के सेक्टर 4 स्थित मजदूर मैदान का भव्य पूजा पंडाल इस बार आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यहां भक्तों की भीड़ मां काली के दर्शनों के साथ-साथ पंडाल की भव्यता को भी देखने आ रही है।

मजदूर मैदान में इस वर्ष फ्रेंड्स क्लब की ओर से 55वां महाकाली पूजा महोत्सव से मनाया जा रहा है। वर्ष 1972 से शुरू हुई यह पूजा पिछले 30 वर्षों से लगातार मजदूर मैदान में आयोजित की जा रही है इस बार पूजा पंडाल कोलकाता के प्रसिद्ध बेलूर मठ की तर्ज पर तैयार किया गया है। करीब तीन लाख रुपये की लागत से बन रहे इस भव्य पंडाल की ऊंचाई 70 फीट और चौड़ाई 60 फीट है। फ्रेंड्स क्लब के संरक्षक कृष्ण कुमार मुन्ना ने बताया कि 12 फीट ऊंची मां काली की प्रतिमा के साथ रामकृष्ण परमहंस, माता शारदा और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमाएं भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। काशी से आये वेद आचार्य वैदिक विधि से पूजा संपन्न करा रहे हैं। पूजा का समापन 26 अक्टूबर को होगा। पूजा के दौरान प्रतिदिन भोग वितरण की व्यवस्था की गयी है– 21 अक्टूबर को खीर महाभोग, 22 और 24 अक्टूबर को खिचड़ी भोग, 23 अक्टूबर को पुनः खीर भोग, और 25 अक्टूबर को हलवा वितरण किया जायेगा। कृष्ण कुमार मुन्ना के अनुसार, यह पूजा 'जागृत पूजा' के रूप में प्रसिद्ध है, जहां मां भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं।

कोऑपरेटिव कॉलोनी मोड़ पर हम सब क्लब की ओर से पिछले 47 वर्षों से आयोजित काली पूजा समारोह इस बार भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। यहां का पूजा पंडाल भी श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित करते रहे हैं इस बार यहां जमुई के मां काली मंदिर की प्रतिकृति का पूजा पंडाल बनाया गया है। जिसकी सुंदरता देखते बन रही है। यहां मां काली के दर्शन के लिए, भक्तों की भीड़ यहां भी उमड़ रही है। 65 फीट ऊंचे और 45 फीट चौड़े इस पंडाल की सुंदरता देखते बन रही है। समिति के अध्यक्ष जयंत मंडल सचिव परमेश्वर शर्मा एवं सदस्य अजय कुमार तिवारी, विमलेश कुमार सिंह, सौरव कुमार, नवीन कुमार, संजय ठाकुर, राजेश कुमार सिंह, सुजीत, बबलू समेत अन्य सदस्य काली पूजा समारोह को आयोजन को सफल बनाने में पूरी सक्रियता से जुटे हुए हैं।

सेक्टर 2 स्थित श्यामा माई मंदिर में इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्ति से माता काली का पूजनोत्सव मनाया जा रहा है। मैथिली कला मंच काली (पूजा ट्रस्ट) के तत्वावधान में यहां वर्ष 1987 से मां काली पूजन उत्सव को धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार भी यहां भारी संख्या में श्रद्धालु माता काली के दर्शन को उमड़ रहे हैं।

झारखण्ड सरकार
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग,सैनिक कल्याण निदेशालय,
डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची के दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रण की सूचना

1.सैनिक कल्याण निदेशालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार, झारखण्ड राज्य के इच्छुक व्यक्तियों से डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह– सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची के निम्नलिखित दुकान / स्पेस के आवंटन के लिये आवेदन आमंत्रित करता है :–

क्रम संख्या	दुकान संख्या	दुकान का क्षेत्रफल
(क)	H-71	249.5 वर्गफीट
(ख)	Space "G" Block 1st Floor	541 वर्गफीट

2. निविदा/विहित आवेदन प्रपत्र (Prescribed Tender/Application Form) में अन्य आवश्यक शर्तों का विवरण दिया गया है जो कि इस कार्यालय से 1500/– रूपये (एक हजार पाँच सौ मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट (DD) के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। डिमांड ड्राफ्ट "Jawan Bhawan Fund, Sainik Kalyan Nideshalaya, Ranchi" के नाम से होगा। कोई भी कार्य दिवस में समय 10 बजे पूर्वाह्न से 05 बजे अपराह्न तक प्राप्त कर सकते है।
3. आवेदन प्रपत्र 14 नवम्बर 2025 पाँच बजे अपराह्न तक टेंडर बॉक्स में जमा करना है और लिफाफे के उपरी भाग में "दुकान संख्या .... हेतु आवेदन" अवश्य लिखा होना चाहिये। प्राप्त आवेदनों को अधिकारियों की एक समिति द्वारा 19 नवम्बर 2025 को 11:00 बजे खोला जायेगा। नियम एवं शर्तें झारखण्ड सरकार के वेबसाईट www.prdjharkhand.gov.in एवं डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन –सह– सैनिक बाजार, मेन रोड राँची के कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

निदेशक के आदेशानुसार
ह0/–
सहायक निदेशक
सैनिक कल्याण निदेशालय
डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान
भवन–सह– सैनिक बाजार,मेन रोड, राँची

स्थान : राँची
दिनांक : 17 अक्टूबर 2025

PR 364591 Home(25-26).D

सबसे बड़ा त्योहारी कारोबार : दीपावली त्योहार बिक्री 2025 पर रिसर्च रिपोर्ट

देश में हुई 6.05 लाख करोड़ की रिकॉर्ड बिक्री

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने अपनी रिसर्च शाखा 'कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी' द्वारा किये गये एक सर्वेक्षण के आधार पर देशभर के 60 प्रमुख वितरण केंद्रों, जिनमें सभी राज्यों की राजधानियां एवं टियर-2 और टियर-3 शहर शामिल हैं, पर आधारित 'विस्तृत दीपावली त्योहार बिक्री 2025' पर रिसर्च रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष दीपावली पर देशभर में कुल बिक्री 6.05 लाख करोड़ रुपये तक पहुंची है। इसमें 5.40 लाख करोड़ रुपये का वस्तु व्यापार और 65 हजार करोड़ रुपये का सेवा व्यापार शामिल है। ये अब तक का देश के व्यापार इतिहास का सबसे बड़ा त्योहारी कारोबार है।

दिल्ली के चांदनी चौक के सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि रिपोर्ट यह दर्शाती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीएसटी दरों में राहत और स्वदेशी अपनाने के 'मजबूत ब्रांड एंबेसडर' के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को अभूतपूर्व रूप से प्रेरित किया है। प्रधानमंत्री मोदी का 'वोकल फॉर लोकल' और 'स्वदेशी दीपावली' का आह्वान जनता के बीच गहराई से गूंजा। 87% उपभोक्ताओं ने भारतीय वस्तुओं को विदेशी वस्तुओं के मुकाबले प्राथमिकता दी, जिससे चीनी उत्पादों की मांग में तेज गिरावट दर्ज की गई। व्यापारियों ने बताया कि भारतीय निर्मित वस्तुओं की बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में 25% बढ़ी है।

खंडेलवाल के अनुसार, दीपावली 2025 के आंकड़े पिछले वर्ष (4.25 लाख करोड़) की तुलना में 25% की वृद्धि दर्शाते हैं। मुख्य रूप से गैर-कॉरपोरेट एवं पारंपरिक बाजारों ने कुल व्यापार में 85% योगदान दिया, जो भारतीय खुदरा बाजारों और छोटे व्यापारियों की शानदार वापसी को रेखांकित करता है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने बताया कि दीपावली की बिक्री में किराना एवं एफएमसीजी 12%, सोनाझ्रचाँदी 10%, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल्स 8%, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 7%, रेडीमेड परिधान 7%, गिफ्ट आइटम 7%, होम डेकोर 5%, फर्निशिंग एवं फर्नीचर 5%, मिठाई एवं नमकीन 5%, वस्त्र 4%, पूजन सामग्री 3%, फल एवं मेवे 3%, बेकरी एवं कन्फेक्शनरी 3%, फुटवियर 2%, तथा अन्य विविध वस्तुएं 19% शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि सेवा क्षेत्र में भी भारी वृद्धि दर्ज हुई और इसमें 65,000 करोड़ रुपये का व्यापार हुआ। पैकेजिंग, हॉस्पिटैलिटी, टैक्सी सेवाएं, ट्रैवल, इवेंट मैनेजमेंट, टेंट एवं सजावट, मैनपावर और डिलीवरी जैसे क्षेत्रों में भी अभूतपूर्व गतिविधि रही, जिससे त्योहारी अर्थव्यवस्था के दायरे का विस्तार हुआ।

खंडेलवाल ने कहा कि जीएसटी दरों का तर्कसंगठन, उपभोक्ता मांग को बढ़ावा देने में बेहद प्रभावी सिद्ध हुआ है। सर्वे में शामिल 72% व्यापारियों ने माना कि उनके अधिक बिक्री का सीधा कारण जीएसटी दरों में कटौती रही है। उपभोक्ताओं ने भी मूल्य स्थिरता से संतुष्टि व्यक्त की, जिससे त्योहारी खर्च में निरंतरता बनी रही। दोनों नेताओं ने कहा कि व्यापारी और उपभोक्ता भावना पिछले एक दशक के उच्चतम स्तर पर हैं। ट्रेडर कॉन्फिडेंस इंडेक्स (टीसीआइ): 8.6/10 तथा कंज्यूमर कॉन्फिडेंस इंडेक्स (सीसीआइ): 8.4/10 के स्तर पर है। उनका मानना है कि उपभोग में यह वृद्धि दीर्घकालिक रूप से स्थायी है, जो नियंत्रित मुद्रास्फीति, बढ़ती आय, और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास से प्रेरित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह उत्साहपूर्ण स्थिति सर्दियों, विवाह सीजन और जनवरी के मध्य से शुरू होने वाले अगले त्योहारी दौर तक जारी रहेगी।

रोजगार एवं आर्थिक प्रभाव पर बोलते हुए खंडेलवाल ने बताया कि गैर-कारपोरेट एवं गैर-कृषि क्षेत्र, जिसमें 9 करोड़ छोटे व्यापारी और लाखों विनिर्माण इकाइयां शामिल हैं। आज भी भारत की आर्थिक वृद्धि का प्रमुख इंजन हैं। दिवाली 2025 के व्यापार से 50 लाख अस्थायी रोजगार सृजित हुए हैं। ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों ने कुल व्यापार में 28% योगदान दिया, जो महानगरों से परे आर्थिक सशक्तिकरण का प्रमाण है।

दिवाली में किस सेक्टर से कितनी हुई बिक्री?

■ सेक्टर ■ बिक्री में हिस्सेदारी (%)

सेक्टर	बिक्री में हिस्सेदारी (%)
किराना-एफएमसीजी	12 %
सोना-चांदी	10 %
इलेक्ट्रॉनिक्स	8 %
कंज्यूमर ड्यूरेबल्स	7 %
रेडिमेड परिधान	7 %
गिफ्ट आइटम	7 %
होम डेकोर	5 %
फर्निशिंग-फर्नीचर	5 %
मिठाई-नमकीन	5 %
वस्त्र	4 %
पूजन सामग्री	3 %
फल-मेवे	3 %
बेकरी-कॉन्फेक्शनरी	3 %
फुटवियर	2 %
अन्य	19 %

जापान में पहली बार महिला प्रधानमंत्री बनी साने ताकाइची

- मजबूत सेना और संविधान में संशोधन की समर्थक हैं, मोदी और ट्रंप ने दी बधाई

एजेंसी

टोक्यो। जापान की साने ताकाइची मंगलवार को देश की प्रधानमंत्री चुनी गयीं। वह जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री हैं। ताकाइची को संसद के निचले सदन में हुए चुनाव में 149 के मुकाबले 237 वोटों से जीत मिली। निचले सदन के बाद उन्हें ऊपरी सदन में भी चुना गया, जहां पहले दौर में बहुमत से एक वोट कम रहने के बाद, दूसरे वोट में उन्हें 125-46 वोटों से जीत मिली। पीएम बनने के बाद नरेंद्र मोदी और ट्रंप जैसे वर्ल्ड लीडर्स ने ताकाइची को बधाई दी है।

ताकाइची एक कमजोर गठबंधन के साथ प्रधानमंत्री बनी हैं। वह दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की एक समर्थक हैं और एक मजबूत सेना, सख्त आव्रजन नीतियों और जापान के शांतिवादी संविधान में संशोधन की वकालत करती हैं। इस महीने की शुरुआत में, तकाइची को एलडीपी का नेता चुना गया था। ताकाइची ने 2021 और 2024 में भी पीएम बनने की कोशिश की थी लेकिन तब उन्हें उतने सांसदों का समर्थन नहीं मिल पाया था।

ताकाइची शिंजो आबे की करीबी, चीन विरोधी लीडर : ताकाइची पीएम शिगेरु इशिबा की जगह लेंगी। जुलाई में हुए ऊपरी सदन के चुनाव में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद पार्टी में इशिबा का विरोध बढ़ गया था। एलडीपी ने ताकाइची को ऐसे समय में चुना है जब देश में लोग महंगाई से नाराज हैं और विपक्षी पार्टियों का समर्थन करने लगे हैं। ताकाइची पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की करीबी मानी जाती हैं। शिंजो जापान में सबसे लंबे समय तक पीएम रहे थे। उन्हें चीन विरोधी नेता माना जाता है। ताकाइची देश में पुरुष राजा के शासन की समर्थक हैं, साथ ही रानी के पद संभालने और शासन करने के खिलाफ हैं।

ट्रंप के साथ ट्रेड डील की विरोधी : ताकाइची हाल ही में ट्रंप प्रशासन के साथ हुए ट्रेड डील के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि इस पर फिर से बातचीत की जानी चाहिए। जापान और अमेरिका के बीच अगस्त में डील हुई थी। इसमें जापान ने अमेरिका में 550 अरब डॉलर का निवेश करने का वादा किया था। ताकाइची समलैंगिक विवाह की विरोधी हैं। उनका मानना है कि इससे पारिवारिक मूल्य कम होते हैं। देश में पुरुष राजा के होने की समर्थक हैं और रानी के शासन के खिलाफ हैं। विदेशियों के जापान में आने के नियमों को सख्त करने की मांग कर चुकी हैं। उनका मानना है कि गैरकानूनी रूप से आने वाले लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। वैवाहिक जोड़े के नाम में अलग-अलग टाइटल रखने का विरोध करती हैं।

ट्रंप को जर्मनी की मानद नागरिकता देने का प्रस्ताव हमास की कैद से 8 जर्मन बंधक छुड़ाने का सम्मान

बर्लिन (एजेंसी)। जर्मनी की दक्षिणपंथी पार्टी आल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) ने अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प को जर्मन जिले बैड ड्यूरखाइम की मानद नागरिकता देने का प्रस्ताव रखा है। इस पर 29 अक्टूबर को फैसला होना है। एएफडी के लोकल नेता थॉमस स्टीफन ने कहा कि ट्रम्प ने इजराइल-गाजा विवाद खत्म करने के साथ इजराइली और 8 जर्मन बंधकों को छुड़ाने में मदद की, इसलिए उन्हें यह सम्मान मिलना चाहिए। इसके अलावा ट्रम्प के दादा फ्रेडरिक जर्मनी के रहने वाले थे और पेशे से नाई थे। ट्रंप का परिवार बैड ड्यूरखाइम के काल्स्टाट गांव से जाकर अमेरिका में बस गया था। एएफडी ने डिस्ट्रिक्ट काउंसिल के सामने यह प्रस्ताव रखा है। डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटर हेंस-उलरिच ने कहा कि मानद नागरिकता देने से पहले इसके नियमों पर अच्छे से चर्चा होनी चाहिए। उनका कहना है कि जर्मनी में मानद नागरिकता उन लोगों को दी जाती है, जिन्होंने कुछ खास काम किया हो, लेकिन ट्रंप को यह सम्मान देना विवादास्पद हो सकता है।

पीएम नरेंद्र मोदी का देशवासियों के नाम पत्र

प्रभु राम अन्याय से लड़ना सिखाते हैं, इसका उदाहरण 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान देखा

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली के अवसर पर देशवासियों के नाम एक पत्र लिखा। इस पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले तो देशवासियों को दिवाली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही एक नये आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने पत्र में भगवान श्रीराम को मर्यादा और अन्याय के खिलाफ लड़ाई का प्रतीक बताते हुए पत्र में कहा कि भगवान श्रीराम केवल एक धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि धर्म और न्याय के मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम हमें सिखाते हैं कि कैसे धर्म का पालन करें और अन्याय के खिलाफ डट कर खड़े हों। प्रधानमंत्री ने हाल ही में संपन्न ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें भारत ने धर्म की रक्षा की और अन्याय का प्रतिशोध लिया। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन भारत की ताकत, नैतिकता और संकल्प का प्रतीक है। आज का भारत न सिर्फ सही के साथ खड़ा होता है, बल्कि अन्याय का जवाब भी देता है। प्रधानमंत्री का यह पत्र नवरात्रि और विजयदशमी के मौके पर जारी किया गया, जिसमें उन्होंने देशवासियों को धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

पीएम मोदी ने लोगों से की ये खास अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली के अवसर पर देशवासियों को लिखे एक पत्र में कहा कि इस बार की दीपावली खास है, क्योंकि कई ऐसे जिलों में भी दीप जलाए जाएंगे, जहां पहले नक्सलवाद था लेकिन अब वहां शांति और विकास की रोशनी फैल रही है। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह समय नये संकल्पों का है और हर नागरिक का योगदान भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने पत्र में लोगों से अपील की कि वे स्वदेशी उत्पाद अपनाएं, स्वच्छता और स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें, भोजन में तेल और नमक की मात्रा 10% तक घटायें और योग को जीवन का हिस्सा बनायें।

नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म्स पर भी बोले पीएम मोदी

पीएम मोदी ने पत्र में आगे कहा कि इन ऐतिहासिक उपलब्धियों के बीते कुछ दिनों पहले देश में नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म्स की भी शुरुआत हुई है। नवरात्रि के पहले दिन जीएसटी की कम दरें लागू हुई हैं। जीएसटी बचत उत्सव में देशवासियों के हजारों करोड़ रुपये बच रहे हैं। उन्होने कहा कि अनेक संकटों से गुजर रहे विश्व में, हमारा भारत स्थिरता और संवेदनशीलता दोनों का प्रतीक बन कर उभरा है। आनेवाले कुछ समय में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनने वाले हैं। विकसित और आत्मनिर्भर भारत की इस यात्रा में एक नागरिक के तौर पर हमारा प्रमुख दायित्व है- हम देश के प्रति अपना कर्तव्य निभायें।

लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने किया नये ट्रांसफार्मर का लोकार्पण

राजधनवार (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने मंगलवार को धनवार प्रखंड के श्री रामडीह पंचायत के मनसाडीह गांव के गोविंदपुर चौक में एक सौ केवी ट्रांसफार्मर का लोकार्पण किया। लगभग 25 दिन पूर्व गांव का ट्रांसफार्मर जल गया था, जिस कारण स्थानीय लोग अंधेरे में थे। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही थी। ग्रामीणों ने अपनी समस्या की जानकारी श्री सिंह को दी, तो श्री सिंह ने विभाग के वरीय अधिकारियों से संपर्क कर तत्काल नया ट्रांसफार्मर दिलाया। बिजली बहाल हो जाने से ग्रमीणों ने खुशी जताते हुए श्री सिंह का आभर व्यक्त किया। मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने बच्चों और युवाओं को मन लगा कर पढ़ाई करने की बात कही। इसके बाद श्री सिंह घोडथंभा के अरखांगों नीचली टोला काली पूजा में मां की विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। लोकार्पण के मौके पर युवा नेता उपेंद्र सिंह, अशोक राय ,बिनोद शर्मा, प्रकाश दास, संजय पाण्डेय, मोतीलाल साव अभिषेक मिश्रा, सुनील साव, हीरामण साव, दीपक भदानी, शिवशंकर ठाकुर, हरी रजक तथा विसर्जन शोभा यात्रा में पूजा समिति अध्यक्ष प्रमानंद यादव, सचिव पंकज यादव आदि मौजूद थे।

AFFIDAVIT

As per Affidavit No. 12922, dated 11.10.2025. I, Indrawati Devi, wife of Suneshwar Singh, Resident of Vill.- Lakshmipur, Po.- Gulabjhari, Ps - Naudiha Bazar, Dist.- Palamu, (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:

That I am a permanent Resident of the above mentioned address. That I am known and recognized by both the names Indrawati Devi and Chandrawati Devi. That in my Bank Account No. 31333536792 and Identity Card No. CSN0692116, my name is recorded as Indrawati Devi, wife of Suneshwar Singh. That in my Aadhaar Card No. 8580 7035 8543, my name is mentioned as Chandrawati Devi. That for the purpose of correcting my name in the bank account, I hereby take an oath to have my name in the Aadhaar card changed from Chandrawati Devi to Indrawati Devi, wife of Suneshwar Singh. Henceforth, I shall be known and recognized by the name Indrawati Devi.





आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**